दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 10 | राजधानी

रायपुर, बुधवार, 5 मार्च 2025 शुक्ल पक्ष-षष्ठी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-14 अंक- 26 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

संवाद - 43095

आज बेबाक

नई दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने भाजपा पर फिर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि भाजपा सरकार ने नई दिल्ली विधानसभा का सत्र सिर्फ आम आदमी पार्टी को गाली देने के लिए बुलाया था। यदि कैग की रिपोर्ट पर चर्चा में आम आदमी पार्टी सरकार के काले कारनामे उजागर हुए तो इसमें गाली वाली क्या बात हुई? आतिशी यह भूल गई है कि जब उनकी सरकार थी तो अरविंद केजरीवाल सत्र के दौरान क्या करते थे? चौथी पास राजा की कहानी सुनाते थे। खुद को दिल्ली का मालिक बताते थे। जो बोया है वो काटो।



भारत फाइनल में

चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में 4 विकेट से रौंदा

■ भारत ने ऑस्ट्रेलिया से लिया बदला, विराट रहे जीत के हीरो

दुबई(ए.)। चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हरा दिया है। भारत लगातार तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा है।

विराट कोहली की शानदार पारी के दम पर भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। भारत ने इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया से 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया है। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए फाइनल में पहुंची है। यह लगातार तीसरी बार है जब भारत सीमित ओवर प्रारूप के आईसीसी टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में जगह बनाने में सफल रहा है। भारत ने इससे पहले 2023 वनडे विश्व कप, 2024 टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई थी और अब वह चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मैच में भी पहुंचने में सफल रहा है। इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था और 49.3 ओवर में 264 रन बनाए थे। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दुबई में दिखा किंग कोहली और पांड्या का दम, शान से फाइनल में पहुंचे हम-साय

भारत की शानदार आस्ट्रेलिया पर जीत पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, दुबई में दिखा किंग कोहली और पांड्या का दम, शान से फाइनल में पहुंचे हम। चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में कंगारुओं को 4 विकेट से पटखनी देने पर टीम इंडिया को बहुत-बहुत बधाई एवं फाइनल हेतु अग्रिम शुभकामनाएं।

चीन ने अमेरिका की 19 कंपनियों को अविश्वनीय सूची में डालेगा

बीजिंग (वार्ता)। चीन ने मंगलवार को टीकॉम लिमिटेड पार्टनरशिप सहित 10 अमेरिकी कंपनियों को देश की अविश्वसनीय इकाई सूची में जोड़ने और उनके खिलाफकदम उठाने का फैसला किया है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, मंगलवार से चीन इन कंपनियों को चीन से संबंधित आयात और निर्यात गतिविधियों में शामिल होने से रोकेगा और इन कंपनियों को देश के भीतर नए निवेश करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। चीन की ओर से जिन अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया गया है, उनमें टीकॉम लिमिटेड पार्टनरशिप, स्टिक रूडर एंटरप्राइजेज एलएलसी, टेलीडाइन ब्राउन इंजीनियरिंग, इंक, हंटिंगटन इंगॉल्स इंडस्ट्रीज इंक, एस 3 एयरोडिफेंस, क्यूबिक कॉर्पोरेशन, टेक्स्टऑर, एसीटी 1 फेडरल, एक्सोवेरा और प्लेनेट मैनेजमेंट ग्रुप शामिल हैं।

यूक्रेनी संसद ने ट्रम्प की शांति पहल का किया स्वागत

कीव (वार्ता)। यूक्रेनी संसद ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की शांति पहल का स्वागत किया है और विश्वास जताया है कि वह शत्रुता को समाप्त करने में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। यूक्रेनी संसद ने सोमवार को अपने संबोधन में कहा, यूक्रेन के लोग शांति चाहते हैं और मानते हैं कि ट्रम्प की भूमिका शत्रुता को समाप्त करने तथा शांति लाने में निर्णायक होगी। यूक्रेनी संसद ने शांति सुनिश्चित करने के लिए श्री ट्रम्प की पहल का स्वागत किया।

सभी सैन्य सहायता अस्थायी रूप से निलंबित की

वाशिंगटन (वार्ता) । अमेरिका ने यूक्रेन को दी जा रही सभी सैन्य सहायता अस्थायी रूप से निलंबित कर दी है और यह सहायता तब तक बहाल नहीं की जायेगी, जब तक कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को यह विश्वास नहीं हो जाता कि यूक्रेन शांति वार्ता के लिए 'प्रतिबद्धता' है। फॉक्स न्यूज ने व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी। इससे पहले, 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' अखबार ने सोमवार को बताया कि ट्रंप अमेरिकी अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और यूक्रेन के खिलाफकई उपायों पर विचार करेंगे तथा संभवतः उन्हें लागू करेंगे, जिसमें देश को सैन्य सहायता रोकना भी शामिल है। वाशिंगटन में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और श्री ट्रम्प के बीच शुक्रवार को ओवल ऑफिस में वार्ता पत्रकारों के सामने उनकी आपसी कहासुनी के बाद विफल हो गयी।

महतारी वंदन पर विपक्षी हंगामा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के छठवें दिन महतारी वंदन योजना को लेकर जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने हितग्राहियों की संख्या में गिरावट को लेकर सवाल खड़े किए। इस मुद्दे पर विपक्ष ने सरकार को घेरते हुए पेंशनधारी महिलाओं को योजना का लाभ न मिलने का आरोप भी लगाया। इस बीच मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के जवाब से असंतुष्ट विपक्षी सदस्यों ने विधानसभा से वॉकआउट कर दिया।

प्रश्नकाल के दौरान विधायक उमेश पटेल ने प्रदेश में महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पंजिकृत हितग्राही का मामला सदन में उठाया। उन्होंने पूछा कि क्या वर्तमान में हितग्राहियों की संख्या में कमी आई है? इस योजना में फर्जी नाम से लाभ लेने का मामला भी आया है? ये कहां-कहां संज्ञान में आया है? क्या इसके लिए सत्यापन का कोई नियम है?

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने इस पर जवाब देते हुए बताया कि प्रथम पंजीयन 20/2/2024 तक कुल 70,27,154 हितग्राही द्वारा किया गया था। पंजीकृत आवेदकों में 69,63,621 हितग्राही पात्र हैं। उन्होंने बताया कि हितग्राहियों में कमी आई है, लेकिन हितग्राही की मृत्यु होने लाभ त्याग करने और दो आवेदन के प्रकरण या अपात्र होने के कारण आई है। फर्जी नाम से लाभ प्रात होने का मामला बस्तर जिले से प्रात हुआ है। विधायक उमेश पटेल इस मामले में आगे पूछा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राशन कार्ड और धान खरीदी पर ठनी रार

विपक्ष ने सवालों से सरकार को घेरा, होगी निष्पक्ष जांचः खाद्य मंत्री बघेल

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन प्रश्नकाल में राशन कार्ड परिवर्तन और धान खरीदी में अनियमितता के मुद्दे गरमाए। भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में एपीएल से बीपीएल में बदले गए राशन कार्डों का मुद्दा उठाया। वहीं, कांग्रेस विधायक इंद्र साव ने धान खरीदी में अमानक बारदानों के इस्तेमाल पर सवाल खड़े किए। खाद्य मंत्री मंत्री दयालदास बघेल ने दोनों मामलों में निष्पक्ष जांच कराने की बात कही है। विधानसभा में भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने आरोप लगाया कि 57 बीपीएल कार्ड ऐसे लोगों को जारी कर दिए गए हैं, जो सक्षम हैं और उन्होंने कभी आवेदन भी नहीं दिया। उन्होंने अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए फर्जी कार्ड बनाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस पर खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने जवाब देते हुए कहा कि 2022 से 2025 तक किसी भी एपीएल कार्ड को बीपीएल में नहीं बदला गया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वित्तमंत्री अनुपस्थित, नाराज विपक्ष ने किया वॉकआउट

विधानसभा में मंगलवार को बजट पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी मौजूद नहीं थे। इस पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने नाराजगी जताई, जिसके बाद विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया। इस बीच वित्त मंत्री सदन में पहुंच गए। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि वित्त मंत्री के बजट पर चर्चा हो रही है, लेकिन खुद वित्त मंत्री सदन में मौजूद नहीं हैं। इस पर 'हम भाषण देना नहीं चाहते' कहकर विपक्षी सदस्य सदन से बाहर चले गए। इस पर आसंदी ने विधानसभा की कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित कर दी।

विधानसभा की संबंधित खबरें पेज 12 पर देखें

अपेक्षाओं से अधिक डिलीवरी वाला है यह बजट : मोदी

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अगले वित्त वर्ष के आम बजट को अपेक्षाओं से अधिक डिलीवरी वाला बताते हुए मंगलवार को कहा कि कई सेक्टर्स ऐसे हैं, जहां विशेषज्ञों ने भी जितनी अपेक्षाएं की थीं, उससे अधिक कदम सरकार ने उठाए हैं। मोदी ने मंगलवार को बजट के बाद की वेबिनार श्रृंखला की दूसरी कड़ी में लघु एवं मझौल उद्योग विनिर्माण निर्यात और परमाणु ऊर्जा मिशन जैसे विषयों पर चर्चा की। उन्होंने विनिर्माण और निर्यात पर इस बजट वेबिनार को हर दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण बताते हुए कहा ये बजट, हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट था। इस बजट की सबसे खास बात रही, अपेक्षाओं से अधिक डिलीवरी।

उन्होंने कहा कि आज दुनिया का हर देश, भारत के साथ अपनी आर्थिक भागीदारी को मजबूत करना चाहता है।

जन विश्वास विधेयक 2.0 पर काम जारी : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यहां कहा कि किसी भी देश के विकास के लिए स्थिर नीतियां और अच्छा कारोबारी माहौल बहुत जरूरी है और इसलिए अब जन विश्वास विधेयक 2.0 लाने की तैयारी है। मोदी ने मंगलवार को बजट के बाद की वेबिनार श्रृंखला की दूसरी कड़ी में लघु एवं मझौले उद्योग, विनिर्माण निर्यात और परमाणु ऊर्जा मिशन जैसे विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जन विश्वास अधिनियम का उद्देश्य अनुपालन बोझ को कम करना है।

सभी अधिकारी पारदर्शिता के साथ काम करें : ज्ञानेश कुमार

रायपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा आज नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के दो दिवसीय सम्मेलन के प्रथम दिवस निर्वाचन प्रक्रिया को सुगम और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की गई। इस सम्मेलन में 100 से अधिक वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं।

यह सम्मेलन मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कार्यभार ग्रहण करने के बाद पहला सम्मेलन है। सम्मेलन में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ संवाद किया।

पारदर्शिता और विधिक प्रावधानों के तहत कार्य करने पर बल: मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पारदर्शिता के साथ कार्य करें और सभी वैधानिक दायित्वों को ईमानदारी से निभाएँ।

मुख्यमंत्री गिरौदपुरी मेला में हुए शामिल

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गिरौदपुरी धाम में आयोजित गुरुदर्शन मेला के पहले दिन गुरु गद्दी का दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर मेला समिति की मांग पर गिरौदपुरी मेले की राशि 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख करने एवं श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु मेला परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार से मंदिर तक स्थायी शेड निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंदिर में दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को स्वयं प्रसाद ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सेक्स सीडी कांड : भूपेश सभी आरोपों से बरी, बाकी पर चलेगा मुकदमा

सीबीआई कोर्ट ने कहा- मुकदमा चलाने का कोई आधार नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के चर्चित सेक्स सीडी कांड केस में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। सीबीआई की विशेष कोर्ट ने सभी धाराएं हटाते हुए कहा कि, उनके खिलाफ मुकदमा चलाने का कोई आधार नहीं है। इसके बाद भूपेश ने X पर सत्यमेव जयते लिखा है।

दरअसल, मंगलवार को पूर्व सीएम भूपेश बघेल, विनोद वर्मा और कैलाश मुरारका रायपुर कोर्ट में पेश हुए। पिछली सुनवाई में सीबीआई ने अपना पक्ष रखा था। यह दूसरी बार है, जब सभी आरोपियों ने कोर्ट में हाजिरी दी। अगली सुनवाई 4 अप्रैल को होगी।

भूपेश बघेल के बचाव में जबलपुर हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष दत्त ने कोर्ट में दलीलें रखीं। अधिवक्ता मनीष दत्त ने कहा कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीबीआई ने इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस होने का दावा किया

पिछली सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वकील फैजल रिजवी ने बताया था कि कोर्ट में सीबीआई बनाम कैलाश मुरारका और अन्य के विरुद्ध जांच पर बहस थी। सीबीआई ने बहस पूरी कर ली है। अब अभियुक्त के वकील बहस करेंगे। लगभग सभी आरोपी कोर्ट में पेश हुए हैं। सीबीआई ने इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस होने का दावा किया है।

गरमा-गरम

विडंबना... महिला पंचों के लोकतांत्रिक तरीके से चयनित होने के बाद भी अपने अधिकारों से वंचित होना पड़ा

पंचायत सचिव ने निर्वाचित महिला पंचों की जगह पतियों को दिलाई शपथ

पंडरिया/ नवप्रदेश। कवर्धा जिले के ग्राम परसवारा में शपथ ग्रहण समारोह का एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। पंचायत सचिव की लापरवाही कहे या नवनिर्वाचित महिला पंचायत प्रतिनिधियों का दबाव। रविवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था। समारोह में नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों को शपथ दिलाई जानी थी, लेकिन सचिव की लापरवाही के कारण महिला पंचों को मंच पर बुलाया ही नहीं गया। उनकी जगह उनके पतियों को शपथ दिलाई गई। यह घटना महिला पंचों और उनके समर्थकों के लिए बेहद निराशाजनक और शर्मनाक रही। पंडरिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत परसवारा में सचिव की बड़ी लापरवाही सामने आई है, जहां नवनिर्वाचित सरपंच और पंच के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में 6 महिला पंचों के स्थान पर उनके पतियों को शपथ दिलाई गई? यह घटना महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक बड़ी चूक को दर्शाती है, क्योंकि जिन महिला पंचों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में चयनित किया गया था, वे अपने अधिकारों से वंचित रह गईं और उनके स्थान पर उनके पति शपथ ग्रहण करने के लिए उपस्थित थे। हालांकि महिला पंचों ने की इस घटना की निंदा की है। लेकिन अभी तक किसी शिकवा शिकायत की जानकारी नहीं आई है।

इस घटना से न केवल महिला सशक्तिकरण की दिशा में उलटफेर हो रहा है, बल्कि यह स्थानीय प्रशासन और पंचायत व्यवस्था की गंभीर अव्यवस्था को भी उजागर करता है। महिला पंचों का यह अधिकार था कि वे खुद शपथ लें और अपने पंचायत के विकास में सक्रिय भागीदार बनें, लेकिन उन्हें यह अवसर नहीं दिया गया। स्थानीय लोगों और महिला पंचायत प्रतिनिधियों ने इस घटना की कड़ी आलोचना की है। महिला पंचों का कहना है कि यह न केवल उनके अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि इससे समाज में महिला की भूमिका को भी कमजोर करने की कोशिश की गई है। इस प्रकार की घटनाएं लोकतंत्र की साख को ठेस पहुंचाती है और महिला सशक्तिकरण की दिशा में अड़चन डालती है।

क्या महिला पंचों को उनका हक मिलेगा?

स्थानीय प्रशासन ने इस मामले में जल्द ही उचित कार्रवाई की बात कही है, लेकिन अभी तक सचिव या अन्य जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अब सवाल यह उठ रहा कि इस लापरवाही को लेकर क्या कार्रवाई की जाएगी। क्या महिला पंचों को उनका हक मिलेगा? इस घटना ने यह भी साफ कर दिया है कि पंचायतों में महिला प्रतिनिधियों के अधिकारों की रक्षा के लिए सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि इस तरह की घटनाओं को भविष्य में रोका जा सके।

न्यूज गैलरी

जलाशय और शिवनाथ नदी से अवैध जल दोहन पर कार्रवाई, कई पंप जब्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। जल संसाधन विभाग ने शिवनाथ नदी और जलाशयों से अवैध रूप से पानी खींचने वालों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए कई पंप जब्त किए। कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग श्री चंद्रशेखर शिवहरे के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के तहत जल दोहन करने वालों को कड़ी चेतावनी भी दी गई है। शिवहरे ने समझाइश देते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में जलस्तर गिरने से कई क्षेत्रों में पेयजल संकट गहरा सकता है। उन्होंने किसानों और जल उपयोगकर्ताओं से अपील की कि वे रवि धान जैसी जल-गहन फसलों के बजाय कम पानी की फसलें उगाएं। इससे पीने और दैनिक जरूरतों के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। जल संसाधन विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि इस प्रकार की निगरानी आगे भी जारी रहेगी। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से सहयोग करने और जल संरक्षण में भागीदारी निभाने की अपील की है। अवैध जल दोहन पर सख्ती से रोक लगाने के लिए निगरानी दलों को सक्रिय किया गया है, ताकि जल संकट को टाला जा सके।

हरिहर शाला में संचालित हो रही बोर्ड परीक्षाएं

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। अंचल के प्रतिष्ठित पीएमश्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ठ विद्यालय को बोर्ड परीक्षा का परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जिसमें आज मंगलवार 4 मार्च को कक्षा बारहवीं अंग्रेजी विषय की बोर्ड परीक्षा संपन्न हुई। केन्द्राध्यक्ष फखरा खानम दानी ने बताया कि आज स्थानीय शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल के 174 परीक्षार्थियों में से 173 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी वहीं ज्ञानदीप उच्चतर माध्यमिक शाला के 20 एवं गैलेक्सी उच्चतर माध्यमिक शाला के 05 परीक्षार्थियों में से 04 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इस तरह कुल 199 परीक्षार्थियों में 02 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। श्रीमती दानी ने यह भी बताया कि आज कुल 06 कक्षों में बैठक व्यवस्था रखी गई थी। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रही है। परीक्षा हेतु बोर्ड के निर्देशानुसार प्रत्येक कक्ष में एक हरिहर स्कूल के एवं एक अन्य स्कूल के पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए थे। वहीं परीक्षा में छात्राएं भी बैठ रहीं हैं इसलिए प्रत्येक कक्ष में एक पुरूष एवं एक महिला पर्यवेक्षक की व्यवस्था की गई है।

भाजपा की राजे त्रिपाठी जनपद अध्यक्ष , लखन साहू ने जीता उपाध्यक्ष का चुनाव

खबर पर ही लगी मुहर, भाजपा की एकजूटता काम आई

खैरागढ़/नवप्रदेश। जनपद पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव मे खबर पर मुहर लग गई । गहमागहमी के बीच जनपद पंचायत सभाकक्ष मे हूए अध्यक्ष चुनाव मे चिचका क्षेत्र से जीतकर सदस्य बनी डा राजे शैलेन्द्र त्रिपाठी जीत दर्ज की । कांग्रेस ने अल्पमत के बाद भी अध्यक्ष चुनाव मे निर्मला वर्मा को अध्यक्ष का प्रत्याशी बनाया था । भाजपा के एकजुट सदस्य एकसाथ जनपद कार्यालय पहुँचे और अध्यक्ष प्रक्रिया मे शामिल हूए । अध्यक्ष के लिए हूए मतदान के बाद डा त्रिपाठी ने कांग्रेस की निर्मला को 8 के मुकाबले 17 मत पाकर अध्यक्ष का चुनाव जीता । इससे पहले भाजपा के सभी अज्ञातवास पर गए सदस्य निर्धारित समय पर शहर पहुंचे । अध्यक्ष पद की प्रक्रिया शुरू होने के बाद भाजपा की ओर से केवल अध्यक्ष प्रत्याशी डा राजे त्रिपाठी समर्थक और प्रस्तावक के साथ जनपद पहुँची और अपना नामांकन जमा किया । कांग्रेस के छह सदस्य भी एक साथ जनपद पहुंचे और निर्मला वर्मा ने अपना नामांकन प्रस्तुत किया । नामांकन प्रक्रिया , जांच के बाद मतदान कराया गया । जिसमे त्रिपाठी ने 17-8 से जीतकर जनपद अध्यक्ष बनी।डा राजे त्रिपाठी के अध्यक्ष बनने की खबर पहले ही प्रकाशित की गई थी । भाजपा ने भी अज्ञातवास के दौरान ही अध्यक्ष के अन्य दावेदार रहे दो प्रत्याशियों को बहुमत के आधार पर अपना फैसला सुना दिया था। जिसके बाद अन्य दावेदारो ने अपना नाम वापस ले लिया था । कांग्रेस की सेंधमारी के चलते भाजपा ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव मे बड़ी गंभीरता दिखाते पूर्व जिलाध्यक्ष घम्मन साहू को जनपद पंचायत का नेतृत्व सौंपा था । दस दिनो से अज्ञात वास पर चल रहे भाजपा सदस्यो की अगुवाई कर रहे घम्मन साहू ही सभी सदस्यो को जनपद पंचायत लेकर पहुँचे और अध्यक्ष का फैसला आने तक कार्यकर्ताओं के साथ जनपद के बाहर डटे रहे । कांग्रेस ने भी सेंधमारी का प्रयास किया और अध्यक्ष प्रत्याशी निर्मला वर्मा सहित अन्य सदस्यो को लेकर प्रभारी बनाए गए विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, भीखमछाजेड़ चंदन वर्मा जनपद पहुँचे । जीत की उम्मीद नही होने के बाद भी कांग्रेस ने जोर लगाने का प्रयास किया लेकिन सफल नही हो पाए ।

लखन साहू बने उपाध्यक्ष

अध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया खत्म होने के बाद जनपद उपाध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया पूरी कराई गई । इसके लिए दोपहर बाद नामांकन, जांच और मतदान कराया गया । उपाध्यक्ष पद के लिए दपका क्षेत्र से लगातार तीसरी बार जनपद सदस्य जीतने वाले भाजपा के लखन साहू ने कांग्रेस के भूखन बंजारे को 6 के मुकाबले 16 मतों से हरा कर परचम लहराया।

प्रदेश के बजट में जिले को मिली सडक़, सिंचाई और अटके भवनों की सौगात

फोरलेन,उच्च स्तरीय पुल,जलाशय जीर्णोद्धार के कार्य स्वीकृत

खैरागढ़/नवप्रदेश। राज्य सरकार के बजट मे खैरागढ़ जिले को भी सडक़, सिंचाई और अटके भवनों के निर्माण एवं मरम्मत की बड़ी सौगात मिली है । राजनांदगांव खैरागढ़ सडक़ में रोजाना हो रही दुर्घटनाओं को रोकने इसके चौड़ीकरण के कार्य को इस बार बजट मे शामिल किया गया है । सडक़ संकरा होने और पेड़ों की वजह से होने वाले हादसों में कमी आएगी। सांसद संतोष पांडे की अनुशंसा पर राज्य सरकार ने नवीन बजट में राजनांदगांव खैरागढ़ फोरलेन सडक़ निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है। सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने बताया कि राजनांदगांव खैरागढ़ 30.40 किमी सडक़ फोरलेन निर्माण के लिए कुल लागत 4 करोड़ के आंशिक 80 लाख का प्रावधान वर्तमान बजट में किया गया है। खैरागढ़ शहरी क्षेत्र के 3 किमी व गंडई शहरी क्षेत्र के 3 किमी में फोरलेन निर्माण के लिए कुल लागत 4 करोड़ के आंशिक 80 लाख का प्रावधान वर्तमान बजट में किया गया है। खैरागढ़ डोंगरगढ़ मार्ग के बीटी रिनिवल कार्य के 18 किमी के लिए कुल लागत 5 करोड़ 40 लाख के आंशिक 1 करोड़ 8 लाख का आंशिक प्रावधान किया गया है। खैरागढ़ लांजी मार्ग 7 किमी की मज़बूती करण के लिए कुल लागत 6 करोड़ 30 लाख के आंशिक 1 करोड़ 26 लाख का प्रावधान वर्तमान बजट में किया गया है। इसी तरह खैरागढ़ मुढ़ीपार ढारा मार्ग सडक़ चौड़ीकरण के 10 किमी के लिए कुल लागत 5 करोड़ में से 1 करोड़ का प्रावधान वर्तमान बजट में किया गया है। बेलगांव से मोहगांव 5 किमी सडक़ निर्माण के लिए 5 करोड़ में से 1 करोड़ ,कामठा हरदी सडक़ निर्माण के लिए 3 करोड़ में से 60 लाख प्रारंभिक प्रावधान किया गया है।

टिकरापारा पुल का निर्माण होगा : बाढ़ के दौरान शहर से कट जाने वाले टिकरापारा वार्ड के रहवासियों को भी राहत मिलने वाली है। सांसद पांडे की अनुशंसा पर राज्य शासन ने खैरागढ़ अकरजन मार्ग पर मोतीनाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण के कुल लागत 4 करोड़ 71 लाख 77 में से 94 लाख 35 हज़ार का प्रावधान वर्तमान बजट में प्रारम्भिक रूप से किया है।

पिपरिया जलाशय जीर्णोद्धार के लिए 20 लाख : जिले के पिपरिया जलाशय परियोजाना के अंतर्गत शीर्ष कार्य ,वेस्ट वियर का जीर्णोद्वार,उन्नयन एवं सुदृढ़ीकरण कार्य, पिपरिया कालोनी एवं पैलीमेटा स्थित आवासीय भवनों, कार्यालयों व छुईखदान तथा पिपरिया जलाशय में स्थित निरीक्षण कुटीर का जीर्णोद्वार कार्य की अनुमानित लागत 28 करोड़ है।

करोड़ों के पुल निर्माण की स्वीकृति

बघमर्रा से करमतरा मार्ग में उच्चस्तरीय पुल निर्माण के लिए कुल लागत 3 करोड़ 43 लाख में से 68.60 हज़ार,धनगांव गोदरी मार्ग पर आमनेर में उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए कुल लागत 5 करोड़ 57 लाख 55 हज़ार में से 1 करोड़ 11 लाख 51 हज़ार,मानपुर पहाड़ी से मोहगाँव में जंगलपुर नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए कुल लागत 4 करोड़ 20 लाख में से 84 लाख का प्रारंभिक प्रावधान किया गया है। दुर्ग जालबाँधा मार्ग के कुलही नदी पर पुल निर्माण के लिए 4 करोड़ 11 लाख 54 हज़ार कुल लागत में से 82 लाख 31 हज़ार का प्रारंभिक प्रावधान ,घिरघोली नाला पुल निर्माण 3 करोड़ 47 लाख 41 हज़ार में से 69 लाख 48 हज़ार ,सुरही नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण के कुल लागत 2 करोड़ 73 लाख में से 54 लाख 60 हज़ार व गंडई लिमो दुल्लापुर में कर्रानाला पर कुल लागत 2 करोड़ 52 लाख में से 50 लाख 40 हज़ार का प्रारंभिक प्रावधान उच्चस्तरीय पुल निर्माण के लिए लिया गया है।

साय सरकार का आम बजट: नई बोतल में पुरानी शराब, जनता को सिर्फ निराशा

हरमेश चावड़ा

गरियाबंद//नवप्रदेश। साय सरकार का दूसरा आम बजट पेश होते ही जनता और विशेषज्ञों की राय आना चालू हो गयी है वही कॉंग्रेस नेता हरमेश चावड़ा ने कहा कि बजट को लेकर जनता में निराशा का माहौल देखने को मिला। बजट का पूरा खाका यह संकेत दे रहा है कि सरकार एक बार फिर ऋण लेने की तैयारी में है, लेकिन जनता को राहत देने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

बजट में क्या है खास और क्या है गायब?

1. किसानों के लिए कोई नई योजना नहीं : कृषि क्षेत्र को इस बजट में पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया है। किसानों को राहत देने के लिए किसी भी तरह की ठोस योजना नहीं बनाई गई है।

2. बेरोजगारों के लिए कोई समाधान नहीं : युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों का अभाव है। कोई नई योजना नहीं लाई गई, जिससे बेरोजगारी की समस्या और गंभीर हो सकती है।

3. महंगाई से राहत के कोई संकेत नहीं : महंगाई कम करने को लेकर सरकार की गंभीरता इस बजट में कहीं नजर नहीं आई। जनता को राहत देने के लिए कोई नई पहल नहीं की गई है।

4. 500 रुपये में गैस सिलेंडर का वादा अधूरा : चुनाव पूर्व सरकार ने जो 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा किया था, उसके लिए इस बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

5. ऋण पर निर्भरता बढ़ेगी: बजट के आकार से स्पष्ट हो रहा है कि सरकार एक बार फिर ऋण लेने की योजना बना रही है, जिससे आने वाले समय में वित्तीय असंतुलन बढ़ सकता है।

गाँव, गरीब और किसान सरकार की प्राथमिकता से बाहर?

यह बजट ग्रामीण भारत, गरीब तबके और किसानों के लिए किसी भी प्रकार की राहत देने में असफल रहा है। सरकार का ध्यान विकास कार्यों से हटकर अन्य क्षेत्रों में अधिक केंद्रित दिख रहा है।

कलेक्टर ने की विकास कार्यों की समीक्षा अधिकारियों को दी गति लाने के सख्त निर्देश

लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर जोर, निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने समय-सीमा बैठक में जिले में चल रहे विकास कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंचायत एवं नगरीय निकायों के चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो चुके हैं, इसलिए अब सभी अधिकारी राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर ध्यान दें।

बैठक में उन्होंने निर्माणाधीन परियोजनाओं, अधोसंरचना विकास कार्यों और सिंचाई योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिन परियोजनाओं की मंजूरी मिल चुकी है, उनका कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए और जो पहले से शुरू हो चुके हैं, उनमें तेजी लाई जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी, अपर कलेक्टर मुकेश रावटे, नरेन्द्र पैकरा, विनय पोयाम सहित सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

सिंचाई परियोजनाओं और सड़क निर्माण,पीएम आवास कार्यों की समीक्षा : कलेक्टर वर्मा ने जिले में स्वीकृत सिंचाई परियोजनाओं के तहत भू-अर्जन मामलों की समीक्षा करते हुए राजस्व विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि इन प्रकरणों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बन रही सड़कों की भी समीक्षा की और निर्माण कार्यों में किसी भी तरह की देरी न होने देने के निर्देश दिए।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिले में निर्माणाधीन आवासों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी आवास लंबित न रहे और यदि किसी कारणवश कार्य रुका है, तो तुरंत समस्या का समाधान कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए। कलेक्टर ने अमृत सरोवर योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद सीईओ जल्द से जल्द स्थलों का चिन्हांकन कर प्रस्ताव तैयार करें। साथ ही, उन्होंने निर्माण के दौरान निकली मिट्टी और मुरम का उपयोग सड़क निर्माण, खेल मैदान और अन्य सार्वजनिक स्थलों के लिए करने को कहा।

विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता पर जोर : कलेक्टर गोपाल वर्मा ने प्रभारी मंत्री, विधायक निधि, सांसद निधि और अनुसंशा से स्वीकृत विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मिनी स्टेडियम, सीसी रोड, नाली निर्माण, मंच निर्माण और महतारी सदन जैसी घोषणाओं का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए।

नगर पंचायत भटगांव में भाजपा के प्रदीप देवांगन बने उपाध्यक्ष

अध्यक्ष तथा 15 पार्षदों ने नगर पंचायत भटगांव कार्यालय में लिया शपथ

भटगांव/नवप्रदेश। नगर भटगांव मे आज शपथ ग्रहण व उपाध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न हुआ। भटगांव नगर पंचायत के 15 पार्षद व अध्यक्ष ने शपथ ग्रहण किया जिसको बिलाईगढ़ एसडीएम वर्षा बंसल ने सबसे पहले अध्यक्ष विक्रम कुर्रे को शपथ दिलाया फिर सामुहिक रूप से सभी 15 पार्षदों को शपथ दिलाया गया। और आज ही उपाध्यक्ष पद का चुनाव भी सम्पन्न हुआ जिसके लिये नाम निर्देशन का समय 11 बजे से 12 बजे रखा गया, और नाम वापसी का समय 12 बजे से 1 बजे तक रखा गया था। जिसमे सिर्फ एक नाम उपाध्यक्ष के लिए प्रदीप देवांगन का आया। एक दावेदार होने से उसे निर्विरोध उपाध्यक्ष बनाया गया। और 1 बजकर 15 मिनट मे उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन को बनाया गया। शपथ ग्रहण व उपाध्यक्ष चुनाव मे भटगांव तहसीलदार निलिमा अग्रवाल व मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेश सिंह के साथ नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी के साथ भाजपा समर्थक शामिल रहे। नगर भटगांव मे भाजपा के 6 कांग्रेस के 5 व 4 निर्दलीय पार्षद है। उपाध्यक्ष चुनाव के बाद अध्यक्ष उपाध्यक्ष के साथ भाजपा पार्षदों ने नगर मे गाजे बाजे के साथ आभार रैली निकाली अब नगर मे अध्यक्ष भाजपा से और नगर उपाध्यक्ष भी भाजपा से बनाया गया है।

महानदी का सीना छलनी कर दुलना में पनडुब्बी से रेत का अवैध खनन

किसकी शह पर चल रहा अवैध रेत का काला कारोबार ?

नवापारा राजिम। छत्तीसगढ़ की जीवनदायिनी महानदी इन दिनों प्रशासनिक उदासीनता की भेंट चढ़ती जा रही है। रायपुर जिले के अभनपुर विकासखंड के अंतर्गत नवापारा क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम दुलना में 2 पनडुब्बी मशीन और चार चेन माउंटेन लगाकर बिना स्वीकृति दिन-रात बेतहाशा प्रशासन के नाक के नीचे रेत की चोरी हो रही हैं। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी रायपुर जिले के खनिज और प्रशासनिक अफसरों को नहीं है। सब जानकर भी अफसर कुभकर्णीय नींद में सोए हुए है। ऐसे में खनिज माफिया छत्तीसगढ़ की साय सरकार को करोड़ों के राजस्व का चूना हर माह लगा रहे है। क्षेत्र के रेत घाटों पर रेत माफिया इन दिनों महानदी का सीना छलनी कर रेत के काला कारोबार को अंजाम दे रहे है। रेत खनन करने वाले इन माफियाओं के द्वारा रायपुर के रास्ते गरियाबंद के हिस्से से भी रेत की चोरी बदस्तूर की जा रही है। नवापारा से लगे पारागांव, लखना, कोलियारी, दुलना, चन्द्रसूर, चंपारण, टीला, सेमरा सहित कई गांवों में अवैध खनन का खेल बेधड़क चल रहा है।

महानदी का अस्तित्व खतरे में : यही नहीं ये माफिया महानदी के अंदर मिट्टी और मुरूम डालकर रैंप बना कर उपयोग कर रहे है, जहां से ओवरलोड हाइवा दिन रात निकलती रहती है। मुरुम से महानदी लगातार अपना अस्तित्व खोते नजर आ रही है। नदी के अंदर रोड बना देने से नदी का बहाव पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है।

पनडुब्बी नुमा मशीन से पानी के अंदर से निकाल रहे रेत : आपको बता दें कि अभनपुर विकासखण्ड के ग्राम दुलना से गुजरने वाले महानदी में रेत के अवैध कारोबारी पनडुब्बी नुमा मशीन लगाकर पानी के अंदर से रेत निकालने का अवैध काम कर रहे हैं। जानकारों की माने तो पनडुब्बी नुमा मशीन पानी के अंदर से रेत को बाहर फेंकता है जिसके बाद चैन माउंटिंग मशीन के माध्यम से रेत को वाहनों को भरा जाता है और परिवहन किया जाता है। जब हमारी टीम ग्राउंड रिपोर्ट के लिए पहुंची तो कुछ ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा विरोध के बाद भी माफियाओं द्वारा रेत का अवैध खनन लगातार किया जा रहा है। रेत खनन करने वाले रायपुर जिले के नवापारा क्षेत्र से लगे गांव दुलना के रास्ते प्रवेश कर अपने स्वीकृत स्थल धमतरी जिले के चन्द्रसूर घाट को छोड़कर दुलना के हिस्से से भी रेत का अंधाधुंध खनन कर रहे हैं।

ठोस कार्रवाई के अभाव में रेत माफियाओं के हौसले बुलंद : ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी शासन प्रशासन को नहीं। इसकी शिकायत कई बार अधिकरियों से की गई है। लेकिन खानापूर्ति करने कुछ चुनिंदा घाटों पर रायपुर खनिज विभाग की उड़नदस्ता टीम द्वारा जब्ती की कार्रवाई करती है।

नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर 8 को लेंगी शपथ

कुरुद/नवप्रदेश। नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर 8 मार्च को अपने 6 नवनिर्वाचित पार्षदों के साथ शपथ ग्रहण कर अपनी दूसरी पारी का आगाज करेंगी। इससे पहले रविवार को विधायक अजय चन्द्राकर से मिल नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने उनसे आशीर्वाद लिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर अपने भाजपा पार्षद महेन्द्र गायकवाड़, मिथलेश बैस, सितेश सिन्हा, रवि मानिकपुरी, कविता चन्द्राकर, राजकुमारी ध्रुव को लेकर राजधानी में स्थित पूर्व मंत्री बंगला पहुंची। जहां विधायक अजय चन्द्राकर को 8 मार्च को अपने शपथग्रहण में बतौर चीफ गेस्ट शामिल होने का आमंत्रण सौंपा। इस मुलाकात में पीआईसी गठन से लेकर परिषद की भावी कार्ययोजना को लेकर भी मंत्रणा हुई। जनसेवक की बातों से प्रसन्न ज्योति ने कहा कि हमारे पास अजय चन्द्राकर जैसा ब्रम्हास्त्र है तो किस बात की चिंता। पार्षद से लेकर पार्लियामेंट तक हमारे लोग बैठे हैं, ऐसे में हमें काम करने में कोई परेशानी नहीं होगी।विधायक जी का मार्गदर्शन लेकर नगर को फिर से संवारने का काम किया जाएगा। युवा पीढ़ी को नशे के दलदल से निकालने का काम प्राथमिकता से किया जाएगा। नगर विकास के लिए विपक्ष से सहयोग लेकर काम किया जाएगा।

केशव प्रभात शाखा ने मनाया संघ का शताब्दी वर्ष

कुरुद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कुरूद के केशव प्रभात शाखा द्वारा संघ का शताब्दी वर्ष मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद प्रतिनिधि व पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विकास चंद्राकर व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग प्रमुख राजिम घनश्याम साहू जी केशव प्रभात शाखा के प्रमुख केशव चंद्राकर जी की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित विकास चंद्राकर ने कहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 27 सितंबर 1925 को परम केशव हेडगेवार जी द्वारा संघ का प्रारंभ किया गया नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमि को चरितार्थ करते हुए संघ के एक-एक कार्यकर्ता देश सर्वोपरि की भावना को लेकर कार्य करते हैं आज भारतवर्ष में चार लोगों द्वारा शुरू की गई संघ भारत ही नहीं पूरे विश्व में 10 करोड़ से ऊपर स्वयंसेवकों के साथ आज विश्व की सबसे बड़ी संस्था है चाहे 1962 का युद्ध हो या आपातकाल संघ के कार्यकर्ता हमेशा देश सेवा को सर्वोपरि रखकर कार्य किए हैं आपातकाल के समय जेपी आंदोलन से जुड़ने वाले लाखों कार्यकर्ताओं को यातनाएं भी झेलनी पड़ी जिसमें मेरे दादाजी स्वर्गीय लालजी चंद्राकर जी भी आपातकाल में जेल में बंदी थे उन्होंने आपातकाल की त्रासदी बहुत करीब से देखी संघ एक वट वृक्ष की तरह है जिसके हजारों शाखाएं हैं जो संघ के लिए कार्य करती है चाहे वह सहकार भारती हो विश्व हिंदू परिषद हो बजरंग दल हो चाहे भारतीय जनता पार्टी हो ऐसी बहुत सी शाखाएं संघ के लिए काम करती है आज भारत के सर्वोच्च शिखर पर देश का प्रधानमंत्री भी संघ का कार्यकरता है भारतीय जनता पार्टी आज देश में सत्तासीन है देश सेवा करने के लिए जो भाव है वह संघ का एक-एक कार्यकर्ता देश सेवा को सर्वोपरि रखकर करता है हर किसी को संघ से जुड़ना चाहिए

मुख्य वक्ता के रूप मे संघ के सह विभाग प्रमुख श्री घनश्याम साहू ने संघ की पृष्ठभूमि पर अपने विचार प्रकट किए कार्यक्रम में संघ के स्वयंसेवक जिला प्रमुख धनेश्वर निर्मलकर जी जिला समन्वयक सामाजिक समरसता शशांक जितेंद्र चंद्राकर नेमीचंद बैस साहू खिलेंद्र चंद्राकर जी दक्षिणेंद्र गिरी गोस्वामी देवनाथ सोनी सी एल विश्वकर्मासर वेदनाथ चंद्राकर वह स्वयंसेवक एवं मातृ शक्तियों ने अपनी उपस्थिति दी।

डिविजन आफिस में हुआ विद्युत लाईनमेनों का सम्मान

भाटापारा/नवप्रदेश।केन्द्रीय विधुत प्रधिकरण द्वारा निर्बाध बिजली आपूर्ति में महत्वपुर्ण भुमिका निभाने वाले लाईनमेन के लिए मंगलवार को लाईनमेन दिवस भाटापारा संभागीय कार्यालय मे मनाया गया। जिसमे भाटापारा संभाग में कार्यरत सभी लाईन कर्मचारियो को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले 19 लाईनमेन को प्रमाण पत्र/उपहार एवं सुरक्षा उपकरण (हेलमेट, बेल्ट एवं कटिंग प्लायर) प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लाईन कर्मचारियो को सुरक्षा उपकरणो के साथ लाईन के कार्य करने की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम के दौरान विधुत सुरक्षा एवं सतर्कता पर कंपनी द्वारा जारी विडियो-क्लीप भी सभी लाईनमेनो को दिखाया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लाइनमेनो को भाटापारा संभाग के कार्यपालन अभियंता व्ही के राठिया, सहायक अभियंता सचिन्द्र सोनी एवं उपसंभाग भाटापारा के सहायक अभियंता अवेलसन खेस्स द्वारा लाईन के सुरक्षित कार्य करने हेतु जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम का संचालन अनुभाग अधिकारी संजय बिहारी अग्रवाल द्वारा किया गया।

किसानों एवं युवाओं के हित में ऐतिहासिक बजट : मोहन वल्यानी

रायपुर/नवप्रदेश। मोदी सरकार के इस ऐतिहासिक बजट में आम आदमी को इनकम टैक्स में बड़ी राहत मिली है। यह

बजट सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, विशेष रूप से किसानों और युवाओं के लिए। अन्नदाता किसानों के लिए मखाना बोर्ड का गठन, क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख, दालों की पैदावार बढ़ाने पर विशेष फोकस, और स्टार्टअप व उद्योगों के लिए 10,000 करोड़ रुपये की स्वीकृति युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करेगी।

अनुशासनहीनता के आरोप में पंकज तिवारी कांग्रेस से 6 वर्षों के लिए निष्कासित

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही/नवप्रदेश जिला कांग्रेस कमेटी, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (छत्तीसगढ़) ने कड़ा निर्णय लेते हुए कांग्रेस नेता पंकज तिवारी को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है।

यह फैसला छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी श्री हरजीत छाबड़ा की अनुशंसा पर लिया गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम वासुदेव द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह निष्कासन तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

नगर पालिका चुनाव में हार के बाद से नाराज थे पंकज तिवारी :गौरतलब है कि हाल ही में हुए नगर पालिका चुनाव में पंकज तिवारी कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी के रूप में पेण्ड्रा नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव लड़े थे, लेकिन उन्हें निर्दलीय प्रत्याशी राकेश जालान के हाथों लगभग 200 वोटों से हार का सामना करना पड़ा।

इसके बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम वासुदेव ने निर्दलीय प्रत्याशी राकेश जालान की कांग्रेस में वापसी करा दी, जिससे पंकज तिवारी नाराज हो गए। अपनी हार और राकेश जालान की वापसी से असंतुष्ट पंकज तिवारी लगातार जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं राकेश जालान के खिलाफ बयानबाजी कर रहे थे।

अनर्गल बयानबाजी के चलते कार्रवाई :सूत्रों के अनुसार, पंकज तिवारी द्वारा की जा रही लगातार अनुशासनहीनता एवं अनर्गल बयानबाजी के चलते जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम वासुदेव ने संगठन के प्रमुख नेताओं से चर्चा कर यह कार्रवाई की।

इस आदेश की प्रति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री दीपक बैज को भी भेजी गई है। हालांकि, आदेश में निष्कासन के स्पष्ट कारणों का उल्लेख नहीं किया गया है, लेकिन इसे संगठनात्मक अनुशासन के तहत लिया गया सख्त फैसला माना जा रहा है।

होली से पहले 6 मार्च को 'जीवंत हर्बल गुलाल का सजीव प्रदर्शन और प्रशिक्षण'

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर। रंगों के

त्योहार होली के अवसर पर पर्यावरण और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रकृति की ओर सोसाइटी द्वारा हर्बल गुलाल बनाने की सरल विधि पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में डॉ. नारायण साहू, अधिष्ठाता एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक, महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय ,दुर्ग, मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे।

प्रकृति की और सोसायटी के अध्यक्ष मोहन वल्यानी एवं सचिव निर्भय धाडीवाल का कहना है होली उत्साह के साथ खेले, मगर सावधानी पूर्वक,बदलते जमाने के साथ होली पर रंगों ने भी रंग बदल लिया है। प्राकृतिक रंग अब कम ही उपलब्ध होते हैं कृत्रिम रंगों में रासायनिक तत्व की मिलावट होती जा रही है यह गुलाल रंग हमारी त्वचा आंखों में घाव के साथ ही रोशनी तक कम कर सकती है।

कार्यक्रम का विवरण

दिनांकः 06 मार्च 2025, गुरुवार
समयः दोपहर 3:30 से 6 बजे
स्थानः वृंदावन हॉल, आईडीबीआई बैंक के पीछे, सिविल लाइन, रायपुर



सुविचार

जीवन में दो ही सच्चे दोस्त होते हैं। पहला आईना और दूसरी परछाई। आईना कभी झूठ नहीं बोलता और परछाई कभी साथ नहीं छोड़ती। - अज्ञात

महिला सशक्तिकरण पर फोकस

छत्तीसगढ़ की विष्णु देव सरकार का दूसरा बजट बेहद संतुलित है। गांव, गरीब और किसान की सुध लेने के साथ ही धान के कटोरे को लबालब भरने के साथ ही छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास का मार्ग प्रशस्त करने के लिए भी कारगर प्रयास किए गए हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए भी बजट बढ़ाया गया है। अपने 14 माह के कार्यकाल में साथ सरकार ने जन कल्याण कारी योजनाओं को सफलता पूर्वक क्रियान्वित किया है और विकास का लाभ जन-जन तक पहुंचाया है जिसका सुपरिणाम यह निकला है कि आज छत्तीसगढ़ में प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से अधिक हो गई है और जीडीपी ग्रोथ दर 7.5 प्रतिशत हो गई है जो देश में सर्वाधिक है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश बजट में महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को महिलाओं का अभूतपूर्व समर्थन मिला था। जिसकी मुख्य वजह महतारी वंदन योजना की घोषणा थी। जिसे अमलीजामा पहनाते हुए पिछले बजट में तीन हजार करोड़ का प्रावधान किया गया था जिसे इस बजट में बढ़ाकर 5500 करोड़ अर्थात लगभग दोगुना कर दिया गया है। इसी तरह महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए आठ लाख लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कामकाजी महिलाओं के लिए सात नये वर्किंग होम तथा लड़कियों के लिए 12 नये नर्सिंग कालेज खोलने की घोषणा सहित महिलाओं के हित में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। जो स्वागत योग्य है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ राज्य का जो 25वां बजट पेश किया है उसकी सबसे खास बात यह है कि यह पूरा बजट उन्होंने खुद अपने हाथों से लिखा है। अब तक कम्प्यूटर टाइपड बजट ही पेश किये जाते रहे हैं लेकिन इस बार हाथों से लिखा बजट पेश किया गया है जो अनूठा प्रयोग है। एक लाख पैसठ हजार करोड़ के इस बजट में महिला सशक्तिकरण को तो प्राथमिकता दी गई है अन्य सभी वर्गों का भी ध्यान रखा गया है। प्रदेश में लंबित पड़ी सिंचाई योजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए अटल सिंचाई योजना का प्रावधान किया गया है जिसके लिए पांच हजार करोड़ रूपये आबंटित किये गये है। इससे निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ में कृषि को नई दिशा मिलेगी। कृषि के साथ ही छत्तीसगढ़ में औद्योगिक विकास को भी नई दिशा देने के लिए नई औद्योगिक नीति के तहत प्रदेश में पूंजि निवेश बढ़ाने का प्रावधान किया गया है ताकि उद्योगों में युवाओं को रोजगार भी मिल सके। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना लागू करने का भी संकल्प दोहराया गया है जो सराहनीय निर्णय है। महंगाई के इस दौर में आम लोगो को राहत देने के लिए पेट्रोल पर से वैट घटाया गया है जिससे अगब पेट्रोल एक रूपये सस्ता हो गया है। इसी तरह छत्तीसगढ़ सरकार के कर्मचारियों को भी डीए बढ़ाकर सौगात दी गई है कुल मिलाकर विष्णुदेव सरकार का यह दूसरा बजट प्रदेश में समावेशी विकास को गति देने वाला बजट बनेगा और प्रदेश के विकास को गति मिलेगी ऐसी उम्मीद की जा सकती है।

नई दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की खरी-खरी

नई दिल्ली विधानसभा के पहले सत्र में आम आदमी पार्टी के विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष आतिशी के नेतृत्व में जो हंगामा खड़ा किया था उससे नाराज होकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नेता प्रतिपक्ष आतिशी को खरी-खरी सुना दी। उन्होंने तो यहां तक कह दिया कि हमें आपकी चिंता है। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आप को आगे करके पता नहीं कहां छुप गये हैं और हमें इस बात की फिर्क है कि कहीं आपके साथ भी स्वाति मालीवाल जैसी घटना न हो जाये। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के इस बयान के बाद नेता प्रतिपक्ष आतिशी सहित आम आदमी पार्टी के विधायकों को माने सांप सूंघ गया। गौरतलब है कि नई दिल्ली विधानसभा के इस सत्र में कैग की रिपोर्ट पर चर्चा की गई थी जिसमें पूर्ववर्ती अरविंद केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार के मामलों का खुलासा हुआ है। कैग की रिपोर्ट पर चर्चा करने की जगह आम आदमी पार्टी के विधायकों ने विधानसभा में हंगामा खड़ा करना शुरू कर दिया था। यहां तक की उपराज्यपाल के अभिभाषण के दौरान भी विपक्षी विधायकों ने हंगामा किया और उनके अभिभाषण व्यवधान डाला। इससे नाराज होकर विधानसभा अध्यक्ष नेता प्रतिपक्ष आतिशी सहित सदन में मौजूद सभी 21 विधायकों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया था। उस दिन आम आदमी पार्टी के विधायक आमानतुल्ला खान सदन में मौजूद नहीं थे इसलिए वे निलंबन की कार्यवाही से बच गये थे और दो दिनों तक अकेले उन्होंने ही सदन की कार्यवाही में भाग लिया था। सत्र के अंतिम दिन आम आदमी पार्टी के विधायकों का निलंबन वापस ले लिया गया था लेकिन सदन में आते ही आम आदमी पार्टी के विधायकों ने फिर हंगामा करना शुरू कर दिया। जिन्हें रोकने के लिए विधानसभा अध्यक्ष बार बार अनुरोध करते रहे इस बीच विधानसभा उपाध्यक्ष इतने उत्तेजित हो गये कि उन्होंने यहां तक कह दिया कि जिस दिन वे आसंदी पर बैठेंगे और विपक्षी विधायक इस तरह का तमाशा करेंगे तो वे उन्हें सदन से बाहर करा देंगे। इस तल्खी के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने संबोधन के दौरान विपक्ष को आड़े हाथों लिया और उनके व्यवहार की निंदा करते हुए नेता प्रतिपक्ष आतिशी की क्लास लगा डाली। किन्तु इससे आम आदमी पार्टी के विधायक कोई सबक लेंगे इसकी उम्मीद कम ही है।

प्रेरक प्रसंग

एक गाँव में एक प्रसिद्ध संत का आगमन हुआ। उसी गाँव में चार मूर्ख मित्र भी निवास करते थे। संत का स्वागत-सत्कार देख, उन्हें बड़ी उत्सुकता हुई, पूछा तो पता चला कि संत ने मौन रहकर गहन तपस्या की है और बहुत सी सिद्धियों के स्वामी भी हैं। बस, फिर क्या था, मूर्खा ने सोचा कि सम्मान प्राप्त करने का सबसे सुगम उपाय यही है। चारों ने एक दीया लिया और जंगल में एक अँधेरी गुफा ढूँढ़कर उसमें जा बैठे। निर्णय किया कि मौन रहेंगे तो देखा-देखी सिद्धियाँ हमारे पास दौड़ी चली आएँगी, फिर सम्मान मिलने में क्या देरी है। थोड़ा वक्त ही गुजरा था कि दीये की लौ लपलपाने लगी। उनमें से एक बोला- "अरे कोई दीये में तेल तो डालो।" दूसरा तुरंत बोला - "बेवकूफ ! बातें थोड़ी करनी थीं।" तीसरा कहने लगा- "तुम दोनों मंदबुद्धि हो। मेरी तरह चुप नहीं बैठ सकते ?" चौथा भी कहाँ शांत रहने वाला था, वह बोला-"सबके सब बोल रहे हो, सिर्फ मैं हूँ कि चुप बैठा हूँ।" मूढ़ ऐसे ही अनर्थ के प्रपंचों में समय गँवाते हैं; जबकि बुद्धिमान विवेक का उपयोग कर, जीवन को समर्थ व सुदृढ़ बनाते हैं।

कल्पना पांडेय

अपने साक्षात्कारों में, उन्होंने अक्सर उन अपराधबोध और आत्म-संदेह के अनुभवों को साझा किया, जिनका सामना उन्होंने अपने यौन जागरण के शुरुआती वर्षों में किया था। नारीवादी हलकों में भी डॉडसन की कार्यशालाएँ कभी-कभी विवाद का विषय बनीं। जब उन्होंने 1970 के दशक की शुरुआत में बॉडीसेक्स कार्यशालाएँ आयोजित करनी शुरू कीं, तो नारीवादी संगठनों ने भी उसपर टिप्पणियाँ कीं। आलोचकों ने प्रश्न उठाए कि क्या सार्वजनिक रूप से हस्तमैथुन प्रदर्शित करना और कामुक आनंद पर खुली चर्चा करना नारीवादी राजनीतिक विचारधारा के अनुरूप हो सकता है। इस पर प्रतिक्रियाएँ मिश्रित रहीं–कुछ ने उन्हें मुक्ति की प्रतीक माना, जबकि अन्य ने उनके कार्य को सतही या सभ्य समाज के लिए बहुत अधिक क्रांतिकारी करार दिया।

हालाँकि डॉडसन नारीवाद के साथ खड़ी थीं, लेकिन यौन आनंद और वाइब्रेटर पर आधारित उनकी कार्यशालाएँ उस नारीवादी धड़े से टकराती रहीं जो पोर्नोग्राफी और खुले यौन चित्रण को शोषणकारी मानता था।

महिलाओं के लिए सुख की परिभाषा बदलने वाली महिला

1929 में अमेरिका के विचिटा में जन्मी बेट्टी डॉडसन (पीएच.डी.) ऐसे दौर में बड़ी हुईं जब खुले रूप से यौन विषयों पर चर्चा करना लगभग वर्जित था। एक रूढ़िवादी परिवार में पली-बढ़ी बेट्टी ने जल्द ही समझ लिया कि इच्छा और आत्म-संतोष से जुड़े प्रश्नों का उत्तर या तो चुप्पी से दिया जाता है या फिर डांट-फटकार से। कंसास के विचिटा में स्थित एक छोटे और पारंपरिक शहर में उनका बचपन बीता, जहाँ उन्होंने बचपन से ही चित्रांकन और पेंटिंग के प्रति गहरी रुचि विकसित कर ली। 18 वर्ष की उम्र तक पहुँचते-पहुँचते वह फैशन इलस्ट्रेटर के रूप में अपने परिवार की आमदनी में योगदान देने लगी थीं।

1950 में न्यूयॉर्क जाने के बाद, डॉडसन ने आर्ट स्टूडेंट्स लीग ऑफ न्यूयॉर्क में प्रसिद्ध चित्रकार फ्रैंक जे. राइली के मार्गदर्शन में अध्ययन किया और फिगर ड्राइंग में अपने कौशल को निखारा। न्यूयॉर्क में उनके शुरुआती वर्ष कला संबंधी प्रयासों से भरे रहे–उन्होंने दीर्घाओं में कामुक कला का प्रदर्शन किया और एक चित्रकार के रूप में अपनी प्रतिभा को संवारा। हालाँकि उनकी कामुक कला को मुख्यधारा में अधिक स्थान नहीं मिला, लेकिन उन्होंने पारंपरिक तकनीकों को साहसिक रूप से महिला यौन अभिव्यक्ति के चित्रण के साथ जोड़ा। जैसे-जैसे वह शहर के रचनात्मक और वैकल्पिक सांस्कृतिक वातावरण में गहरी उतरती गईं, उन्होंने महिलाओं पर थोपे गए कठोर सामाजिक मानकों पर भी सवाल उठाने शुरू कर दिए। उनकी प्रदर्शित कलाकृतियाँ मानवीय शरीर का निर्भीक उत्सव थीं, ऐसे समय में जब इस तरह की चित्रकारी को प्रायः सेंसर कर दिया जाता था। आगे चलकर उनकी कलात्मक दृष्टि और यौन शिक्षा का संगम हुआ, जहाँ उन्होंने रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से महिला शरीर संरचना और यौनता को समझने और उसे सहज रूप से स्वीकारने का प्रयास किया। उन्होंने एक विज्ञापन कार्यकारी से विवाह किया, लेकिन यौन असंगति के कारण यह रिश्ता तलाक में समाप्त हुआ। 20वीं सदी के मध्य के अमेरिका में, विशेष रूप से महिलाओं के लिए, तलाक समाज में एक बड़ा कलंक माना जाता था। कामुक विषयों पर केंद्रित एक कलाकार के रूप में डॉडसन का करियर 1960-70 के दशक के पुरुष-प्रधान कला जगत से टकराव में रहा, जहाँ उनकी कला को गंभीरता से नहीं लिया गया और इसे अश्लीलता की श्रेणी में रखा गया। इसके अलावा, उनका प्रतिनिधानात्मक (रियलिस्टिक) चित्रण उस दौर के अमूर्त (एब्स्ट्रैक्ट) कला प्रवृत्तियों से मेल नहीं खाता था, जिससे उनकी पहचान सीमित हो गई। जब उनका कला करियर अस्थिर होने लगा, तो उन्होंने स्वतंत्र रूप से अंतर्वस्त्र इलस्ट्रेटर के रूप में काम किया। यह काम उन्हें रचनात्मक रूप से संतोषजनक नहीं लगा, लेकिन जीविका चलाने के लिए आवश्यक था। अंतर्वस्त्र विज्ञापनों के अलावा, उन्होंने बच्चों की किताबों के लिए चित्र बनाए और 1960 के दशक में एस्क्वायर और प्लेबॉय जैसी पत्रिकाओं के लिए भी काम किया।

हालाँकि, बाद में उन्होंने प्लेबॉय की आलोचना की, यह कहते हुए कि पत्रिका महिलाओं को पुरुषों की नजर से वस्तु के रूप में प्रस्तुत करती थी। 1960 के दशक के मध्य में तलाक के बाद, उन्होंने "यौन आत्म-खोज" की यात्रा शुरू

की–एक ऐसा प्रयास जिससे वह उन सुखों को समझने और पुनः पाने की कोशिश कर रही थीं जिन्हें लंबे समय तक नकारा या दबाया गया था। उनकी यात्रा एक पारंपरिक, यौन-विहीन विवाह से लेकर आत्म-खोज के लिए समर्पित जीवन तक फैली हुई थी–जो उनकी कहानी का कम चर्चित, लेकिन बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा है। व्यक्तिगत रूप से यौन दमन और सामाजिक आलोचना का सामना करने के अनुभव ने उनके अंदर यौन स्वतंत्रता के प्रति आजीवन समर्पण की भावना पैदा की, जो आगे चलकर उनके जीवन का केंद्रीय उद्देश्य बन गया।

बेट्टी डॉडसन के व्यक्तिगत संघर्षों ने अंततः उन्हें बॉडीसेक्स नामक कार्यशालाओं की श्रृंखला बनाने के लिए प्रेरित किया–जिसने महिलाओं की यौनता को देखने और अनुभव करने के तरीके को नए सिरे से परिभाषित किया। इन कार्यशालाओं में डॉडसन ने कहानी कहने की तकनीक का उपयोग करके महिलाओं को यौन शर्म से मुक्त होने में मदद की। ये सत्र महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और गैर-आलोचनात्मक स्थान प्रदान करते थे, जहाँ वे अपने शरीर को सहजता से खोज सकती थीं और किसी अपराधबोध के बिना चरमसुख को अपना सकती थीं। डॉडसन के इस नवाचार में भगशेफ (क्लिटोरल) उत्तेजना, एक हिटाची मैजिक वैंड (वाइब्रेटर), योनि प्रवेश के लिए एक विशिष्ट धातु का रेस्टिंग डिल्डो, सचेत श्वास (कांशस ब्रीदिंग), और श्रोणि (पेल्विक) गति को शामिल किया गया–जो आत्म-संतोष को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किए गए थे। वैज्ञानिक शोधों ने उनकी इस विधि को मान्यता दी है, जिसमें पाया गया कि पहले कभी चरमसुख (ओर्गैज़्म) न प्राप्त कर पाने वाली 93% महिलाओं ने उनकी तकनीक को अपनाकर इस सुख को प्राप्त किया। महिलाओं को अपने शरीर को समझने और प्रेम करने की शिक्षा देकर, डॉडसन ने उन्हें उन सामाजिक ताकतों का विरोध करने के लिए सशक्त किया जो महिला यौनता को नियंत्रित करने की कोशिश करती हैं।

अनेक महिलाओं को ये बचपन से सिखाया जाता था, कि स्वयं को छूना ये छिपाने योग्य या यहाँ तक कि निंदनीय कार्य है। डॉडसन ने महसूस किया कि यह आत्मसात की गई शर्म यौन स्वतंत्रता की सबसे बड़ी बाधाओं में से एक थी। अपने अतीत का सामना करके और अपनी इच्छाओं को पूर्ण रूप से अपनाकर, उन्होंने अनगिनत महिलाओं के लिए एक उदाहरण स्थापित किया। उनकी कार्यशालाएँ केवल तकनीकों को सीखने तक सीमित नहीं थीं; वे एक पूरी उम्र के आत्म-दमन को तोड़ने और गरिमा एवं स्वायत्तता को पुनः प्राप्त करने की प्रक्रिया थीं। आत्म-संतोष से जुड़े भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक लाभों पर उनकी खुली बातचीत उन महिलाओं के साथ गहराई से जुड़ी, जो पारंपरिक यौन शिक्षा से स्वयं को लंबे समय से उपेक्षित और अलग-थलग महसूस कर रही थीं। डॉडसन का मानना था कि हस्तमैथुन कोई एकांत में किया जाने वाला और शर्मनाक कार्य नहीं है, बल्कि यह आत्म-देखभाल (सेल्फकेयर) का एक स्वाभाविक और सशक्त रूप है। अपनी शिक्षाओं के माध्यम से, उन्होंने महिलाओं को यह समझाने का प्रयास किया कि उनके शरीर केवल बाहरी नियंत्रण का साधन नहीं हैं, बल्कि आनंद और शक्ति के स्रोत हैं। एक ऐसे समाज में जहाँ महिला यौनता को कठोर नियमों से बाँधा गया था और अपराधबोध से ढका गया था, डॉडसन की हस्तमैथुन, चरमसुख और आत्म-प्रेम पर खुली चर्चाएँ क्रांतिकारी और खतरनाक मानी गईं। चर्च के ईसाई और पितृसत्तात्मक मूल्यों में डूबे अमेरिका कि मुख्यधारा में लंबे समय तक यही माना गया था कि सेक्स केवल विवाह के भीतर और संतानोत्पत्ति के उद्देश्य से ही होना चाहिए। इस संकीर्ण दायरे से बाहर जाने वाली किसी भी चीज़ को संदेह की दृष्टि से देखा जाता था। सामाजिक मान्यताओं और पितृसत्तात्मक संस्थानों से संघर्ष के अलावा, डॉडसन की यात्रा एक व्यक्तिगत लड़ाई भी थी–उस शर्म के खिलाफ जिसे सांस्कृतिक दमन ने महिलाओं के भीतर गहराई तक जड़ें जमाने दी थीं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1851 में 5 मार्च के दिन ही भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की स्थापना की गई थी। 1918 में आज ही के दिन सोवियत संघ ने पेट्रोग्राड को हटाकर मॉस्को को रूस की राजधानी बनाया था। 1931 में 5 मार्च के दिन ही महात्मा गांधी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन खत्म किया था। 1949 में आज ही के दिन भारत में झारखंड पार्टी की स्थापना हुई थी। 1962 में 5 मार्च को ही कनाडा में आयकर नियमों में बदलाव किया गया था। 1968 में आज ही के दिन मार्टिन लूथर किंग की हत्या की गई थी। 1982 में 5 मार्च के दिन ही रूसी उपग्रह वेनेरा 14 बुध की कक्षा में पहुंचा था। 1990 में आज ही के दिन सरकार ने 1984 के भोपाल गैस त्रासदी के पांच लाख पीड़ितों के लिए INR 360 करोड़ की अंतरिम राहत की घोषणा की थी। 1997 में 5 मार्च के दिन ही उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच 25 साल में पहली बार शांति वार्ता हुई थी। 2002 में आज ही के दिन राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन संपन्न हुआ था। 2008 में 5 मार्च के दिन ही भारत ने समुद्र से जमीन पर हमला करने वाली 'ब्रह्मोस' मिसाइल का सफल परीक्षण किया।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

वक्त का कुछ

वक्त का कुछ उधार रहता है दर्द मुझ पर सवार रहता है जो चलाया निगाह से तूने तीर वो आर पार रहता है जिंदगी में शुमार क्यों मेरी क्यों तिरा इंतजार रहता है छू गया जिस्म इस तरह मेरा रात दिन इक खुमार रहता है चूम कर माँ के पांव जो निकला अर्श तक वो मेयार रहता है सोचता चाँद भी गगन से अब कौन धरती प यार रहता है वो पलट आयगा कभी मुझ तक वंदना ऐतबार रहता है।

– **वंदना मोदी गोयल**

छह महीने

छह महीने में इक ट्रेनिंग सरकार की बहुत जरूरी है। चुनाव में जो खबर छपी अख़बार की अभी अधूरी है।। आधे दाम में पूरा काम और अपना वेतन बेलगाम। दैनिक वेतनभोगी संविदा का परिवार क्या अघोरी है।

– **राम कुमार शर्मा**

ख़ास पाती

लहज़ा तेरा, मेरे लहज़े की

लहज़ा तेरा, मेरे लहज़े की नकल ज़रा सा लगता है, तेरा दुख भी, मेरे दुख का जुड़वां सा ही दिखता है। आईना जब भी देखा मैंने, सीधा तो उल्टा दिखता है, कहते हैं सब ये तू ही है ,मुझे बदला सा दिखता है। जल रहा था शहर जो कल तक, ठंडी हवाएँ चलती है , मरहम खुले ज़ख्मों पर ये, रह रह पीर सी जगती है । इसकी कही, उसकी यादें, ताने कच्चे, चुभती बातें, सुन-समझ कर यूँ बरस-गरज, मौसम रंग बदलता है । छिड़क-छिड़क कर इत्र सी बूंदें, बरखा बरस भी थमती है , फाग गुलाल, गुलाबी रंग और टेसू ग़ज़ल सी बनती है । पंखुरी होंठों से फिसल के, गीत फाग उमड़ता है, तेरा दुख भी, मेरे दुख सा जुड़वां-जुड़वां लगता है। – **मेनका त्रिपाठी**

आज मीरा मूक हो कर देखती है,

आज मीरा मूक हो कर देखती है, कृष्ण की राधा बधिर सी हो गई है, प्रेम कोपल प्रीत की मुरझा गई है, आधुनिकता में मलिन सी हो गई है अब नहीं वो स्वच्छ निर्मल से हृदय हैं, प्रीत पुस्तक के विषय सी हो गई है, प्रेम परिभाषित हुआ है छल कपट से, जिह्वा के मिथ्या कथन सी हो गई है स्वार्थ तक हैं प्रेम के गंतव्य सारे, ये प्रपंचों में मगन सी हो गई है, आज आकर्षण हुआ देह तक बस, प्रेम यात्रा अब कठिन सी हो गई है। – **कुलदीप मिश्रा**

नज़र भर देख लूँ तुमको तो'

नज़र भर देख लूँ तुमको तो' दिल को चैन आ जाए ये' सुंदर चाँद सा मुखड़ा मे'रे इस दिल को' भा जाए बहुत ही खूबसूरत हो बनो इस दिल की' तुम मल्लिका सुनो पावन मिलन की शुभ घड़ी ये बीत ना जाए। – **संजय कुमार गिरि**

ऐसा नहीं है कि हमें अपनों की

ऐसा नहीं है कि हमें अपनों की ज़रूरत नहीं होती,बल्कि मुश्किल वक़्त में अपने ही ज़्यादा याद आते हैं और विषाद इस बात से बढ़ जाता है कि ऐन वक़्त पर अपने पराए हो जाते हैं और विश्वास की नींव डगमगा जाती है। पर ये भी सच्चाई है कि यदि अपनों का साथ मिल जाता है तो मुश्किल काम भी आसान हो जाता है। – **डॉ.मधुबाला मौर्या**

मंजुल मंजुल है वदन,कोमल कोमल

मंजुल मंजुल है वदन,कोमल कोमल गात, ताम्र वर्ण पल्लव खिले,नव बसन्त सौगात।। मन मेरे बसन्त खिला, तन फगुनिया रंग नशा प्रीत का यूँ चढ़ा,चढ़े शिवालय भंग।। आया फागुन प्रीत का, राधा सा मन होय, तन झूमे मधु मालती,संग जो कान्हा होय।। फागुन लाली अधर चख,पिउ ने चूमा गाल, गोरी फिसली बाँह में,आँगन हुआ बवाल।। प्रीतम ने पहना दिया, जब बाँहो का हार, फागुन सा तब मन हुआ,तन बासँती बहार। प्रेम सदा रहता अमर, पावन प्रीत पवित्र, राधा बिना अपूर्ण है, कान्हा तेरा चित्र।। फागुण-फागुण मन भयो,अंग बसंती रूप , दाड़िम ज्यों मुसकान है,नैना खिलती धूप।। छलकी गागर नेह की, कान्हा तेरे द्वार भीगे खंजन नैन के, राधा रही पुकार।। आओगे घनश्याम जब,लूगीं तुमको मोल, तेरी बंसी की शपथ, उर के बदले तोल।। – **किरण मिश्रा**

युद्धरत मनुष्य शांति की तलाश

युद्धरत मनुष्य शांति की तलाश में हर जगह जाता है अपना शीश नवाता है खोजता है तारों, ग्रहों में जंगलों, पहाड़ों और नदियों में दूर-दूर जाकर पत्थरों के ढेर में किसी को वह मिला क्या युद्ध की योजना और दिशा ही सही नहीं चुन सका मनुष्य भटक रहा है आज भी ठगों की परंपरा में शरणागत कहाँ करनी होगी युद्ध संधि हर कोई जानना चाहता है तुम ही दुश्मन, तुम ही योद्धा बैठो भीतर कर लो संधि – **केदारनाथ शब्द मसीहा**

QUIZ TIME

1) भारत में पहली बार नोटबंदी कब हुई?

2) शिमला को ग्रीष्मकालीन राजधानी कब घोषित किया गया?

3) रामोसी विद्रोह कहां पर हुआ था?

4) गेलेफूस्मार्ट सिटी परियोजना कहां के राजा द्वारा घोषित एक महत्वपूर्ण पहल है?

5) विजनरी लीडर आइकन अवार्ड 2023 से किसे सम्मानित किया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 1946 (2) 1864 (3) पश्चिम महाराष्ट्र (4) भूटान (5) श्रीनिवास नाइक

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

ऊपर से नीचे

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादर 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 344 का हल

खा	म	खां			ई			
स	ह		ब	र	सा	त		प
	क	हा	नी		न	क	च	ढ़ा
त			स्व			ली		ई
क	या	म	त		क	फ	न	
दी		दां		बा	बू		ह	वा
र	ह	ना		ल	त	खो	र	
	बा		नौ	क	र			सा
भा	ई		का			बा	द	ल

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष राशिः आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपके व्यापार में लाभ के योग हैं। साथ में साइड बिजनेस कर सकते हैं, जिससे लाभ होने की संभावना बनेगी।

वृष राशिः आज आपका दिन भाग्यशाली रहेगा। कार्यक्षेत्र में आने वाली समस्याओं का समाधान मिलेगा। नौकरी में मनपसंद जगह ट्रांसफर हो सकता है। आज आपके व्यापार में ग्रोथ की संभावना है।

मिथुन राशिः आज आपका दिन सुखद रहने वाला है। आपके लिए जमीन या मकान खरीदने के संयोग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में आप मनचाहा लाभ प्राप्त करेंगे। आज आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।

कर्क राशिः आज का दिन आपको सफलता दिलाने वाला होगा। नई नौकरी मिलने की संभावना है। उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों को मनचाहे परिणाम मिलने की उम्मीद है। वैवाहिक जीवन में खुशियां आएंगी, कहीं डिनर पर जाएंगे।

सिंह राशिः आज आपका दिन बेहतर रहेगा। सरकारी जॉब कर रहे लोगों को प्रमोशन के चांसेस हैं। अच्छे पद पर कहीं ट्रांसफर के योग बने हुए हैं।

कन्या राशिः आपके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आज कार्यक्षेत्र में आपके अनुकूल माहौल बना रहेगा। उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाने की प्रतीक्षा कर रहे छात्रों को उचित अवसर मिलेंगे। आप अपनी टीम के अच्छे लीडर के रूप में उभर कर सामने आएंगे। आपके किसी स्टार्टअप की योजना सफल रहेगी। आप अपने परिवार के साथ समय बिताएंगे।

तुला राशिः आज आपका दिन लाभदाई रहेगा। आज कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपको किसी पैतृक संपत्ति का लाभ मिलेगा। आज आपके नए-नए लोगों से संपर्क जुड़ेंगे, जिससे आपके करियर में लाभ होगा।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आपकी आय के साधनों में वृद्धि होगी। आपके रुके हुए कार्यों की गति बढ़ेगी। सोची हुई योजनाओं में सफलता मिलने के संकेत है। आप अपने भाई बहनों के साथ किसी दर्शनीय स्थल पर जा सकते हैं।

धनु राशिः आपके लिए बदलाव लाने वाला दिन है। आपके कार्यों की कार्यस्थल पर सराहना होगी। आज आप किसी से भी उलझने बचे। आप अपने माता-पिता के साथ किसी आध्यात्मिक यात्रा पर जा सकते हैं।

मकर राशिः आज आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका व्यक्तित्व लोगों को प्रभावित करेगा। सिनेमा जगत से जुड़े लोगों को अपने क्षेत्र में प्रसिद्धि मिलने के योग बने हुए है। कार्यस्थल पर आपका उत्साह बढ़ेगा।

कुंभ राशिः आपके लिए आज का दिन शुभ फलदाई साबित होगा। बिजनेस में नये काम के अवसर प्राप्त होंगे। यात्राओं से लाभ मिलने के संकेत है। आज आपको नौकरी बदलने का प्रस्ताव मिल सकता है। शोध करने वाले जो जातक विदेश जाकर काम करना चाहते हैं, उनको उचित अवसर मिलेंगे।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं।

दुर्ग जनपद अध्यक्ष बनी कुलेश्वरी देवांगन, क्रास वोटिंग से उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा की हार

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जनपद पंचायत में आज कांटे के मुकाबले में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर भाजपा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। बीजेपी ने कुलेश्वरी देवांगन को अधिकृत प्रत्याशी बनाया जबकि कांग्रेस पार्टी व निर्दलीय जनपद सदस्यों के समर्थन से संतोषी कृष्णा देशमुख ने नामांकन दाखिल किया। नाम वापसी प्रक्रिया समाप्त होने के बाद मतदान हुआ, जिसमें कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी संतोषी कृष्णा देशमुख को 11 वोट मिले। बीजेपी समर्थित उम्मीदवार कुलेश्वरी देवांगन को 13 वोट मिले।

इस तरह नगपुरा ढाबा से जनपद सदस्य चुनी गई कुलेश्वरी देवांगन ने दो वोट से चुनाव जीत लिया। उपाध्यक्ष पद के लिये कांग्रेस ने राकेश हिरवानी को प्रत्याशी बनाया जबकि भाजपा से अजीत चंद्राकर को प्रत्याशी बनाया गया। चुनाव में राकेश हिरवानी को 12 और अजीत चंद्राकर को 11 वोट मिले । एक वोट खारिज हो गया। भाजपा के पाले से दो वोट क्रास होने के कारण उपाध्यक्ष का पद कांग्रेस को मिल गया। जनपद पंचायत में कुल 24 सदस्य हैं। चुनाव में बीजेपी की जीत से उत्साहित पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की।

धमधा में जनपद पंचायत अध्यक्ष पद पर लीमन साहू और उपाध्यक्ष पद पर प्रीति देवांगन ने जीत दर्ज की।

जिला भाजपा कार्यालय में जश्न

दुर्ग में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराया। आज जनपद अध्यक्षों के निर्वाचन में दुर्ग, पाटन, धमधा में भाजपा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। जिला भाजपा कार्यालय में जश्न मनाया गया जिसमें मुख्य रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विधायक ललित चंद्राकर, जिला मंत्री आशीष निमजे, दीपक चोपड़ा, कार्यालय मंत्री व जनपद पंचायत पर्यवेक्षक मनोज सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता कांतिलाल बोथरा, नवनिर्वाचित जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन उपस्थित रहे। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि पंच से लेकर पार्लियामेंट तक चुनावी जीत के सपने को पूरा करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दिन-रात एक कर दिया और अपनी मेहनत से पार्टी को ऐतिहासिक जीत दिलाई।

पाटन जनपद अध्यक्ष चुनाव में कीर्ति की शानदार जीत

नवप्रदेश संवाददाता

पाटन। जनपद पंचायत के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव एकतरफा ढंग से जीत लिया। जनपद पंचायत के चुनाव में भाजपा के सदस्यों को सांसद विजय बघेल, निवर्तमान जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, चुनाव पर्यवेक्षक राजेंद्र पाध्ये, जिला भाजपा उपाध्यक्ष दिलीप साहू, सह पर्यवेक्षक अनुपम साहू ने मार्गदर्शन दिया।

अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया के दौरान भाजपा पर्यवेक्षक राजेन्द्र पाध्ये ने भाजपा के सभी जनपद सदस्यों और पाटन क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं से सामूहिक विचार विमर्श किया। इसके बाद जनपद सदस्यों और वरिष्ठ नेताओं से वन टू वन चर्चा कर रायशुमारी की। चर्चा के बाद कीर्ति नायक को भाजपा का अधिकृत प्रत्याशी घोषित करते हुए भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के लिए व्हिप जारी किया गया। सभी जनपद सदस्य सामूहिक रुप से जनपद कार्यालय पंहुचे और भाजपा की अधिकृत अध्यक्ष प्रत्याशी के लिए मतदान किया। अध्यक्ष पद के चुनाव में कीर्ति नायक ने 25 में से 18 वोट हासिल करते हुए शानदार जीत दर्ज की। जनपद उपाध्यक्ष पद के लिये कमलेश वर्मा का नाम भाजपा के अधिकृत उम्मीदवार के रूप में घोषित किया गया। उपाध्यक्ष पद के चुनाव में भी भाजपा को 18 वोट मिले। कमलेश वर्मा ने चुनाव में एकतरफा जीत दर्ज की। जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुनाव के दौरान भाजपा नेता मेहत्तर वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश भाले, अनूप सोनी, प्रमोद वाघ, प्रमोद नेमा, राजेश राजपूत, रानी बंछोर, ज्योतिप्रकाश साहू सक्रिय रहे।

न्यूज गैलरी

आरक्षक की कबाड़ी से सांठगांठ एसपी ने सस्पेंड किया

दुर्ग। क्राइम यूनिट में पदस्थ आरक्षक रिंकू सोनी को ललित कबाड़ी और उसके बेटे से सांठगांठ कर पुलिस की रेड की सूचना देने के मामले में सस्पेंड कर दिया गया है। एसपी ने यह कार्रवाई की है। एसपी को शिकायत मिली थी कि आरक्षक कबाड़ी को रेड की सूचना दे देता है। जांच में शिकायत की पुष्टि होने पर यह कार्रवाई की गई। ललित साहू उर्फ ललित कबाड़ी और उसका बेटा प्रेम साहू जिले में कबाड़ का अवैध कारोबार करते हैं। उनके गोडाउन में ट्रक और अन्य गाडियां भी काटी जाती हैं। इसकी पुष्टि कई बार पुलिस की रेड से हो चुकी है। ललित और प्रेम साहू इन मामलों में जेल भी जा चुके हैं। पिछले महीने एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर ने छावनी सीएसपी और उस सर्किल के टीआई और उनकी टीम के साथ भिलाई के इंडस्ट्रियल एरिया में प्रेम साहू के गोडाउन में छापा मारा था। वहां पुलिस को बड़े पैमाने पर गाडियों के कटे हुए पार्ट्स मिले थे। जब उन गाडियों की एनओसी और बिक्रीनामा मांगा गया तो प्रेम साहू नहीं दे पाया। इसके बाद पुलिस ने सारा माल जब्त किया और प्रेम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जांच के दौरान पता चला कि प्रेम को पुलिस की रेड की जानकारी मिल चुकी थी। वो काफी मात्रा में कबाड़ गोदाम से निकाल चुका था।

सरपंच के भतीजे की दुकान में अज्ञात लोगों ने लगाई आग

दुर्ग। पुलगांव थाना इलाके के जेवरा सिरसा चौकी के अंतर्गत सरपंच के भतीजे की दुकान में आग लगा दी गई। शपथ-ग्रहण के बाद अज्ञात लोगों ने सरपंच के भतीजे की दुकान में आग लगा दी। जिससे काफी नुकसान हुआ है। इस घटना के सीसीटीवी फुटेज से मिली जानकारी के आधार पर आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। जेवरा सिरसा चौकी प्रभारी पुरुषोत्तम कुर्रे ने बताया कि जेवरा निवासी दुकानदार देवशरण नागवंशी की दुकान पूरी तरह जल गई है। देवशरण ने बताया कि उसके चाचा धनेष नागवंशी सरपंच का चुनाव जीते। धनेश ने सरपंच पद की शपथ ली। इसी दिन देर रात कुछ लोगों ने पेट्रोल डालकर देवशरण की दुकान को आग लगा दी।

64 लाख टैक्स वसूलने 16 बड़े बकायेदारों को नोटिस

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। टैक्स जमा करने में आनाकानी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। रिसाली नगर निगम आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर संपत्तिकर विभाग प्रभारी ने राशि जमा करने 15 दिनों की मोहलत दी है।

राशि जमा न करने पर कुर्की कार्रवाई करने नोटिस जारी की जाएगी। आयुक्त के निर्देश पर जारी नोटिस में 16 बड़े बकायादारों के नाम शामिल हैं, जिन्होंने कई साल से टैक्स जमा नहीं किया है।

निगम के राजस्व निरीक्षक रवि श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान में धारा 174 के तहत नोटिस जारी कर अंतिम चेतावनी दी गई है।

15 दिनों के भीतर कुल 64 लाख 92 हजार 925 रुपए नगर निगम में जमा करने कहा गया है। संपत्तिकर सहित अन्य करों की वसूली के लिए कुर्की आदेश निकालने की प्रक्रिया की जाएगी।

इन बड़े बकायादारों को जारी की गई नोटिस

सेंट थामस सीनियर स्कूल आजाद मार्केट रिसाली कुल बकाया टैक्स 19,16, 474 रुपए, डॉ. बी. आर अम्बेडकर स्टेशन मरोदा 9,62,235 रु, आजाद हायर सेकेण्डरी स्कूल स्टेशन मरोदा 6,57,264 रु, रामशंकर वर्मा मेन रोड स्टेशन मरोदा 2,36,056 रु, बालकृष्ण आशीष नगर रिसाली 1,83,011 रु, विजय यादव स्टेशन मरोदा 1,34,708 रु, सरस्वती सोनवानी मैत्री कुंज 1,08,910 रु, मोती लाल ब्रदर्स स्टेशन मरोदा 1,00,568, जगन्नाथ यादव पटरीपार रिसाली 4,07,524 रु, निधि चंद्राकर तालपुरी (लोटस) 3,72,681 रु, सतीश दास वैष्णव मैत्रीकुंज 3,35,986 रु, मोतीराम बघेल हिंद नगर 1,84,118 रु, शकील अहमद शक्ति विहार रिसाली 1,31,350 रु, भारत चंद्राकर प्रगति नगर रिसाली 1,17,481 रु, सुशील कुमार देशमुख वीआईपी नगर 102445 रु, आर्यव्रत अकादमी रूआबांधा 5,42,114 रुपए।

महापौर, आयुक्त ने सफाई व्यवस्था सुधारने पार्षदों से मांगे सुझाव

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में निगम परिसर में मोतीलाल सभागार में पार्षदों और अधिकारियों की बैठक बुलाई गई जिसमें नगर निगम की सफाई व्यवस्था सुधारने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में शहर की स्वच्छता व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करते हुए सुधार के लिए आवश्यक चर्चा की गई। वार्ड पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं और व्यवस्था सुधारने के लिये जरूरी सुझावों की जानकारी दी। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि स्वच्छता शहरवासियों के लिए महत्वपूर्ण है। इसके लिए सक्रिय रहने की जरूरत है। स्वच्छता सिर्फ नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं है, इसमें आम नागरिकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने नागरिकों से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करने की अपील की।

निगम का स्वास्थ्य विभाग पार्षदों के साथ जनजागरूकता अभियान शुरू करेगा ताकि स्वच्छता के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा। महापौर ने स्वच्छता से संबंधित सभी कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए।

टैक्स वसूलने अवकाश के दिन भी खुलेगा निगम

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर निगम प्रशासन ने 31 मार्च के पहले सभी नागरिकों से टैक्स जमा करने की अपील की है। 31 मार्च के बाद पेनाल्टी वसूल की जाएगी। पेनाल्टी से बचने के लिए नागरिकों से टैक्स व दुकान किराया जमा करने कहा गया है। नागरिकों की सुविधा के लिये अवकाश के दिन भी टैक्स जमा करने की सुविधा दी गई है। निगम अधिकारियों ने बताया कि अवकाश के दौरान भी नगर निगम का काउंटर खुला रहेगा।

निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने कहा है कि जिन लोगों ने संपत्ति कर जमा नहीं किया है, वे तत्काल संपत्ति कर जमा करें। एक अप्रैल के बाद टैक्स जमा करने पर फाइन लगेगा। गौरतलब है कि निगम आयुक्त द्वारा राजस्व विभाग की टीम को इस माह 8 करोड़ की टैक्स वसूली का टारगेट दिया है। राजस्व विभाग की टीम रोज सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक टैक्स वसूली कर रही है। राजस्व अधिकारी आरके बोरकर ने बताया कि आवश्यकता अनुसार कैंप लगाने के लिए भी तैयारी की जा रही है। वसूली का टारगेट पूरा करने अवकाश के दिन भी टीम टैक्स वसूल कर रही है। टैक्स न जमा करने पर प्रतिवर्ष 1000 रुपये पैनल्टी और सम्पति कर का 15 प्रतिशत अधिभार लगता है। इससे बचने के लिए निगम में काउंटर या वार्ड के सहायक राजस्व निरीक्षक से संपर्क कर भुगतान किया जा सकता है।

अंजोरा में दोबारा मतगणना कराने की मांग

दुर्ग/नवप्रदेश। अंजोरा गांव के नव निर्वाचित सरपंच ने शपथ लेने से इंकार कर दिया है। सरपंच ने आरोप लगाया कि पराजित पंच प्रत्याशियों को जीत का सर्टिफिकेट दिया गया है। नवनिर्वाचित सरपंच और ग्रामीण बड़ी संख्या में सोमवार को दुर्ग कलेक्टोरेट पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर के नाम से एसडीएम उत्तम ध्रुव को आवेदन दिया। लापरवाही करने वाले निर्वाचन अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की है।

कुम्हारी नपा अध्यक्ष मीना वर्मा सहित 24 पार्षद आज लेंगे शपथ

कुम्हारी/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मीना वर्मा सहित दोनों दलों के 24 विजयी पार्षद आज शपथ लेंगे।

शपथ ग्रहण समारोह शासकीय प्राथमिक शाला बाजार चौक वार्ड 7 में शाम 5 बजे सम्पन्न होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विशिष्ट अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, व जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक होंगे। अध्यक्षता सांसद विजय बघेल करेंगे। समारोह में पार्षद अश्वनी देशलहरे, डिकेश पटेल, उमाकांत साहू, हरिदास वैष्णव, रीतिका यादव, उमेश्वरी साहू, प्रवीण राव, लता साहू, हेमलता निषाद, लोकेश साहू, ममता साहू, अनुराग गुप्ता व ओंकार मार्कण्डेय, ललिता ध्रुव, विकास सोनकर, योगेश्वर पटेला, लता खैरवार, प्रमोद सिंह राजपूत, लेखराम साहू, डिकेन्द्र साहू, ओमनारायण वर्मा, यूजेन्द्र साहू, निर्मला कुर्रे व जानकी ध्रुव शपथ लेगें।

नाम-परिवर्तन

मैं दीनू कुमार लहरे (DINU KUMAR LAHRE) आयु 38 वर्ष, पिता प्यारे लाल लहरे निवासी- 1531, वार्ड नं.- 10, देव नगर, जामुल तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं द्य मेरा पुत्र ओम कुमार लहरे (OM KUMAR LAHRE) पिता दीनू कुमार लहरे (DINU KUMAR LAHRE) की जन्मतिथि 16/08/2011 है द्य मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड में उसका नाम व मेरा सही नाम ओम कुमार लहरे (OM KUMAR LAHRE) पिता दीनू कुमार लहरे (DINU KUMAR LAHRE) दर्ज है एवं मेरी पत्नी का नाम किरण लहरे (KIRAN LAHRE) दर्ज है तथा मेरे पुत्र की शैक्षणिक अभिलेख में उसका नाम व मेरा नाम त्रुटिवश ओम कुमार मेहर (OM KUMAR MEHAR) पिता दीनू कुमार मेहर (DINU KUMAR MEHAR) है मेरे पुत्र के कक्षा पहली से पांचवी तक के अंकसूची में मेरी पत्नी का नाम किरण बाई मेहर (KIRAN BAI MEHAR) दर्ज है एवं मेरे पुत्र के कक्षा छठवीं से आठवीं तक की अंक सूची में मेरी पत्नी का नाम किरण मेहर (KIRAN MEHAR) दर्ज है। मेरे पुत्र के कक्षा पहली से अंकसूची में उसका नाम ओम कुमार लहरे (OM KUMAR LAHRE) दर्ज है। ओम कुमार मेहर (OM KUMAR MEHAR) पिता दीनू कुमार मेहर (DINU KUMAR MEHAR) एवं ओम कुमार लहरे (OM KUMAR LAHRE) पिता दीनू कुमार लहरे (DINU KUMAR LAHRE) दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात का है अर्थात मेरा व मेरे पुत्र का ही नाम है तथा किरण बाई मेहर (KIRAN BAI MEHAR), किरण मेहर (KIRAN MEHAR) एवं किरण लहरे (KIRAN LAHRE) सभी नाम एक ही महिला का है अर्थात मेरी पत्नी का ही नाम है द्य मैं भविष्य में अपने पुत्र की शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं अन्य शासकीय-अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में मेरे पुत्र व मेरा सही नाम ओम कुमार लहरे (OM KUMAR LAHRE) पिता दीनू कुमार लहरे (DINU KUMAR LAHRE) एवं मेरी पत्नी का सही नाम किरण लहरे (KIRAN LAHRE) दर्ज करवाना चाहता हूं, इसके समर्थन में यह शपथपत्र प्रस्तुत है द्य अत: यह शपथपत्र उपरोक्त कथन की सत्यता में गजट प्रकाशन हेतु सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
दीनू कुमार लहरे

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती रजनी प्रसाद | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202503100400016/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती रजनी प्रसाद आ./पति श्री बब्बन प्रसाद निवासी सेक्टर-06 भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 तह. व जिला दुर्ग	1082/23	0.0093 हें 1000 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री संतोष सोनी | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202503100400017/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री संतोष सोनी आ./पति श्री चुरामन सोनी निवासी राधिका नगर भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 तह. व जिला दुर्ग	1082/24	0.006 हें 600 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री ए.विजय कुमार | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202503100400018/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री ए. विजय कुमार आ./पति श्री ए वेक्टेशन निवासी शिवाजी नगर कोहका भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 तह. व जिला दुर्ग	1082/25	0.0116 हें 1250 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम जे.जे. राव | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202503100400294/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका जे.जे. राव आ./पति स्व. खोली नायक निवासी उमरपोटी तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 52 तह. व जिला दुर्ग	228/80	0.0220 हें 2400 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम रवि गोलेच्छा | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202503100400274/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका रवि गोलेच्छा आ./पति विमल गोलेच्छा निवासी शैलेन्द्र नगर रायपुर तह.व जिला रायपुर द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम बघेरा प.ह.न. 18 तह. व जिला दुर्ग	114/19 114/20	0.0490 हें 0.0160 हे वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती जे.सांई शिरीषा | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202503100400024/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती जे.सांई शिरीषा आ./पति श्री जी रामाराव निवासी मैत्रीकुंज रिसाली भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तह. व जिला दुर्ग	274/351	0.0140हें 1500 वर्गफीट	व्यवसायिक प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री इसकेतन तांडी | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202503100400025/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री इसकेतन तांडी आ./पति श्री श्री नीलकंठ तांडी निवासी सेक्टर-10 सिविक सेंटर भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम जुनवानी प.ह.न. 43 तह. व जिला दुर्ग	104/2 103/2	0.020 हें 0.010 हे.	व्यवसायिक प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती शिल्पी त्यागी | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202503100400022/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती शिल्पी त्यागी आ./पति श्री पुनीत कुमार निवासी अमरोहा उत्तरप्रदेश द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तह. व जिला दुर्ग	721/13	0.0232 हें 2500 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री शिखर सिंह | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202503100400026/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री शिखर सिंह आ./पति श्री संतोष कुमार सिंह निवासी आशीष नगर रिसाली भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तह. व जिला दुर्ग	725/12	0.0418 हें 4500 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती जे.सांई शिरीषा | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202503100400023/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती जे.सांई शिरीषा आ./पति श्री जी रामाराव निवासी मैत्रीकुंज रिसाली भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम सिकोला प.ह.न. 17 तह. व जिला दुर्ग	4/49	0.0220 हें 2400 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती प्रीति सिंह | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202503100400027/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती प्रीति सिंह आ./पति श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह निवासी प्रियदर्शिनी परिसर भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तह. व जिला दुर्ग	246/37	0.0560 हें 6050 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430104100126

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी सिराजुद्दीन पिता/पति जान मोहम्मद पता-दुर्ग, इमामुद्दीन पिता/पति जान मोहम्मद पता-दुर्ग, नूरद्दीन पिता/पति जान मोहम्मद पता-दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसर क्रमांक 725/89 (0.0220) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता इमामुद्दीन पिता/पति-जान मोहम्मद पता-हटरी बाजार दुर्ग, नसीर गोरी पिता/पति स्व. सिराजुद्दीन पता-हटरीबाजार दुर्ग, शमीम गोरी पिता/पति स्व. सिराजुद्दीन पता-हटरीबाजार दुर्ग, असलम गोरी पिता/पति स्व. सिराजुद्दीन पता-हटरीबाजार दुर्ग, अकील गोरी पिता/पति स्व. नूरदीन पता-हटरीबाजार दुर्ग, कलीम गोरी पिता/पति स्व. नूरदीन पता-हटरीबाजार दुर्ग, सलीम गोरी पिता/पति स्व. नूरदीन पता-हटरीबाजार दुर्ग, रशीद गोरी पिता/पति स्व. नूरदीन पता-हटरीबाजार दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दि 17/03/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालयतहसीलदारदुर्ग जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.02.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00018 बघेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430107000027

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00018 के अंतर्गत ग्राम बघेरा के वर्तमान भूमिस्वामी समारु पिता/पति-बलियार पता-बघेरा, भूखन पिता/पति-बलियार पता-बघेरा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 215/2 (0.0120) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रविकुमार साहू पिता/पति स्व. भूखन पता-बघेरा, कृष्णा साहू पिता/पति स्व. प्रेमलाल साहू पता-बघेरा, मीनाबाई साहू पिता/पति स्व. प्रेमलाल साहू पता-बघेरा, पोषण साहू पिता/पति स्व. समारू पता-बघेरा, पूजा साहू पिता/पति स्व. प्रेमलाल साहू पता-बघेरा, गौराम साहू पिता/पति स्व.भूखन पता-बघेरा, कमलेश साहू पिता/पति स्व. रामकिसन साहू पता-बघेरा, छबिलाल साहू पिता/पति स्व. भूखन पता-बघेरा, मिथिलेश साहू पिता/पति स्व. रामकिसन साहू पता-बघेरा, ओंकारबती साहू पिता/पति स्व. भूखन पता-बघेरा, गौरीबाई पिता/पति स्व.समारू पता-बघेरा, दौलत साहू पिता/पति स्व. रामकिसन साहू पता-बघेरा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11/03/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.02.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00016 उरला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430107200048

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00016 के अंतर्गत ग्राम उरला के वर्तमान भूमिस्वामी खोमेन्द्र कुमार सार्वा पिता/पति जगदीश प्रसाद सार्वा पता सांईनगर उरला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 325/12(0.0130) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता जगदीश प्रसाद सार्वा पिता/पति झाडूराम सार्वा पता सांईनगर उरला दुर्ग तह. व जिला दुर्ग, श्रीमती निर्मला सार्वा पिता/पति जगदीश प्रसाद सार्वा पता सांईनगर उरला दुर्ग तह. व जिला दुर्ग, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक10.03.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.02.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00056 खोपली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20242511215471

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00056 के अंतर्गत ग्राम खोपली के वर्तमान भूमिस्वामी केशरी बाई पिता/पति स्व. पूनमलाल पता दुर्ग, छाया पिता/पति स्व. पूनमलाल पता दुर्ग, डिलेश्वरी पिता/पति स्व. पूनमलाल पता दुर्ग, तिलोचना पिता/पति स्व. पूनमलाल पता दुर्ग, तीरथ पिता/पति स्व. पूनमलाल पता दुर्ग, दामिनी पिता/पति स्व. पूनमलाल पता दुर्ग, लेखनी बाई पिता/पति स्व. पूनमलाल पता दुर्ग, सेवतीबाई पिता/पति स्व. पूनमलाल पता दुर्ग, हुलास कुमार पिता/पति स्व. पूनमलाल पता दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1472/1(0.0182) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता दामिनी साहू पिता/पति युवरेन्द्र कुमार साहू पता दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.03.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.02.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
अतिरिक्त हसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00056 खोपली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20242511215474

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00056 के अंतर्गत ग्राम खोपली के वर्तमान भूमिस्वामी जयंत कुमार पिता/पति बिसौहा पता दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1472/7(0.0061) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता दामिनी साहू पिता/पति युवरेन्द्र कुमार साहू पता दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.03.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.02.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
अतिरिक्त हसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00050 डुंडेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20242511215153

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00050 के अंतर्गत ग्राम डुंडेरा के वर्तमान भूमिस्वामी लक्ष्मीनारायण पिता/पति छन्नूलाल पता दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 989/1(0.0111) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता इन्द्रानी वर्मा पिता/पति अनिल वर्मा पता दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 07.02.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23.01.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

सिहावा राज कोसरिया मरार पटेल समाज का वार्षिक महाअधिवेशन में समाज की एकता-संस्कृति बनाए रखने पर जोर

नगरी/नवप्रदेश। सप्तऋषियों की पावन धरा महानदी उदगम स्थलीय कर्णेश्वर महादेव मंदिर देऊरपारा सिहावा में 01 मार्च 2025 को एक दिवसीय वार्षिक महाअधिवेशन का आयोजन किया गया, इस वार्षिक महाअधिवेशन का शुभारंभ सर्वप्रथम कोसरिया मरार पटेल समाज की ईष्ट देवी मां शाकंभरी की छायाचित्र की विधिवत् पूजा अर्चना कर किया गया। पश्चात् सभी आमंत्रित अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया पश्चात समाज के वरिष्ठजनों व अतिथियों के हाथो समाज प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। इसके पूर्व समाज के छोटे छोटे बालिकाओं के द्वारा स्वागत गीत व मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए । महाधिवेशन मे समाजजनो के द्वारा समाज की एकता व अपनी परंपरा और संकृति को बनाए रखने के लिए विचार व्यक्त कर समाज में जागरूकता लाने का प्रयास किया, तथा सामाजिक गतिविधि पर विस्तार से चर्चा किया गया। पटेल समाज के द्वारा आयोजित महा अधिवेशन में सिहावा विधान सभा क्षेत्र के विधायक अम्बिका मरकाम भी शामिल होने पहुंची। जहा सभा को संबोधित करते हुए अंबिका मरकाम ने कही कि संगठित समाज ही सशक्त समाज है आज हमे समाज को आगे बढ़ाने के लिए हमे आर्थिक रूप से

मजबूत होना जरूरी है। वर्तमान स्थिति देखा जाए तो हम अपने परमपरा गत व्यवसाय से भटग गए हैं। हम अपने व्यवसाय से भी अपने आर्थिक को मजबूत कर एक अच्छे जीवन जी सकते हैं। उन्होंने बेटी के साथ साथ बेटा को भी एक अच्छे शिक्षा देने की बात कही।सभी अतिथियों द्वारा पटेल समाज के उत्थान व स्वस्थ, कृषि,व शिक्षा के क्षेत्र में विशेष पहल कर हर बेटी व बेटा को आगे बढ़ाने की बात कही । कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे अमरसिंह पटेल प्रदेश संरक्षक ने भी समाज को संबोधित करते हुए समाज हमेशा एक जुट रहने की बात अपने परंपरा व संस्कृति को बचाए रखने की बात कही। इस कार्यक्रम मुख्य रुप से सुनील पटेल प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कोसरिया मरार पटेल समाज, खेलु राम पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष,दुलेश पटेल प्रदेश महामंत्री, सियाराम पटेल प्रदेश महामंत्री, कुबेर पटेल प्रदेश महामंत्री,तेज राम पटेल कार्यकारणी अध्यक्ष प्रदेश कोसरिया मरार पटेल समाज, सोमनाथ पटेल राजिम राज संयोजक, विनोद पटेल संरक्षक राजिम इस कार्यक्रम मे आमन्त्रित अतिथि के रुप में बलजीत छाबड़ा अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी, नवनिर्वाचित पार्षद आसकरण पटेल, पार्षद अश्वनी निषाद, पार्षद देवचरण ध्रुव, पार्षद नरेश पटेल,जानू तिवारी, महामंत्री कांग्रेस, महेंद्र पांडेय मिडिया प्रभारी ब्लाक कांग्रेस नगरी,कोसरिया मरार पटेल समाज राजा लतखोर पटेल,खुटैत नारायण पटेल,कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल, उपाध्यक्ष मोतीलाल पटेल, निर्णायक मंडल हरिदेव पटेल, निर्णायक मंडल झाडू राम पटेल, सिहावा राज युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सियाशरण पटेल,कोसरिया मरार पटेल समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश मिडिया प्रभारी राजू पटेल, सिहावा राज महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कामिनी पटेल, कुंजलाल पटेल न्याय पंच मारागांव,बेदन पटेल कार्यकारणी सदस्य नरेशचन्द्र देव नाग वनपरिक्षेत्र अधिकारी सिहावा, पत्रकार अंगेश हिरवानी,उत्तम साहू,अभिनव अवस्थी, अशोक संचेती, रिजवान मेमन, दीपेश निषाद, राज शेखर नायर के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ इस मौके पर ग्रामीण अध्यक्ष प्रेम लाल पटेल सांकरा क्षेत्र,अघनू राम नगरी क्षेत्र, शिवनाथ पटेल फरसिया क्षेत्र, संतोष पटेल सिहावा क्षेत्र सहित सिहावा राज पटेल समाज के सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

शपथ ग्रहण एवं प्रथम सम्मिलन के तिथि में संशोधन

बालोद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के उपाध्यक्ष का निर्वाचन नियम 1998 सहपठित छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 55 के तहत् उपाध्यक्ष पद का निर्वाचन के प्रयोजन के लिए निर्वाचित पार्षदों का प्रथम सम्मिलन बुलाया जाना है तथा धारा 65 (क) क तहत निर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण किया जाना है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि पूर्व तिथि में संशोधन करते हुए अब 08 मार्च को निर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण एवं 10 मार्च 2025 को प्रथम सम्मिलन आहुत की गई है। जिसके अंतर्गत नगर पालिका परिषद बालोद के लिए एसडीएम सुरेश कुमार साहू को शपथ ग्रहण हेतु प्राधिकारी एवं प्रथम सम्मिलन के लिए पीठासीन प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा के लिए अपर कलेक्टर श्री अजय किशोर लकरा को शपथ ग्रहण हेतु प्राधिकारी एवं प्रथम सम्मिलन के लिए पीठासीन प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका परिषद बालोद में शपथ ग्रहण 08 मार्च को सुबह 11 बजे एवं प्रथम सम्मिलन 10 मार्च को सुबह 11 बजे से तथा नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा में शपथ ग्रहण 08 मार्च को दोपहर 01 बजे तथा प्रथम सम्मिलन 10 मार्च को दोपहर 02 बजे आयोजित किया गया है।

नपा अध्यक्ष ने भ्रमण कर सफाई व्यवस्था के निर्देश दिए

कुरूद/नवप्रदेश। कुरूद नगर पंचायत कुरूद की नव निर्वाचित अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर के नेतृत्व में निरंतर सातवें दिन ध्रुव, सितेश सिन्हा, महेन्द्र गायकवाड़ एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भ्रमण कर नगर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए । नगर पंचायत के कर्मचारियों को वार्ड वासियों के द्वारा बताए वर्षो से पेयजल समस्या, बिजली पोल सहित वार्डो के लंबित मूलभूत समस्याओं को तत्काल ठीक करने के लिए नप अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने निर्देशित किया। उन्होंने वार्डवासियों के साथ, आओ हम सब मिलकर कुरूद को स्वच्छ बनाने की आवाज बुलंद की । नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्राकर ने समस्त उपस्थित जनों से विकसित कुरूद बनाने मे सहयोग करने नगर मे नशा मुक्ति अभियान चलाकर समृद्ध ध्रुव, महेंद्र गायकवाड़, नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे।

नि :शुल्क इलेक्ट्रिक मोटर रिवाइंडिंग और सिलाई प्रशिक्षण

धमतरी/नवप्रदेश। बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी द्वारा इलेक्ट्रिक मोटर रिवाइंडिंग और मरम्मत तथा महिला सिलाई का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। आवासीय सुविधायुक्त इन प्रशिक्षणों के लिए 18 से 45 वर्ष तक आयु के ग्रामीण बेरोजगार आगामी 17 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। महिला सिलाई प्रशिक्षण के लिए ग्रामीण बेरोजगार महिलाएं आवेदन कर सकतीं हैं। प्रशिक्षण के लिए 35 सीटें आरक्षित हैं। निदेशक, बड़ौदा आरसेटी सुश्री अनिता टुडू ने बताया कि इलेक्ट्रिक मोटर रिवाइंडिंग प्रशिक्षण के दौरान बिजली के उपकरणों, बिजली की बुनियादी बातों, उनकी मरम्मत में सुरक्षा, सावधानियां, प्रतिरोध कंडक्टर इन्सुलेटर और सेमी कंडक्टर सहित सभी प्रकार के मोटर रिवाइंडिंग एवं मोटर मरम्मत के साथ ही उद्यमिता एवं बैंकिंग संबंधी जानकारी भी दी जाएगी।

सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों तक समय पर पहुंचे

कलेक्टर ने की एग्रीस्टेक योजना के तहत कृषक पंजीयन की प्रगति की समीक्षा

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज यहां कलेक्ट्रेट के दिशा सभा कक्ष में जिले में कृषक पंजीयन की प्रगति की समीक्षा की। शर्मा ने कहा कि पंजीयन डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के तहत एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य कृषि भूमि स्वामियों का एकीकृत डाटाबेस तैयार करना है, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र कृषकों तक पारदर्शी और सुचारू रूप से पहुंचे।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल, कृषि सहित जुड़े उप संचालक कृषि एम.डी. डडसेना, उप संचालक पशुधन विकास विभाग राजेन्द्र भगत, जिला प्रबंधक महेन्द्र देशमुख, अनुविभागीय कृषि अधिकारी जितेन्द्र कुमार ठाकुर, सहायक संचालक कृषि डॉ. श्याम लाल साहू, सहायक संचालक उद्यान हितेन्द्र मेश्राम सहित

कृषक पंजीयन : पारदर्शिता एवं डिजिटल कृषि क्रांति की ओर एक कदम

यह पंजीयन न केवल सरकारी योजनाओं के लाभों को सुव्यवस्थित करने में सहायक होगा, बल्कि इससे कृषि अनुदान, बीमा, सब्सिडी एवं अन्य सुविधाओं का वितरण भी सुगम और प्रभावी होगा। साथ ही, इससे कृषि नीति निर्माण एवं संसाधनों के समुचित आवंटन में भी सहायता मिलेगी।बेमेतरा प्रशासन कृषक हित में निरंतर कार्यरत है और इस अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से प्रयासरत है।

सभी विकासखण्डों के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पशु चिकित्सक, मत्स्य निरीक्षक एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान उप संचालक कृषि एम.डी. डडसेना ने बताया कि कृषक पंजीयन कार्य CSC केंद्रों, स्वयं पंजीयन एवं सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किया जा रहा है। जिले में कुल 1,86,932 भू-धारक कृषक हैं, जिनमें से अब तक 47,364 कृषकों का पंजीयन किया जा चुका है। कुल कृषक पंजीयन में बेमेतरा जिले का 10वां स्थान है, जबकि पीएम किसान लाभार्थी कृषकों के पंजीयन में जिले की स्थिति 8वें स्थान पर है।

'बैठक में कलेक्टर शर्मा ने विकासखण्डवार एवं ग्राम कृषि विस्तार अधिकारीवार पंजीयन की समीक्षा करते हुए अगले 3 दिनों के भीतर शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से इस अभियान को प्राथमिकता देने तथा अधिक से अधिक कृषकों को इस योजना से जोड़ने पर जोर दिया। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कृषि से जुड़े सभी संबंधित विभागों के कामकाज की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों को लाभान्वित करना और उनकी स्थिति को मजबूत बनाना प्राथमिकता में शामिल है। जिले में किसानों की स्थिति को और बेहतर बनाने के लिए धान के साथ-साथ अन्य व्यवसायिक फसलों की खेती को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य शासन दलहन और तिलहन की फसलों को बढ़ावा भी दिया जा रहा है। किसानों को इसका लाभ सुनिश्चित कर दलहन और तिलहन की खेती के लिए उन्हें प्रेरित करें।

निराशा और हतोत्साहित करने वाला बजट : विधायक इंद्र साव

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विधानसभा में पेश किए गए बजट को विधायक इंद्र साव आम जनता को हतोत्साहित करने वाला निराशा जनक बजट बताया है।

विधायक इंद्र साव ने अपनी बजट प्रतिक्रिया में कहा कि वित्त मंत्री से यह उम्मीद थी कि ऐसा बजट पेश करेंगे की प्रदेश को एक नई दिशा मिलेगी और विकास का मार्ग प्रशस्त होगा परन्तु बजट से निराशा हुई । यह बजट कृषि के क्षेत्र में कार्य करने वाले कृषकों के सपनों को भी चकनाचूर कर दिया। ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगारों के लिए रोजगार प्राप्त करने में कोई भी सहायता की बात नहीं कही गई है। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाये जो महतारी वंदन योजना के लाभ से वंचित हो गई है उन्हें भी झुनझुना पकड़ा दिया गया है।अवैध शराब एवं अन्य नशीली पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए कोई प्रावधान नही किया गया है। इस बजट में भी लोक सेवकों के भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए कोई बात नही की गई है।

विधायक साव ने कहा कि सरकारी दफ्तरों को चलाने के लिए स्थापना बजट का भी कोई प्रावधान नहीं किया गया है,जिससे सरकार की कथनी और करनी को उजागर करता है।उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बने उप जेल के लिए जेल कालोनी बनाए जाने,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय , अपर कलेक्टर कार्यालय चलाने स्थापना व्यय राशि का कही कोई प्रावधान भी नहीं किया गया है। ये बजट सबसे नीरस बजट है,वित्त मंत्री सिर्फ अपना अंक बढ़ाने का ही काम किए है,उन्हें जनता,किसान,युवा,उद्यमी, महिलाओं के हितों से कोई सरोकार नहीं।

शहर में लगातार चोरी, शातिर चोर गोवा से गिरफ्तार

■ 03 आरोपी भी पुलिस की गिरफ्त में,करीब 9 लाख जब्त

भाटापारा/नवप्रदेश। शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में सुने मकानों में हुई चोरी होने के मामले में शहर पुलिस और सायबर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है, शहर एवं सायबर सेल की टीम ने मामले के संदेही को गोवा क्षेत्र में हिरासत में लेकर थाना लाई जहां पूछताछ में संदेही अजय राठौर निवासी शक्ति वार्ड ने पिछले दो माह में भाटापारा के विभिन्न क्षेत्रों में चोरी की विभिन्न घटना को अंजाम देना स्वीकार किया हैं। शहर थाना परिसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेम सिंह सीदार और थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने बताया कि आरोपी द्वारा माह जनवरी एवं फरवरी में भाटापारा शहर अंतर्गत श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, संजय वार्ड, परशुराम वार्ड, लखन कालोनी, हथनीपारा, कल्याण सागर,

कृष्णानगर, सिंधी मोहल्ला के सुने मकान में ताला तोड कर चोरी करना एवं नेहरू वार्ड, सिंधी मोहल्ला सर्कस मैदान से स्कूटी और हेमु कल्याणी वार्ड से मोटर सायकल की चोरी करना स्वीकार* किया गया। पूछताछ पर आरोपी अजय राठौर ने बताया की उसके द्वारा चोरी किये हुए समान को अपने एक अन्य फरार सांथी के माध्यम से खपाने के उद्देश्य से रायपुर में सामानो की बिक्री करता था। आरोपी ने यह भी बताया की उसके द्वारा संजय वार्ड से चोरी किये हुए सामान 03 नग सोने का हार, कान का टाप, एक जोडी चांदी का पायल, को अपने परिचित अनिकेत रगडे निवासी आमानाका रायपुर को विक्रय करने के उद्देश्य से दिया था, जिसमें से अनिकेत रगडे ने एक नग मंगलसूत्र को राजनांदगांव निवासी मोहित स्वामी को दिया, जिसने चोरी किये हुए मंगलसूत्र को प्रकाश जैन निवासी इंदिरा नगर राजनांदगांव को विक्रय किया था। मामले में चोरी का समान की बिक्री में सहयोग करने वाले आरोपी अनिकेत रगडे के कब्जे से 02 नग सोने का हार, एक जोडी चांदी का पायल, एक नग झुमका, एक नग टाप, एवं नगदी रकम 50,000 कुल किमती 5,05,940 बरामद किया गया हैं। प्रकरण के अनुसंधान में चोरी का सामान बिक्री करने वाले आरोपी मोहित स्वामी के कब्जे से चुराई हुई संपत्ति बेच कर प्राप्त राशि 2000 का सामान एवं आरोपी प्रकाश जैन के कब्जे से एक नग मंगलसूत्र किमती 1,90,000 को बरामद कर जप्त किया गया हैं।

जनप्रतिनिधियों ने लिया विकास का संकल्प

102 ग्राम पंचायतों के निर्वाचित सरपंच और पंचो का शपथ ग्रहण

नगरी/नवप्रदेश। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद नगरी ब्लाक के अंतर्गत आने वाले 102 ग्राम पंचायतों के निर्वाचित सरपंच और पंचो का शपथ ग्रहण कार्यक्रम अनुभागीय आधिकारी राजस्व नगरी के आदेशानुसार 3 मार्च 2025 को आयोजित किया गया। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत उमरगांव में भी शपथ ग्रहण कार्यक्रम रखा गया जिसमें ग्राम पंचायत उमरगांव के सचिव आसत राम मरकाम के द्वारा निर्वाचित सरपंच अंजना ध्रुव और सभी 20 पंचों को ग्रामवासी के उपस्थिति में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत उमरगांव के निवर्तमान सरपंच सुरेश मरकाम, पूर्व सरपंच मोहन पुजारी, घुराऊ राम शेष, कृष्णा मारकोले, देवेन्द्र सेन, अंगेश हिरवानी, लखन पुजारी, नरेश छलांगिया, जनक साहू,

बेददास मानिकपुरी, आर डी मानिकपुरी, नारायण दास, विष्णु शेष, नारायण पुजारी, विनोद यादव, ऋतुदमन नागेश सहित बड़ी संख्या ग्रामवासी उपस्थित रहे।

सरपंच एवं वार्ड पंचों को दिलाई शपथ

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत दुगली के नवनिर्वाचित सरपंच एवं वार्ड पंचों को सचिव के द्वारा गोपनीयता की शपथ दिलाई गई नवनिर्वाचित सरपंच रामेश्वर मरकाम वार्ड पंच वरूण देव नेताम हरीश परते चंद्रभान नेताम नरेंद्र रजक अनिल कुमार नेताम गौरीबाई ध्रुव कमला बाई गोमती बाई डूमेश्वरी बाई राजबाई गायत्री बाई सुमित्रा बाई उमा वर्मा ने शपथ ली इस मौके पर सचिव बीरेंद्र साहू भोज सोनवानी फिरोज कुरैसी चंदन कोर्राम लता मंडावी समेत अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे ।।

सरपंच लिकेश्वरी पोटाई सहित वार्ड पंचों ने ली शपथ

नगरी/नवप्रदेश। नगरी ब्लाक के ग्राम पंचायत छिपली में नवनिर्वाचित सरपंच लिकेश्वरी पोटाई सहित वार्ड पंचों ने ली शपथ।

शपथ समारोह के लिए अजय चंद्राकर को आमंत्रण

कुरूद/नवप्रदेश। नगर पंचायत कुरूद की नव निर्वाचित अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर अपने सभी भाजपा पार्षदों के साथ आज सुबह शपथ ग्रहण समारोह के लिए अजय चन्द्राकर विधायक कुरूद के मुख्य आतिथ्य में आयोजन हेतु रायपुर आवास में आमंत्रित करने सम्मिलित हुए। पार्षदगणों में महेन्द्र गायकवाड़, मिथलेश बैस, सितेश सिन्हा, रवि मानिकपुरी, कविता चन्द्राकर, राजकुमारी ध्रुव साथ रहे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

भारत फाइनल में...

लक्ष्य का पीछा करते हुए कोहली एक बार फिर चेज मास्टर साबित हुए और उन्होंने 98 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 84 रन बनाए जिसकी मदद से भारत ने 48.1 ओवर में छह विकेट पर 267 रन बनाकर मैच जीता।

हार्दिक पांड्या बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे हैं। भारत को जीत के लिए अब 13 गेंदों पर छह रन की जरूरत है। हार्दिक 24 गेंदों पर एक चौका और तीन छक्कों की मदद से 28 रन बनाकर आउट हुए। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सेमीफाइनल मुकाबला रोचक हो गया है।

विराट कोहली की शानदार पारी के दम पर भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। भारत ने इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया से 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया है। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए फाइनल में पहुंची है। यह लगातार तीसरी बार है जब भारत सीमित ओवर प्रारूप के आईसीसी टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में जगह बनाने में सफल रहा है। भारत ने इससे पहले 2023 वनडे विश्व कप, 2024 टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई थी और अब वह चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मैच में भी पहुंचने में सफल रहा है।

इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था और 49.3 ओवर में 264 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए कोहली एक बार फिर चेज मास्टर साबित हुए और उन्होंने 98 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 84 रन बनाए जिसकी मदद से भारत ने 48.1 ओवर में छह विकेट पर 267 रन बनाकर मैच जीता।

हार्दिक पांड्या बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे हैं। भारत को जीत के लिए अब 13 गेंदों पर छह रन की जरूरत है। हार्दिक 24 गेंदों पर एक चौका और तीन छक्कों की मदद से 28 रन बनाकर आउट हुए।

महतारी वंदन पर विपक्षी....

कि आज की स्थिति में कम लोग हैं आपने जांच कितनी बार कराई और कब कब कराई है?

इस पर जवाब देते हुए मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि योजना के बारे जो हमने आंकड़ा बताया है इसमें कमी आने का कारण कई लोगों की मृत्यु कई का लाभ त्याग हुआ है। जांच समय-समय पर होती है। डेट उपलब्ध करा दी जाएगी। विधायक उमेश पटेल ने कहा कि कई अपात्र निकले हैं एक मामला बस्तर से प्राप्त हुआ इसकी जांच कराई गया है क्या?

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि बस्तर जिले के एक गांव में फर्जी नाम से पैसा लिया जा रहा था, जिसमें कार्यवाही कार्यकर्ता पर कार्यवाही की गई थी. यह विषय जब आया तब विभाग ने निर्देशित किया था।

विधायक पटेल ने पूछा आपने जांच कब कराया कोई तारीख? समय-समय पर जांच होते रहते हैं. मामला संज्ञान में आने के बाद भी जांच नहीं हो रही. हितग्राही के लिए इसकी क्राइटेरिया क्या होनी चाहिए?

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जवाब देते हुए कहा कि सबसे पहले लाभार्थी आयकरदाता न हो, वर्ग 123 में शामिल न हो, पात्रता श्रेणी के लिए 21 वर्ष या उससे अधिक उम्र हो, शादीशुदा हो, विधवा भी हो सकती है, लेकिन आयकरदाता नहीं होना चाहिए। विधायक उमेश पटेल ने पूछा कि घोषणा पत्र में केवल आयकर की बात रखी थी, फिर क्राइटेरिया क्यों बताया जा रहा है?

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जवाब देते हुए कहा कि 2023 के चुनाव में हमने इस योजना एक तहत लाभ देने का वादा किया था जो पहली किस्त में हमने उन्हें उपलब्ध भी कराया. पूर्ववर्ती सरकार में इन्होंने भी यह वादा किया था वो तो दिखा ही नहीं पर हमने कम समय में इस योजना का लाभ पहुंचाया है।

विधायक उमेश पटेल ने पूछा कि जो महिलाएं 60 साल के ऊपर है और वो हितग्राही हुआ। उन्हें पेंशन मिल रहा है तो क्या उसे कटा जा रहा है या 500 रुपए दी जा रही है? मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जवाब देते हुए कहा कि उन्हें अंतर की राशि दी जा रही है। विधायक पटेल ने पूछा, यह तो आप लोग महिलाओं के साथ धोखा कर रहे हैं। जरूरतमंद महिलाओं को पूरा पैसा नहीं दिया जा रहा है। आप स्पष्ट रूप से घोषणा करें कि उनकी 500 की राशि नहीं काटी जाएगी।

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जवाब देते हुए कहा कि आपने 5 साल तो विधवा महिलाओं को 1000 रुपए नहीं दे पाए। हम तो अब कई बार किस्त दे पाए हैं।

सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच घोषणा करने को लेकर तीखी बहस सत्ता पक्ष के जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष ने सदन से वॉक आऊट किया।

राशन कार्ड और धान खरीदी ...

उन्होंने कहा कि यदि इस संबंध में कोई साक्ष्य प्रस्तुत किया जाता है, तो सरकार जांच कराएगी। मंत्री ने सदन में बेलतरा विधानसभा के संदेहास्पद राशन कार्डों की जांच कराने की घोषणा की।

धान खरीदी का मामला गरमाया

प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक इंद्र साव ने धान खरीदी में अमानक बारदानों के इस्तेमाल को लेकर सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने मांग की कि इस मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस पर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि उन्होंने स्वयं जाकर धान खरीदी केंद्रों की जांच की है और सरकार सदन को गुमराह कर रही है। महंत ने कहा, विधायकों की समिति से जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके। मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने सदन में जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की बात कही है।

मुख्यमंत्री गिरौदपुरी ...

वितरित किया। इस अवसर पर धर्मगुरु गुरुबालदास साहेब, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल, पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा, कलेक्टर दीपक सोनी, एसएसपी विजय अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में संत एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि तीन दिवसीय गिरौदपुरी मेला 4 मार्च से 6 मार्च तक आयोजित होगा। गिरौदपुरी धाम में हर वर्ष आयोजित होने वाला यह मेला गुरु घासीदास जी के सत्य, अहिंसा और समानता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का माध्यम बन रहा है।

सेक्स सीडी कांड : भूपेश सभी...

बघेल को झूठे मामले में फंसाया गया है। भूपेश ने न तो सीडी बनवाई और न ही सीडी बांटी। उन्होंने किसी तरह का कोई ऑफेंस (अपराध) नहीं किया है।

अब जानिए क्या है सेक्स सीडी कांड केस ?

दरअसल, अक्टूबर 2017 में छत्तीसगढ़ में एक कथित सेक्स सीडी सामने आई थी। इसे कथित रूप से पूर्व मंत्री राजेश मूणत का बताया जा रहा था। रायपुर के सिविल लाइन थाने में इसका मुकदमा दर्ज हुआ। बाद में पुलिस दिल्ली से पत्रकार विनोद वर्मा को गिरफ्तार कर लाई थी।

कांग्रेस इसे तत्कालीन सरकार की साजिश बताती रही। सितंबर 2018 में कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष भूपेश बघेल को भी गिरफ्तार किया गया था। उन पर साजिश रचने का आरोप था। भूपेश बघेल ने जमानत लेने से इनकार कर दिया।

■ न्यूज गैलरी

हाई स्कूल परीक्षा, प्रथम विषय शांतिपूर्ण सम्पन्न,16320 परीक्षार्थी हुए शामिल

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 में हिंदी विषय की परीक्षा 3 मार्च को शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। परीक्षा में 16320 उपस्थित एवं 565 परीक्षार्थी उनुपस्थित रहे। उड़नदस्ता दल के सदस्य जिला परियोजना अधिकारी साक्षर भारत सोमेश्वर राव, जिला संगठन आयुक्त स्काउट सूरज कसार द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, एमडीव्ही बलौदाबाजार,पंडित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी शा कन्या उ.मा.वि.बलौदाबाजार, गुरुकुल इंग्लिश मीडियम उत्तर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार एवं पंडित चक्रपाणि शुक्ला स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बलौदा बाजार परीक्षा केन्द्र में किया गया। हाईस्कूल परीक्षा में 16320 उपस्थित, 565 परीक्षार्थी उनुपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सभी स्कूलों में किसी भी प्रकार की नकल प्रकरण नहीं पाया गया साथ ही बैठक, प्रकाश, पेयजल, व्यवस्था सुनियोजित पाया गया। परीक्षा शांति पूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हुई।

जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति गठित

धमतरी/नवप्रदेश। एग्रीस्टैक परियोजना के तहत कृषि भूमिधारकों के कृषि भूमि और कृषि भूमिधारकों का पहचान पत्र नोडल एजेंसी चिप्स के कॉमन सर्विस सेंटर और सत्यापनकर्ता राजस्व विभाग के पटवारियों के माध्यम से किया जाएगा। कृषक पंजीयन के दौरान मैदानी स्तर पर पायी जाने वाली विसंगतियों का निराकरण राजस्व अमले द्वारा किया जाएगा। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने जिला स्तर पर कृषक पंजीयन के सफल संचालन, अनुश्रवण एवं संबंधित विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करने के लिए जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति गठित की है। समिति की अध्यक्ष कलेक्टर हैं और सदस्य के तौर पर उप संचालक कृषि श्री मोनेश साहू, जिला विज्ञान सूचना अधिकारी श्री अमित सिसोदिया और विषय वस्तु विशेषज्ञ कृषि विज्ञान केन्द्र संबलपुर डॉ.शक्ति वर्मा को समिति में शामिल किया गया है।

राजपूत क्षत्रिय महासभा उपसमिति खैरागढ़ का चुनाव संपन्न

खैरागढ़/नवप्रदेश। राजपूत क्षत्रिय महासभा रहटादाह की उपसमिति खैरागढ़ के पदाधिकारियो का निर्वाचन कार्यक्रम बांके बिहारी मंदिर परिसर मे किया गया । निर्वाचन पर्यवेक्षक के रूप मे डोंगरगांव से निर्वाचन दल चंद्रप्रताप सिंह, अमर सिंह व पवन सिंह ठाकुर के निर्देश पर सत्रह पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी करते लोकतंत्रिक पद्धति से निर्वाचन संपन्न कराया गया । आपसी सहमति से किसी भी सदस्य ने किसी एक पद के विरोध मे दो नामांकन प्रस्तुत नहीं किया। इस प्रकार सभी सत्रह पदों में चुनाव की स्थिति नही बनी । उपसमिति खैरागढ़ के सदस्यों ने पूरे समाज को एकता की मिसाल प्रस्तुत करते सभी सदस्यो का निर्वाचन निर्विरोध संपन्न कराते निर्वाचित पदों मे अध्यक्ष पद पर शेर सिंह बैस, उपाध्यक्ष पद पर धर्मा सिंह, सचिव पद पर जितेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष के लिए शुभम सिंह,सह सचिव पद के लिए अजय सिंह, केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य पद पर विनोद सिंह, खिलेश्वर सिंह ,मकुन्द सिंह, दिनेश सिंह, संतोष सिंह, दिलीप सिंह, केन्द्रीय निर्णायक पद पर कमलेश्वर सिंह ,तोप सिंह, महिला मण्डल अध्यक्ष पर अरुणा सिंह, सचिव पद पर रश्मि सिंह, युवा मण्डल अध्यक्ष पद पर प्रवीण सिंह व सचिव पद पर सौरभ सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियो का गुलाल से स्वागत करने के बाद दूसरी बार अध्यक्ष बने शेर सिंह बैस ने उप समिति खैरागढ में तन मन धन से समर्पित कार्य करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई ।

इंदौरी नगर पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों ने किया शपथ ग्रहण

■ पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने दी बधाई

कवर्धा/नवप्रदेश। मंगलवार को बाजार चौक में नगर पंचायत इंदौरी की नवनिर्वाचित भाजपा अध्यक्ष एवं नवनिर्वाचित पार्षदों ने शपथ ग्रहण किया। नगरीय निकाय चुनाव में नगर पंचायत इंदौरी में भाजपा को प्रचंड जीत मिली इसी कड़ी में आज सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने नगर व क्षेत्र के विकास की शपथ ली। इस दौरान नगर पंचायत इंदौरी से भाजपा की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती मित्रीन बाई महँगी लाल मांडले और पार्षदों ने शपथ ग्रहण किया। शपथ ग्रहण समारोह में कबीरधाम भाजपा जिला अध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्रवंशी भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहें और सभी जनप्रतिनिधियों को शपथ ग्रहण करने की बधाई दी।इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सभी जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि जनता के जनादेश का सम्मान करते हुए सभी को मिलकर इंदौरी नगर के विकास को आगे ले जाने एवं जनता की सुविधाओं का विस्तार करने के लिए संयुक्त प्रयास करना होगा। हमारा प्रमुख उद्देश्य अपने नगर और क्षेत्र में जनसुविधाओं का विस्तार और अधोसंरचना निर्माण से इंदौरी नगर को एक विकसित एवं आदर्श नगर के रूप में विशेष पहचान दिलाना है, जिसके लिए हम कृतसंकल्पित हैं। नगरीय निकाय चुनाव के पूर्व हमने हमर संकल्प पत्र एवं पार्टी नेतृत्व में अटल संकल्प पत्र में कई महत्वपूर्ण संकल्प किये हैं जिसपर जनता ने अपने विश्वास की मुहर लगाकर प्रदेश में ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार बनाई है। अब हम सभी जनप्रतिनिधियों की यह जिम्मेदारी है कि उन संकल्पों को हम धरातल पर लेकर आए जिसमें आप सभी नगरवासियों के सुझाव और मार्गदर्शन हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। मुझे विश्वास है कि सभी जनप्रतिनिधि भी अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा से पालन करेंगे। भावना बोहरा ने आगे कहा कि विगत 14 महीनों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में मोदी जी की गारंटी को पूरा कर रही है। अब यह अवसर हमें मिला है कि डबल इंजन भाजपा सरकार की कुशल नीतियों, विकास कार्यों और जन कल्याण के प्रति समर्पित योजनाओं को ट्रिपल इंजन की रफ़्तार से हमारे नगर व गाँव तक पहुंचाएं। मैं नवनिर्वाचित अध्यक्षों और सभी पार्षदों से यह कहना चाहती हूँ कि हम सभी मिलकर अपने वार्ड, क्षेत्र व नगर का विकास सुनुश्चित करेंगे और समृद्ध पंडरिया विधानसभा के संकल्प को पूरा करेंगे। जनता की आकाँक्षाओं को पूरा करना एवं अधोसंरचना विकास और निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करना के लिए संयुक्त साझेदारी हमें निभानी होगी। बजट 2026-26 में भी हमारे ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं और प्रावधान किये गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 5500 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 845 करोड़, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 119 करोड़ और मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत जल निकासी प्रणाली के साथ कंक्रीट ग्राम सड़क के निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये के प्रावधान हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम आवागमन की सुविधा सुनिश्चित करेंगे।

नगर पंचायत इंदौरी के विकास और क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए सर्वसुविधायुक्त स्मार्ट नगर पंचायत भवन का निर्माण किया जाएगा ताकि क्षेत्र के विकास हेतु होने वाले कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके। इंदौरी में यातायात व सुगम आवागमन के लिए नया बस स्टैंड बनाया जाएगा जहाँ यात्रियों के लिए सभी सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। इंदौरी में युवाओं के बेहतर व उच्च शिक्षा हेतु महाविद्यालय की स्थापना और वाई-फाई जैसी सभी मूलभूत सुविधाओं तथा शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार के लिए जिला सहकारी बैंक की नई शाखा, बाजारों को सुव्यवस्थित, बाबा तालाब का जीर्णोद्धार, छोटे रगरा से बहरापारा तक पक्की सड़क का निर्माण, अटल परिसर का निर्माण एवं सभी वार्डों में पक्की सड़क, बिजली, पानी की पर्याप्त व्यवस्था, व्यावसायिक कॉम्पलेक्स, नालंदा परिसर की तर्ज पर लाइब्रेरी का निर्माण भी किया जाएगा। यह सभी हमने हमर संकल्प पत्र में इंदौरी नगर की जनता से वडा किया है और इन वादों को पूरा करने के लिए हम कटिबद्ध हैं और हमें पूर्ण विश्वास है कि जनता का सहयोग व मार्गदर्शन हमें अपने इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए जरुर प्राप्त होगा।

कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक साहू जी, नगर पंचायत इंदौरी चुनाव प्रभारी श्री अनिल ठाकुर जी, सहप्रभारी श्री युवराज सिंह जी, क्षेत्र क्रमांक 12 जिला पंचायत सदस्य श्री रोशन दुबे जी, मंडल अध्यक्ष श्री खिलेश्वर साहू जी, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठजन, समस्त मोर्चा व प्रकोष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

बजट पूरी तरह निराशाजनक, पिछले वादों पर विचार नहीं : विनोद सेवनलाल चंद्राकर

महासमुंद/नवप्रदेश। साय सरकार द्वारा प्रस्तुत दूसरे बजट को पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने प्रदेश वासियों के लिए निराशाजनक बताया है। श्री चंद्राकर ने कहा कि इस बजट में पूर्व के वादों को भूला दिया गया है। भाजपा अपने घोषणा पत्र में किए वादों को लेकर इस बजट में भी कोई विचार नहीं कर पाई है। श्री चंद्राकर ने कहा कि 2 साल के भीतर 1 लाख भर्ती की बात कही गई थी, बजट में ना ही 1 लाख नई सरकारी नौकरी का ज़िक्र, न अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण का कोई रोड़मैप, न 500 में सिलेंडर याद रहा न, बेरोज़गारी भत्ता और न ही छात्रों को बस का फ्री पास का जिक्र किया गया।

श्री चंद्राकर ने कहा कि वित्तमंत्री केवल तुकबंदी करते रहे, मोदी की पुरानी अधूरी गारंटियों पर मौन रहकर केवल झूठा यशोगान करते रहे, दूसरी सरकारों के कार्यों और योजनाओं का श्रेय खुद ही ले लिए। यह सरकार पूर्व में संचालित उद्योगों को भी संचालित करने में नाकाम रही है अब नए उद्योग लगाकर रोजगार के अवसर बढ़ाने का झूठा दावा कर रही है। हकीकत यह है कि पिछले 15 महीना के भीतर 300 से अधिक राइस मिल बंद हुए हैं, 450 से ज्यादा स्पंज आयरन और रोलिंग मिल की फैक्ट्रियां बंद हुई है, भाजपा सरकार की उपेक्षा के चलते ही 2-2 सरकारी शक्कर कारखाने प्रदेश में बंद हो गए, यह सरकार नौकरी देने नहीं बल्कि रोज़गार छीनने वाली सरकार है।

पूर्व संसदीय सचिव ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में विश्वविद्यालयों की संख्या 4 से 25 होने में इस सरकार का कोई योगदान नहीं है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने अपने 5 साल के कार्यकाल में आठ नए सरकारी मेडिकल कॉलेज खोले सारे सरकार के दूसरे बजट को मिलाकर कुनकुरी में केवल एक नए मेडिकल कॉलेज की घोषणा हुई है। धरातल पर शुन्य है। पिछले साल 27000 करोड़ से अधिक का कर्ज लेने के बाद इस बजट में फ़िर से लगभग 20000 करोड़ के नए कर्ज का प्रावधान भाजपा सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन और अनर्थशास्त्र का प्रमाण है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में शिक्षा पर कुल बजट का 19.4 प्रतिशत खर्च किया गया था जो अब इस बजट में घटकर मात्र 12 रह गया है। कृषि के क्षेत्र में कुल बजट कांग्रेस के समय लगभग 17 प्रतिशत हुआ करता था, जो अब घटकर मात्र 10 प्रतिशत रह गया है। धान और किसान छत्तीसगढ़ की पहचान है लेकिन भाजपा की सरकार ने कृषि पर बजट आवंटन लगभग 6 प्रतिशत घटा दिया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ओड़िशा में विधानसभा चुनवा के दौरान रबी फसल को भी 3100 रु. में खरीदने की घोषणा कर आए थे। लेकिन, छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए रबी फसल धान के समर्थन मूल्य को लेकर कोई घोषणा नहीं की गई। पीडब्ल्यूडी जैसे महत्वपूर्ण विभाग का बजट कुल बजट का मात्र 5 प्रतिशत रह गया है, इतनी कम राशि से नए निर्माण तो दूर रखरखाव भी संभव नहीं होगा। शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में 8 प्रतिशत की भारी भरकम कटौती भारतीय जनता पार्टी की बदनीयती, दुर्भावना और जन विरोधी नीतियों को प्रमाणित करता है।

दुर्ग मार्ग पर सड़क कटाव से बढ़ रहे गड्ढे, पोल भी हो गए क्षतिग्रस्त

खैरागढ़/नवप्रदेश। सड़कों पर पड़े मटेरियल और लगातार शिकायतों के बाद भी मुख्य सड़क के किनारे हूए कटाव पर मरम्मत और संधारण की कार्यवाही नही होने से बढ़ रहे दुर्घटनाजन्य क्षेत्र का कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने निरीक्षण कर मिशन संडे के तहत कार्यवाही की मांग दोहराई । विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन के नेतृत्व मे शहर के वीआईपी वार्ड अमलीपारा पहुँचे कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही मे सडक् दुर्घटना मे मृत नरसिंग चंद्राकर के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया । सडक् कटाव और जर्जर बिजली खंभे बना सकते हैं बड़ा खतरा

निरीक्षण के दौरान कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने अमलीपारा के मुख्य सडक् में पुलिया के पास मिट्टी का कटाव होने से पूरी तरह झुक चुके विद्युत पोल जो कभी भी गिर सकता है । जिससे जनहानि होने की आशंका है उसका निरीक्षण किया ।

विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते कहा कि खैरागढ़ से दुर्ग जाने वाले मुख्य मार्ग की वर्षो से उचित देखरेख नहीं की जा रही है। सड़क का कटाव लगातार बढ़ रहा है, जिससे सड़क संकरी हो चुकी है और किनारों पर गहरे गड्ढे बन गए हैं। सड़क के नीचे की मिट्टी भी बह चुकी है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ गई है।

कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज सुबह 10 बजे से साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने शासकीय एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं कार्यां की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, अपर कलेक्टर रवि राज ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे तथा अन्य विखं अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े थे।कलेक्टर लंगेह ने कहा कि निर्वाचन समाप्ति के पश्चात शासन के सभी कार्य, योजनाओं का क्रियान्वयन लक्ष्य के अनुरूप करना सुनिश्चित करें एवं कार्यालय में आने वाले आम जनता की समस्याओं का निराकरण नियमित और सुचारू रूप से किया जाए।

बेरोजगार युवाओं के लिए प्लेसमेंट कैम्प आज

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु कार्यालय परिसर बलौदाबाजार में आज बुधवार को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन सुबह 11 से 3 बजे तक आयोजित किया जायेगा। प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक सोनाटा फायनेंस प्रा.लि. बलौदाबाजार द्वारा बिजनेस रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिव के 30 पद, शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, उम्र 18 ये 28 वर्ष, वेतन 14 हजाय रूपये देय होगा, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा, हर्ष एग्रो बलौदाबाजार द्वारा सेल्स एग्जीक्यूटिव के 12 पद, शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण, टेक्ट्रर मेकेनिक के 02 पद, शैक्षणिक योग्यता मेकेनिक, उम्र 18 ये 35 वर्ष वेतन 9 हजार रूपये देय होगा।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)

// निविदा निरस्तीकरण सूचना //

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा, निविदा सूचना/ सिस्टम क्र. 18/162961 एवं 21/162964 दिनांक 16.12.2024 (जी क्रमांक 242504641) की निविदा को अपरिहार्य कारणों से तथा 23/163299 दिनांक 23.12.2024 (जी क्रमांक 242504993) की निविदा शून्य होने के कारण निरस्त किया जाता है।

जी-242505684/4

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड,
खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा टाटीबंध कालोनी रायपुर में निर्मित एम.आई.जी. भवन योजना के अंतर्गत भवन क्रमांक MIG-266 श्री रंगनाथ तिवारी पिता रामयश तिवारी को भाड़ाक्रय/ पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 31/03/2017 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 16/01/25 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्री मोहम्मद फहीम नवी पिता मोहम्मद फारूक के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा)
शास्त्री चौक, रायपुर (छ.ग.) पिन-492001
फोन नंबर :- 0771-4918927
Email- officc.rere.cg@gov.in, website- http://rera.cgstate.gov.in/

// निविदा सूचना //

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक- 570/1 दिनांक 04/03/2025

छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण रायपुर कार्यालय में मानव संसाधन सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निविदा आमंत्रित की तिथि निम्नानुसार है -

- निविदा बिक्री तिथि 05.03.2025 से प्रारंभ होगी।
- निविदा बिक्री की अंतिम तिथि 26.03.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे तक।
- निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 26.03.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक।
- निविदा खोलने की तिथि 26.03.2025 अपरान्ह 4.00 बजे तक।
- निविदा संबंधी शर्तें/मापदण्ड कार्यालयीन समय में छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण कार्यालय अथवा प्राधिकरण के वेबपोर्टल https://rera.cgstate.gov.in/ में निविदा भरने से पूर्व देखी जा सकती है।

निविदा प्रपत्र छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण के वेबपोर्टल https://rera.cgstate.gov.in/ के डाउनलोड सेक्शन से प्राप्त किया जा सकेगा। निविदा आवेदन हेतु राशि रु. 5,000/- (पांच हजार मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट Real Estate Regulatory Fund Chhattisgarh Miscellaneous, Payable at Raipur के नाम से निविदा आवेदन प्रस्तुत करने के साथ संलग्न किया जाना है।

संवाद-43089/1

रजिस्ट्रार
छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण
छत्तीसगढ़ रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर
जोन क्रमांक- 8
मैनुवल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 74/लो.क.वि./न.पा.नि./जोन क्र.-08/2025 रायपुर, दिनांक 04/03/2025

नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक-8 अंतर्गत निम्नांकित प्रस्तावित कार्यों के लिए सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से आयटम दर/पी.डब्ल्यू.डी. रोड/भवन एस.ओ.आर. 2015 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग 2020 आज दिनांक तक संशोधित दर पर त्रि लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।
1. निविदा प्रपत्र हेतु आवश्यक निर्धारित दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10/03/2025 दिन सोमवार सायं 5.00 बजे तक अपूर्ण दस्तावेज का आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।
2. दस्तावेज निरीक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 18/03/2025 दिन मंगलवार।
3. जोन आयुक्त कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर जोन क्रमांक-8 मोहबा बाजार रायपुर (छ.ग.) में त्रि लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25/03/2025 दिन मंगलवार सायं 5.30 तक।
4. प्राप्त समस्त पात्र निविदाएं दिनांक 28/03/2025 दिन शुक्रवार को प्रात) 12.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। अपरिहार्य कारणों निर्धारित तिथि पर निविदा नहीं खुलने पर आगामी तिथि निर्धारित की जावेगी कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का नाम	आगणित राशि लाख में	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	समयावधि	एस.ओ.आर.	फार्म का प्रकार
1	जोन क्र.-08 अंतर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु सार्वजनिक शौचालय में विद्युतीकरण संबंधी सामग्री प्रदाय कर लगाये जाने का कार्य।	2.97	3000.00	750.00	03 माह	Electrical S.O.R.2015	A
2	वीर सावरकर नगर वार्ड क्र.-01 अटारी में निषाद समाज हेतु सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। (विधायक निधि)	10.00	7500.00	750.00	06 माह	P.W.D. S.O.R. 2015	A
3.	जोन क्र.-08 अंतर्गत काउ कैचर वाहन के लिए 04 श्रमिक एवं 01 वाहन चालक कलेक्टर दर पर रखे जाने की स्वीकृत बाबत।	949452.00	7500.00	750.00	12 माह	Collector Rate	A

निविदा की शर्तें :-
1. निविदा के दस्तावेज बंद लिफाफा में रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट से प्राप्त किया जावेगा। 2. ई. पंजीयन प्रमाण पत्र (जीवित) 3. बैंक साल्वेंसी बैंक पासबुक की छायाप्रति, (निविदा आमंत्रण से एक वर्ष तक प्रभावशील होना चाहिए।) 4. GST प्रमाण पत्र एवं GST Retrun (विगत 3 माह) 5. आयकर रिटर्न (विगत 3 वर्ष) तथा 100 रु. का स्टाम्प पेपर निविदा जारी होने की तिथि के पश्चात का शपथ पत्र होना अनिवार्य है। 6. निविदा जारी होने के पश्चात से प्रत्येक कार्य के लिए पृथक-पृथक एफ.डी.आर. मूल एवं छायाप्रति प्रस्तुत होना आवश्यक है। तथा जो एफ.डी.आर. जीवित होना आवश्यक है। 7. त्रि लिफाफा पद्धति में निविदा प्राप्त नहीं होने पर निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।
2. कार्य क्रमांक-03 हेतु उपरोक्त दस्तावेजों के साथ-साथ लेबर पंजीयन/EPF/ESIC पंजीयन प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।
3. टीप - अन्य निविदा की शर्तें एवं जानकारियां कार्यालयीन समय व दिवस कार्यालय जोन क्र. 8 में अवलोकन किया जा सकता है।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-08
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 18542 दिनांक 03.03.2025
वार्ड का नाम- 52- डा. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446O00507 जो कि निगम अभिलेख में श्री KOMAL DARYANI पिता श्री LADHARAM DARYANI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती BHAVNA BITTURWAR पिता/पति श्री W/O UJJWAL BITTURWAR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री राकेश शर्मा
जोन कमिश्नर
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 18543 दिनांक 03.03.2025
वार्ड का नाम- 52- डा. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446N00777 जो कि निगम अभिलेख में श्री ROHIT CHOPRA पिता श्री PRAMOD CHOPRA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती VINOD KUMAR VERMA पिता/पति श्री S/O SHRI VEDRAM VERMA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री राकेश शर्मा
जोन कमिश्नर
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
कोंडागांव वनमंडल के काष्ठागार के e-Auction का संक्षिप्त विवरण

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि दक्षिण कोंडागांव वनमंडल के अंतर्गत कोंडागांव काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ/ जलाऊ/बांस का e-Auction द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जायेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि e-Auction में भाग लेवें। e-Auction की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर वनमंडल कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

वन मंडल का नाम	काष्ठागार का नाम	नीलाम दिनांक व समय
कोंडागांव	कोंडागांव काष्ठागार	07/03/2025 प्रातः 9.00 बजे से

प्रजाति	नया वनोपज			अविक्रित वनोपज			निरस्त वनोपज			योग		
	ई. काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली/डेंगरी (नग में)		ई. काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली/डेंगरी (नग में)		ई. काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली/डेंगरी (नग में)		ई. काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली/डेंगरी (नग में)	
सागौन	1.462	4	4	2.057	161	46	0	0	0	84	3.519	50
साल	1601.423	415	23	1930.242	1	475	0	0	0	531.665	416	498
बीजा	24.172	2	0	39.767	46	23	0	0	0	531.665	48	23
साजा	12.338	34	1	8.807	5	1	0	0	0	21.145	39	2
हल्दू	7.804	1	1	49.418	8	2	0	0	0	57.222	9	3
निलगिरी	0	0	0	58.530	5880	3248	0	0	0	58.530	5880	3248
अन्य	60.581	13	2	43.806	3	9	0	0	0	104.387	26	11
व्या.बास				15.817 N.T.						15.817 N.T.		
योग-	**1707.780**	**469**	**31**	**2132.627**	**6114**	**3804**	**0**	**0**	**0**	**3840.407**	**6583**	**3835**
व्या.बास	0			15.817 N.T.			0			15.817 N.T.		

टीप-
(1) प्रत्येक क्रेता को e-Auction के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
(2) क्रेताओं को e-Auction के पूर्व कय लाटों के अफसेट प्राईज के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
(3) लॉट की थप्पी सूचि एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल में अपने आई. डी. से लॉग इन करके देख सकते हैं।
(4) e-Auction में लॉट क्रय करने के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट के अन्य केताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व कय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

जी-242505646/4

वनमंडलाधिकारी
कोंडागांव वनमंडल
कोंडागांव

शासकीय सेवकों को 53 प्रतिशत महंगाई भत्ता सौगात की घोषणा से समस्त अधिकारी-कर्मचारियों में उत्साह एवं खुशी

■ जिले में एक नये 500 सीटर आवासीय स्कूल भवन का प्रावधान

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 3 मार्च से आयोजित 10 वी बोर्ड परीक्षा में हिंदी के पहले ही पेपर में 565 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। एक मार्च को भी 12 वी की बोर्ड परीक्षा के पहले पेपर में 156 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे थे। जिले में बोर्ड परीक्षा सुचारू रूप से संचालन हेतु कलेक्टर दीपक सोनी ने 13 उड़नदस्ता टिम का गठन किया है जो परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेगी। जिले में इस बार 3 नए परीक्षा केंद्र भी बनाए गए है। परीक्षा कन्ट्रोल रूम पभारी अरूण वर्मा, किशोर वर्मा ने बताया कि सोमवार से 10 वी बोर्ड की परीक्षा चालू हुई पहले हिंदी पेपर में कुल परीक्षार्थी की संख्या 16885 थी,जिसमें कुल 16320 परीक्षार्थी शामिल हुए वही 565 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा कँन्टोल रूम प्रभारियों ने बताया कि पूरे जिले मे छात्र छात्राओं की सुविधा के लिए तीन नये परीक्षा केन्द्र जिसमें शासकीय उच्च. माध्यमिक विद्यालय अकलतरा विकास खण्ड भाटापारा, शा. उ. मा. वि. पनगाँव वि. खण्ड बलौदाबाजार,शा.उ. मा. विद्यालय जाँगडा वि. खण्ड सिमगा बनाए गये हैं।

कलेक्टर दीपक सोनी ने परीक्षा संचालन हेतु जो 13 उड़नदस्ता टिम का गठन किया है उसमें एक दल प्रमुख सहित 4 सहयोगी बनाए गए हैं,जिला नोडल अधिकारी परीक्षा डिप्टी कलेक्टर अरूण सोनकर, सहायक नोडल अधिकारी हिमाँशु भारतीय जिला शिक्षा अधिकारी की बनाया गया है। कक्षा दसवीं हिंदी विषय का पेपर था जो कि शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ,दल प्रमुख डिप्टी कलेक्टर अरुण सोनकर, आर. सोमेश्वर राव द्वारा बलौदाबाजार विकासखंड के शा. बहु.उ. मा. वि. बलौदाबाजार, एम. डी. वी. बलौदाबाजार, गुरूकुल बलौदाबाजार, शा. कन्या शाला बलौदाबाजार दल प्रमुख जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, सहायक संचालक बी.आर. पटेल बलौदा कसडोल विकासखण्ड के मोहतरा क, सेजेस कसडोल, पिसीद, सेल, कटगी, गिरौद्पुरी,किशोर वर्मा तहसीलदार लवन, भूपेंद्र नेताम नायब तहसीलदार बलौदाबाजार द्वारा बलौदाबाजार के सेजेस इंग्लिश मीडियम बलौदाबाजार,शा. कन्या शाला बलौदाबाजार लीलाधर कंवर तहसीलदार पलारी द्वारा दतान पलारी, कोसमंदी,भवानीपुर, विवेक पटेल तहसीलदार कसडोल, ईश्वर केंवट नायब तहसीलदार द्वारा कोसमसरा, सेजेस बोरसी कमलेश कुमार गुप्ता, सहायक सँचालक, माध्यमिक शिक्षा मंडल सदस्य चन्द्रकँत मिश्रा सेजेस कसडोल,यशवंत राज तहसीलदार भाटापारा, प्रेमा मिंज अतिरिक्त तहसीलदार द्वारा पंचम दीवान कन्या उ.मा. वि.भाटापारा, अनिरूद्ध मिश्रा तहसीलदार सिमगा, दिलीप सामल नायब तहसीलदार सुहेला, बालक शाला सिमगा,राजेंद्र टंडन विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार, कैलाश साहू सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा पनगाँव, खटियापाटी, पैजनी, अहिल्दा, लवन,रामजी पाल विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी भाटापारा, भास्कर देवांगन सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा करहीबाजार, खैरा, मोपका, अकलतरा अरविन्द धुव विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कसडोल द्वारा कटगी, गिरौदपुरी,नरेश कुमार वर्मा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पलारी द्वारा छेरकापुर, कोनारी, लच्छनपुर, सोनारदेवरी, ढाल सिंग ठाकुर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सिमगा द्वारा सेजेस सुहेला, मोहभट्ठा, नवापारा का निरीक्षण किया गया,। नकल का कोई भी पकरण नहीं मिला। परीक्षा कँन्टोल रूम के नोडल अधिकारी के. एस. मेरावी सहायक संचालक को बनाया गया है।

■ ▌न्यूज गैलरी

खेल और शिक्षा के क्षेत्र में राजनांदगांव को सीएम और डॉ. रमन ने दी सुविधाएं : मधुसूदन

राजनांदगांव दैनिक नव प्रदेश । नवनिर्वाचित महापौर एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने प्रदेश की जनता को उम्मीद से बढ़कर कल्याणकारी कार्यो व सुविधा के लिए किए जाने वाले कार्यो को बजट में शामिल करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी, वित्तमंत्री ओ.पी.चौधरी सहित विधानसभा अध्यक्ष व स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया है। गरीब-युवा-किसान व नारी के उत्थान के लिए लिये गये निर्णय सहित राजनांदगांव जिले व शहर के लिए बजट प्रावधान को उन्होंने शहर के लिए मील का पत्थर करार दिया है। राजनांदगांव शहर के लिए बजट में रखे गए प्रावधान जिसमें गौरव पथ में नालंदा परिसर की स्थापना जिससे शिक्षा व कैरियर के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर राजनांदगांव को पहचान दिलाने के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ रिप्लेसमेंट, विद्युतीकरण व फ्लड लाईट लगाने के लिए 8.80 करोड़ रू. तथा स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम में विद्युतीकरण कार्यो के संधारण व संचालन तथा इंडोर बैडमिंटन व बॉस्केटबाल कोर्ट में ए.सी. व डी.जी. सेट लगाने एवं विद्युतीकरण हेतु 6 करोड़ रू. का प्रावधान रखा जाना डॉ. रमन सिंह जी के राजनांदगांव के प्रति लगाव व उदारता को प्रदर्शित करता है। अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ और फ्लड लाईट के प्रावधान उपरांत पूर्व सरकार एवं उनके मुख्यमंत्री पर नवनिर्वाचित महापौर ने कटाक्ष करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में फ्लड लाईट की घोषणा उपरांत लाईट लगने की बाट जोहते-जोहते खेलप्रेमी जनता की आंखे थक गयी फिर थक कर उन्हें काका और भांचा को प्रणाम करना पड़ा। उनके द्वारा दिए गए मर्ज और कष्ट का उपचार अंततः डॉ. साहब को करना पड़ा। राजनांदगांव शहर को दी गई उक्त सौगातों के अलावा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृती में सरलीकरण के लिए भी उन्होंने साय सरकार का आभार व्यक्त किया है, जिसमें राजनांदगांव जिले व शहर के पात्र, आवासहीन हितग्राहियों को अब उनका आशियाना प्राप्त हो सकेगा।

राजनांदगांव व डोंगरगांव जनपद पर भाजपा का शानदार कब्जा

राजनांदगांव/नव प्रदेश । भारतीय जनता पार्टी ने आज जिले में संपन्न राजनांदगांव व डोंगरगांव के जनपद पंचायतों में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष दोनो पदों पर क्लीन स्वीप करते हुये कांग्रेस को बुरी तरह मात दी। राजनांदगांव जनपद पंचायत में तो 20 वर्षों में पहली बार भाजपा ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के दोनों चुनावों पर जीत का परचम लहराया।भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिला भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री सौरभ कोठारी ने एक प्रेस बयान में उक्ताशय की जानकारी मीडिया को देते हुये बताया कि आज जिले में दोनों जनपद पंचायतों के चुनाव में भाजपा को एकतरफा जीत मिली। विशेषकर राजनांदगांव जनपद पंचायत में पार्टी के निर्वाचित जनपद सदस्यों से कहीं ज्यादा वोट हासिल किया। दो दशक पश्चात् पार्टी ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के दोनो पदों पर जीत हासिल की, यह करिशमा 20 वर्षों में पहली बार हुआ।

नगर निगम और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए

शांति विजय रेजिडेंट के सामने अवैध प्लाटिंग की तैयारी, प्रशासन मौन!

राजनांदगांव दैनिक नव प्रदेश। शांति विजय रेजिडेंट के सामने, अटल आवास के पीछे मुरूम डालकर अवैध प्लाटिंग की तैयारी की जा रही है, लेकिन प्रशासन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। स्थानीय नागरिकों और जागरूक नागरिक संगठनों ने इस अवैध गतिविधि पर आपत्ति जताई है और नगर निगम से कार्रवाई की मांग की है।

अवैध प्लाटिंग का खेल, प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

सूत्रों के अनुसार, नगर निगम में पैसा देकर किसी भी तरह का काम करवाया जा सकता है। यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि संबंधित ज़मीन मालिक ने खुलेआम कहा है कि ÷सब कुछ सेटिंग से हो रहा है, निगम मेरे जेब में है, पैसा देकर कुछ भी कर सकता हूं।÷ इस बयान ने नगर निगम और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मुरूम डालने का कार्य स्पष्ट रूप से यह संकेत दे रहा है कि इस जमीन

पर प्लाटिंग की योजना बनाई जा रही है। स्थानीय लोग प्रशासन से यह सवाल पूछ रहे हैं कि क्या यह अवैध प्लाटिंग उच्च अधिकारियों की मिलीभगत से हो रही है?

क्या प्रशासन कार्रवाई करेगा या सेटिंग जारी रहेगी?

नगर निगम के नियमों के अनुसार, किसी भी तरह की प्लाटिंग के लिए विधिवत अनुमति लेना आवश्यक होता है। लेकिन यदि बिना अनुमति के इस तरह से प्लाटिंग की जा रही है तो यह स्पष्ट रूप से अवैध है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या प्रशासन इस पर कार्रवाई करेगा या फिर सेटिंग का खेल जारी रहेगा?

कौन ओर किसको बदनाम करने की साजिश?

जिस तरह से यह अवैध प्लाटिंग की जा रही है और नगर निगम पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं, उससे यह संदेह पैदा होता है कि कहीं यह किसी बड़े राजनीतिक षड्यंत्र का हिस्सा तो नहीं है?

स्थानीय नागरिकों की मांग हो निष्पक्ष जांच स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और यदि अवैध प्लाटिंग की पुष्टि होती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। नगर निगम को इस मामले में अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए और यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या इस तरह के अवैध कार्यों को अनुमति दी गई है या फिर यह पूरा मामला किसी मिलीभगत का परिणाम है।

अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस अवैध प्लाटिंग पर क्या कदम उठाता है या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा?

मुरूम डालकर अवैध प्लाटिंग करने की पूरी तैयारी प्रशासन क्यों नहीं कर रही कार्रवाई

सूत्र .पैसा देकर निगम में कुछ भी कराया जा सकता है जमीन मालिक का कहना

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में होनी चाहिए सतत पेयजल आपूर्ति : कलेक्टर

अत्यधिक बोरवेल चलाने के कारण शिवनाथ नदी के भू-जल स्तर में आयी कमी

राजनांदगांव दैनिक नव प्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 195 ग्रामों में भू-जल स्तर नीचे चला गया है, जिससे पानी की समस्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि जनसामान्य में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने की जरूरत है तथा किसानों को कम पानी की आवश्यकता वाली फसल लेने के लिए प्रोत्साहित करें तथा अधिक से अधिक पौधरोपण करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु के दौरान ट्यूबवेल से पानी लेकर सिंचाई करने से भू-जल स्तर में बहुत कमी आ सकती है, इसके लिए किसानों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए कुंआ, तालाब, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सहित वाटर स्ट्रक्चर बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शिवनाथ नदी के तटवर्ती एवं समीपवर्ती ग्रामों में ग्रीष्म ऋतु के दौरान अधिक मात्रा में धान की फसल लेने के कारण तथा अत्यधिक बोरवेल चलाने के कारण भू-जल स्तर में कमी आयी है। उन्होंने कहा कि नदी के 60 प्रतिशत पट जाने के कारण साफ सफाई कराने की जरूरत है। शिवनाथ नदी के गहरीकरण, सफाई एवं वहां पौधरोपण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जल संरक्षण का कार्य आगामी 10 वर्षों तक अभियान की तरह करना होगा, तभी आने वाली पीढ़ी को पानी की समस्या नहीं होगी। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के संबंध में जानकारी ली तथा पेयजल की सतत आपूर्ति के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में पेयजल के लिए स्थायी कार्य करने की पहल करें, ताकि पानी की समस्या हमेशा के लिए दूर हो सके।

सांसद संतोष पाण्डेय की अनुशंसा से बजट में जल संसाधन विभाग को मिली करोड़ों की स्वीकृति

■ राजनांदगांव जिले के शिवनाथ नदी तट हरदी बाढ़ नियत्रं ण कार्य की अनुमानित लागत 500.00 लाख है। जिस पर इस वर्ष 45.00 लाख का व्यय संभावित है।

राजनांदगांव दैनिक नव प्रदेश। राजनांदगांव जिले के शिवनाथ नदी में ग्राम बाकल से भर्रेगांव तक नदी के दोनो ओर बाढ़ नियत्रंण (बैंक प्रोटेक्शन) कार्य की अनुमानित लागत 14000.00 लाख है। जिस पर इस वर्ष 45.00 लाख का व्यय संभावित है। राजनांदगांव जिले के पारागांव एनीकट संरक्षण कार्य की अनुमानित लागत 300.00 लाख है। जिस पर इस वर्ष 45.00 लाख का व्यय संभावित है।

राजनांदगांव जिले के शिवनाथ नदी पर रूदगांव के पास बाढ़ नियंत्रण कार्य की अनुमानित लागत 400.00 लाख है। जिस पर इस वर्ष 45.00 लाख का व्यय संभावित है। राजनांदगांव जिले के मुड़पार एनीकट के समीप बाढ़ नियंत्रण कार्य की अनुमानित लागत 300.00 लाख है जिस पर इस वर्ष 45.00 लाख का व्यय सभांवित है। राजनांदगांव जिले के बगदई एनीकट पचरी एवं तटबंध निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 400.00 लाख है जिस पर इस वर्ष 45.00 लाख का व्यय सभांवित है। राजनांदगांव जिले के झिथराटोला में झुरा नदी किनारे रिटेनिंगवाल निर्माण की अनुमानित लागत 650.00 लाख है। जिस पर इस वर्ष 15.00 लाख का व्यय संभावित है।

राजनांदगांव जिले के राजनांदगांव जिले में स्थित मोहारा एनीकट में पेयजल हेतु चौकी एनीकट से मोहारा एनीकट तक पाईप लाईन के माध्यम से जल प्रदाय कार्य की अनुमानित लागत 15000.00 लाख है।जिस पर इस वर्ष 20.00 लाख का व्यय संभावित है। राजनांदगांव जिले के सोमनी जलाशय क्रमांक 02 उन्नयन कार्य की अनुमानित लागत 150.00 लाख है।जिस पर इस वर्ष40.00 लाख का व्यय संभावित है।राजनांदगांव जिले के बासूला बांध के नहर लाईनिंग कार्य की अनुमानित लागत 300.00 लाख है। जिस पर इस वर्ष 40.00 लाख का व्यय संभावित है।

राजनांदगांव जिले के बोईरडीह जलाशय बांध का जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य की अनुमानित लागत 250.00 लाख है। जिस पर इस वर्ष 40.00 लाख का व्यय संभावित है।राजनांदगांव जिले के घुमरिया व्यपवर्तन जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य की अनुमानित लागत 300.00 लाख है। जिस पर इस वर्ष 40.00 लाख का व्यय संभावित है।राजनांदगांव जिले के ईरा एनीकट निर्माण एवं प्रोटेक्शन कार्य एवं उद्वहन सिंचाई योजना का निर्माण की अनुमानित लागत 800.00 लाख है।

गंज-नंदई चौक में चला प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ अभियान

■ बजाज प्लास्टिक सहित किराना दुकानों पर 3 हजार रूपये अर्थदण्ड व 2 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जप्ती

■ लखोली राम नगर के सड़क में रेत गिट्टी का ढेर, मलमा मण्डप के तहत 3 हजार रूपये जुर्माना

राजनांदगांव दैनिक नव प्रदेश। शासन निर्देश के अनुक्रम में प्लास्टिक मुक्त नगर की परिकल्पना को साकार करने प्लास्टिक का उपयोग प्रतिबंधित किये जाने तथा सडक में बिल्डिंग मटेरियल व मलमा रखने पर मलमा मण्डप के तहत कार्यवाही करने कलेटर व प्रशासक संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित टीम कार्यवाही कर रही है। कार्यवाही की कडी में आज निगम का स्वास्थ्य अमला ने गंज चौक के बजाज प्लास्टिक व किराना दुकान तथा नंदई चौक के किराना दुकानों में दबीस दी और प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय करने पर 3 हजार रूपये अर्थदण्ड वसूला। इसी प्रकार लखोली राम नगर में रेत, गिट्टी बिल्डिंग मटेरियल रखने पर संबंधित से 3 हजार रूपये जुर्माना वसूला गया।

आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि कतिपय लोगों के द्वारा अपने आवास व दुकानों के सामने मलमा तथा दुकानों का समान रखकर सडक में अतिक्रमण कर लिया जाता है, जिससे आवागमन बाधित होने के साथ साथ गंदगी फैलती है। जिसे ध्यान में रखते हुये नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता प्रतिदिन निरीक्षण कर कार्यवाही कर रही है, कार्यवाही के तहत आज लखोली राम नगर में इंद्रकुमार देशलहरा द्वारा रेत, गिट्टी, ईट मटेरियल रखने पर 3 हजार रूपये अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। इसी प्रकार प्लास्टिक प्रतिबंधित करने शासन निर्देश के अनुक्रम में नगर निगम द्वारा प्रतिदिन व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की जॉच कर साफ सफाई रखने, प्लास्टिक के उपयोग व विक्रय पर प्रतिबंध किये जाने समझाईस देने के अलावा कार्यवाही भी की जा रही है। कार्यवाही की कडी में आज गंज चौक व नंदई चौक में दबिस देकर गंज चौक के बजाज प्लास्टिक से 5 सौ रूपये, जुर्माना वसूल 5 सौ ग्राम पालिथीन जप्त किये। इसी प्रकार आर.के. ट्रेडर्स से 5 सौ रूपये तथा नंदई चौक के भारत किराना स्टोर्स से 5 सौ रूपये, गणेश किराना स्टोर्स व मालू किराना स्टोर्स से 3-3 सौ रूपये, बाला जी किराना स्टोर्स व राधेश्याम किराना स्टोर्स से 2-2 सौ रूपये के अलावा झग्गू साहू गन्ना रस,दशरथ साहू, नरेन्द्र देवांगन व छोटेलाल साहू फल दुकान से 1-1 सौ रूपये जुर्माना वसूल कुल 2 हजार 9 सौ रूपये जुर्माना वसूले और सभी से लगभग 2 किलो झिल्ली पन्नी, प्लास्टिक डिस्पोजल गिलास की जप्ती की गयी। उक्त कार्यवाही प्रतिदिन जारी रहेगी।

आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि आज प्लास्टिक के कारण पर्यावरण पर सीधा प्रभाव पड रहा है,साथ ही जानवर द्वारा इसे खाने से उनके शरीर पर दुष्प्रभाव पड रहा है। इन बातो को ध्यान में रखकर शासन ने इसके विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। हम सबके सहयोग से ही यह कार्य संभव होगा। उन्होंने नागरिकों एवं दुकानदारों से अपील करते हुये कहा है कि मलमा सड़क पर न रखे एवं अपने दुकान का समान दुकान की सीमा में रखे तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करे, अन्यथा जप्ती करते हुये अर्थदण्ड की कार्यवाही की जायेगी।

सबका साथ सबका विकास... | किसानों, महिलाओं, बेरोजगारों, शासकीय सेवकों, आदिवासियों, पत्रकारों सहित सभी वर्गों को मिलेगा लाभ

बालोद जिले में सभी वर्गों के लोगों ने की छत्तीसगढ़ सरकार के बजट की सराहना

बालोद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आज छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रस्तुत की गई वर्ष 2025-26 के बजट को बालोद जिले के सभी वर्गों के लोगों ने राज्य को ऊँचाइयों की ओर ले जाने वाली सर्व समावेशी बजट बताते हुए इस बजट की मुक्तकंठ से सराहना की है। राज्य के वित्त मंत्री ओ. पी. चैधरी द्वारा आज छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रस्तुत किए गए बजट पर बालोद जिलेवासियों ने अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए प्रशंसा व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों, महिलाओं, बेरोजगारों, शासकीय सेवकों, आदिवासियो, पत्रकारों सहित सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए बेहतरीन बजट पेश किया गया है। इसके अलावा शिक्षा, रोजगार, चिकित्सा, ग्रामीण एवं शहरी विकास, गुड गवर्नेंस, औद्योगिक विकास, खेल एवं युवा कल्याण, पर्यटन, टेक्नोलॉजी सहित सभी क्षेत्रों के विकास के लिए पर्याप्त मात्रा में राशि का प्रावधान कर राज्य को विकास के पथ पर अग्रणी बनाने हेतु कारगार प्रयास किया गया है। जो कि आने वाले समय में राज्य के चँहुमुखी विकास के लिए 'मील का पत्थर' साबित होगा।

छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त मंत्री श्री ओपी चैधरी द्वारा पेश किए गए राज्य सरकार की बजट की सराहना जिले के पत्रकारों, बुद्धिजीवियों, उद्योगपतियों सहित मेहनत मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले ग्रामीण महिलाओं ने भी की है। आज प्रस्तुत किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम झलमला में कपड़े धुलाई एवं मेहनत मजदूरी कर जीवन-यापन करने वाली ग्रामीण महिला श्रीमती हेमलता निर्मलकर ने बजट की भूरी-भूरी सराहना की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आज प्रस्तुत किए गए बजट में महतारी वंदन योजना के लिए अतिरिक्त राशि का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा महतारी वंदन योजना के बजट में वृद्धि कर हम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सराहनीय प्रयास किया है। इससे हम सभी जरूरतमंद महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ने के साथ-साथ अपने बेहतर एवं सुरक्षित भविष्य के प्रति आश्वान्वित है।

साय सरकार का बजट दिशाहीन : महेंद्र यादव

राजनांदगांव दैनिक नव प्रदेश । जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के महामंत्री तीसरी बार नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नीत भाजपा सरकार द्वारा पेश बजट 2025 आम जनता की उम्मीद के अनुसार नहीं है। सिर्फ दिशाहीन और आंकड़ों का माया जाल है। पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार के बजट से जनता बहुत खुश होती थी और वास्तविक धरातल पर काम किया जाता था। भूपेश बघेल की योजनाओं से आम जनता को लाभ होता था उन योजनाओं को भाजपा सरकार बंद कर आम जनता को तकलीफ में डाल दिया है। किसान व ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए बजट में न कोई व्यवस्था है न कोई प्रावधान है। इस बजट में भाजपा सरकार केवल जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। जिस प्रकार का बजट भाजपा की सरकार पेश कर रही है उसको देखकर ऐसा लगता है कि यह सरकार किसान विरोधी सरकार है।

■ न्यूज गैलरी

गंडई महाविद्यालय में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

गंडई/नवप्रदेश। स्व. देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई में एम.ए. राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आज दिनांक 04.03.2025 दिन मंगलवार को डोंगेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण (चोरडा धाम) में एक दिवसीय स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओ द्वारा मंदिर प्रांगण एवं आस-पास के क्षेत्रों की सफाई किया एवं वहां उपस्थित जनों को सफाई के महत्व का विस्तार से बताया गया, यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. पी. कुर्रे के दिशा-निर्देश में आयोजित किया गया। जिसमें राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष टी. एल. वर्मा, शेषराम गोरे, एवं एम. ए. राजनीति विज्ञान विभाग के समस्त छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे ।

महापौर मीनल चौबे के हाथों सम्मानित हुए मिलिंद कुलकर्णी

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य स्तरीय भव्य दिव्यांग टैलेंट शो एवं फैशन शो दिव्य हीरोज का आयोजन मेक आडिटोरियम समता कालोनी रायपुर में गत दिनों किया गया इस आयोजन की मुख्य अतिथि रायपुर महापौर मीनल चौबे में थी। इस अवसर पर चौबे ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से दिव्यांगजनों को मंच मिलता है जिससे वे अपने अंदर की प्रतिभा से समाज को परिचित करा सकते हैं। मैं संस्था को साधुवाद देती हूं कि वे दिव्यांगजनों के लिए इस तरह का आयोजन कर उन्हें मुख्य धारा में शामिल करने का मौका प्रदान कर रहे हैं। इसी कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों के प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन हेतु स्ष्टस्ष्ट ड्डठ्ठस्त्र स्ढ्ढद्बञ्ज धमतरी के संचालक मिलिंद कुलकर्णी को महापौर मीनल चौबे ने मौमेंटो देकर सम्मानित किया।

शहर के सभी आवासहीन परिवारों को मिलेगा पक्का मकान:चंद्रप्रकाश

■ निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण करने पहुंचे नपाध्यक्ष

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने संकल्प पत्र में 'मोदी की गारंटी' के अंतर्गत राज्य के 18 लाख आवासहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के आवास देने के लिये प्रक्रिया तेज कर दी है। छत्तीसगढ़ सरकार व छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा शहर के प्रत्येक पात्र परिवारों को आवास दिलाने का भी संकल्प लिया है उक्त बातें आज नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत निर्माणाधीन आवासों के निरीक्षण के दौरान कही।

नगर पालिका अध्यक्ष आज सुबह वार्डो में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होनें उपस्थित अधिकारियों को साफ-सफाई व्यवस्था

सुचारू रूप से किये जाने दिशा निर्देश दिये। साथ ही वार्डो में चल रहे प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण भी किया। उन्होने निर्माण हो रहे आवासों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देवें ताकि आवासों में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। साथ ही आवास योजना के हितग्राहियों को समय पर उनका किस्त प्रदान करें। निर्माण कार्य में कोई व्यवधान उत्पन्न ना हो इसक पूर्ण ध्यान रखे।

पात्र परिवारों को मिल रहा आवास योजना लाभ

नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत पात्र परिवारों का आवास निर्माण कराया जा रहा है मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू ने बताया कि अभी शासन की सबसे महत्तवाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास का अब तक 1466 मकान स्वीकृत हुआ है जिसमें से 1265 पूर्ण कर लिया गया है साथ ही 201 मकान प्रगतिरत व प्रक्रियाधीन है उन्होनें बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत सभी पात्र परिवारों को पक्के मकान देने की योजना है

निरीक्षण अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के साथ पार्षद संजीव कुर्रे, रिंकेश वैष्णव, सीएमओ रोहित साहू,उपअभियंता विरेन्द्र नवघरे, राजेश मिश्रा सहित अधिक संख्या में वार्डवासी जन उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री आवास से बदल रही तस्वीर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में पहली मंत्रिपरिषद की बैठक में इस महत्वपूर्ण निर्णय पर मुहर लगा था। छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य के 18 लाख आवासहीन परिवारों को पक्के मकान देने के अपने वादे को निभाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है सरकार की मंशानुरूप कवर्धा शहर के सभी आवासहीन परिवारों को इस योजना के तहत पक्के मकान उपलब्ध कराना है। यह पहल केवल आवासीय सुविधा ही नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक उत्थान का भी एक साधन है।

गरियाबंद के पांचों जनपद पंचायतों पर भाजपा का कब्जा, कांग्रेस का सूपड़ा साफ

संगठन की एकजुटता और बेहतर रणनीति से भाजपा की ऐतिहासिक जीत

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जनपद पंचायत चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। पहली बार जिले की पांचों जनपद पंचायतों पर भाजपा का कब्जा हुआ है, जिससे कांग्रेस पूरी तरह हाशिए पर चली गई है। इसमें फिंगेश्वर में इंद्राणी नेहरू साहू, गरियाबंद में सोहन लाल ध्रुव, छुरा मीरा ठाकुर, मैनपुर में मोईना नेताम और देवभोग में पद्मलया निधि अध्यक्ष बने है। खास बात है कि फिंगेश्वर, मैनपुर और देवभोग में भाजपा समर्थितों ने निर्विरोध जीत दर्ज की है।

इसके अलावा जिले के पांच में से तीन जनपद में उपाध्यक्ष भी भाजपा समर्थित जीत कर आए है। जिसमें गरियाबंद में लेखराम साहू, फिंगेश्वर में सतीश यादव, छुरा में कुलेश्वर सोनवानी शामिल है। मैनपुर देवभोग में कांग्रेस समर्थित नंदिनी तपेश्वर राजपुत और सुधीर अग्रवाल उपाध्यक्ष बने है। हालाकि सुधार अग्रवाल अपने आप भी भाजपा का ही बता रहे हैं। बताया जाता रहा कि पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी के नेतृत्व में उन्होंने भाजपा में प्रवेश किया। इस तरह देखा जाए तो भाजपा खेमे से पांच में से 4 जनपद उपाध्यक्ष बने है।

इधर, भाजपा की इस बड़ी जीत के पीछे राजिम विधायक रोहित साहू, जिला चुनाव प्रभारी सुरेंद्र पाटनी, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक गोवर्धन सिंह मांझी, संतोष उपाध्याय, डमरूधर पुजारी नगर पालिका अध्यक्ष रिखी राम यादव, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गफ्फूमेमन मंडल अध्यक्ष सुमीत पारख, धनराज विश्वकर्मा सहित सभी पदाधिकारी की मजबूत रणनीति और संगठनात्मक एकजुटता अहम रही।

पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि जिले के पांच निकाय में भाजपा समर्थित की जीत हुई है। मतदाताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गारंटी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सुशासन पर भरोसा जताया है। निकाय चुनाव के बाद जनपद में भी भाजपा को ऐतिहासिक बहुमत मिला है। तीन जनपद में निर्विरोध जीत दर्ज की है। यह मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के एक वर्ष के जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यों के

प्रतिफल है जनता ने दिल खोलकर आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा यह पहली बार है जब जिले की पांचों जनपद पंचायतों पर भाजपा का परचम लहराया है।भाजपा की ऐतिहासिक जीत के लिए जिले के सभी पदाधिकारियों, पार्टी संगठन के सभी कार्यकर्ताओं, सभी जनप्रतिनिधियों और प्रदेश नेतृत्व का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा, यह जीत भाजपा की जनहितैषी नीतियों और संगठित प्रयासों की देन है। सभी ने मिलकर चुनाव लड़ा ओर एकजुटता के चलते भाजपा की ऐतिहासिक जीत हुई है। इस जीत से स्पष्ट है मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति जनता का विश्वास और मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा आने वाले समय में हम और मजबूती से जनता की सेवा करेंगे।जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह नकार दिया है। जनता ने केंद्र और राज्य सरकार के जनकल्याणकारी नीतियों, योजनाओं पर भरोसा करते अपना फैसला किया है। भाजपा की इस ऐतिहासिक जीत से कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है, इस अवसर पर गरियाबंद में नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सहित सभी जनपद सदस्य को पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, आशीष शर्मा, अजय रोहरा, सागर मयाणी, परमेश्वर सेन, प्रवीण यादव, तरुण ठाकुर ने बधाई दी।

सरसीवां डाकघर में 15 लाख रुपये खाते से गायब

■ शिकायत के बाद रकम लौटाई गई,अधिकारी बयान देने से बचते रहे

सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़)/नवप्रदेश। सरसीवां डाकघर में एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है, जहां एक व्यापारी के बचत खाते से 15 लाख रुपये अचानक गायब हो गए। पीड़ित व्यापारी जयंत अग्रवाल (52) को खाते से पैसे निकाले जाने का एसएमएस मिलने पर जब इसकी जांच की, तो उन्हें डाकघर के अधिकारियों की टालमटोल और अनियमितताओं का सामना करना पड़ा।

क्या है पूरा मामला?

जयंत अग्रवाल का सरसीवां डाकघर में बचत खाता है, जिसमें उन्होंने नियमित रूप से बचत जमा कर रखी थी। 10 फरवरी 2025 को उनके आरडी खाते से 6,50,826 रुपये बचत खाते में जमा किए गए थे, जिससे कुल बैलेंस 15,85,237 रुपये हो गया था। लेकिन 14 फरवरी को अचानक उनके मोबाइल पर 15 लाख रुपये की निकासी का एसएमएस आया।

जब वे तुरंत डाकघर पहुंचे तो अधिकारियों ने पहले तो बताया कि यह राशि ÷होल्ड÷ में है और एक दिन में वापस आ जाएगी। लेकिन जब जयंत ने 17 फरवरी को बैंक स्टेटमेंट मांगा, तो उन्हें सिर्फ 10 फरवरी तक का ही स्टेटमेंट दिया गया, जिससे उन्हें शक गहरा हो गया।

जब जयंत ने 6 लाख रुपये निकालने की बात कही, तो डाकघर ने अचानक खाते में 15 लाख रुपये जमा कर दिए और उन्हें 6 लाख रुपये निकालने की अनुमति दे दी। इसके बावजूद, 15 लाख रुपये की निकासी और पुनः जमा से संबंधित स्पष्ट स्टेटमेंट देने में अधिकारी आनाकानी करते रहे।

बड़ी गड़बड़ी की आशंका

जयंत अग्रवाल ने दूसरे डाकघर से अपने खाते का पूरा स्टेटमेंट निकलवाया, जिससे पता चला कि 14 फरवरी को उनके खाते से 15 लाख रुपये नगद निकाले गए थे और 17 फरवरी को वही राशि पुनः जमा की गई। इससे यह साफ हो गया कि डाकघर में कुछ गड़बड़ी हो रही थी।इसके बाद जयंत अग्रवाल ने इस मामले की शिकायत सरसीवां थाना और रायपुर के मुख्य डाकघर में की। अब पुलिस जांच में जुटी हुई है और रायपुर से अधिकारी भी सरसीवां डाकघर की जांच करने आ रहे हैं।

शिवरतन शर्मा की अनुशंसा से भाटापारा विधानसभा में करोड़ों की लागत से होंगे विकास कार्य

■ बजट में मिली लगभग 52 करोड़ 44 लाख 22 हजार के विकास कार्य की स्वीकृति

भाटापारा। विदित हो कि छत्तीसगढ़ का 2025-2026 का बजट 03 मार्च को विधानसभा में वित्तमंत्री ओ पी चौधरी के द्वारा प्रस्तुत किया गया..जिसमे भाटापारा विधानसभा में कोलिहा - मोटीयारिडीह मार्ग खोरसी नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण 03 करोड़ 24 लाख 26 हजार एवं देवरीडीह - कोलिहा मार्ग बंजारी नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण 06 करोड़ 48 लाख 96 हजार लागत से निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत की गई है..

साथ ही मोपका - धनेली मार्ग 20 किलोमीटर मजबूतीकरण कार्य के लिए 10 करोड़, करही बाजार पुलिस चौकी से रामपुर (शिवनाथ नदी पुल तक) 04.5 किलोमीटर चौड़ीकारण व मजबूतीकरण कार्य के लिए 04 करोड़ 50 लाख, गुर्रा से जोगीद्वीप मार्ग निर्माण के लिए 02 करोड़, सिमगा शहर में एकमुस्त सुधार कार्य 05.90 किलोमीटर के लिए 16 करोड़ 47 लाख, ग्राम लिमतरा में एकमुश्त सुधार कार्य 01.50 किलोमीटर के लिए 03 करोड़ 74 लाख, कबीर धर्मनगरी दामाखेड़ा में सभा स्थल पहुच मार्ग 01 किलोमीटर (राष्ट्रीय राजमार्ग 130 से केनाल के सर्विस रोड पर सड़क निर्माण कार्य) 02 करोड, कबीर धर्मनगरी दामाखेड़ा मार्ग 02 किलोमीटर सड़क निर्माण पुल पुलिया सहित 03 करोड़, पी.जी. महाविद्यालय भाटापारा बाउंड्रीवाल निर्माण 01 करोड़ की राशि राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है..

उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने दूरभाष द्वारा बजट के विषय मे चर्चा करते हुए कहा कि ÷हमने बनाया है-हम ही सवारेंगे÷ छत्तीसगढ़ राज्य 2025-26 का यह बजट प्रगतिशील छत्तीसगढ़ के संकल्प को पूरा करने वाला बजट है, जिसमें कृषि, शिक्षा, ऊर्जा, अधोसंरचना, स्वास्थ्य सेवा, सुधार, सुशासन एवं संकल्पों को पूरा करने का लक्ष्य भारतीय जनता पार्टी के सरकार ने तय किया है। प्रदेश के सभी वर्गो के कल्याण व छत्तीसगढ़ के समग्र विकास हेतु डबल इंजन की भाजपा सरकार प्रतिबद्ध है.शिवरतन शर्मा ने भाटापारा विधानसभा में मिली स्वीकृति पर कहा की भाटापारा में जितने भी कार्य हुए है सभी भारतीय जानता पार्टी की सरकार में हुए है, भाटापारा क्षेत्र का निरंतर विकास हो और उसके लिए मै कृतसंकल्पति हु।

उक्त स्वीकृति के लिए शिवरतन शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, लोक निर्माण मंत्री अरुण साव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित पूरे सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान में टीचिंग प्लान कम्पिटिशन का आयोजन

खैरागढ़/नवप्रदेश। राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद, रायपुर और स्टरलाइट एड्डंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में टीचिंग प्लान कम्पटीशन का आयोजन डी.एल.एड द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों के लिये किया जा रहा है। इसके तहत राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद ,रायपुर में टीचिंग प्लान प्रतियोगिता का शुभारंभ ऑनलाइन वेबीनार के द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खैरागढ़ में किया गया।

थाना पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्यवाही से मिली सफलता,10 खाता धारक गिरफ्तार

खैरागढ़/नवप्रदेश। देश के विभिन्न इलाको से साइबर ठगी और अपराधिक स्त्रोतों से आनलाइन ठगी की रकम को किराए मे बैंक खाते लेकर लेनदेन करने वाले दस खाता धारको को शिकायत की जांच के बाद गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है । खैरागढ़ थाना क्षेत्र में आनलाईन माध्यम से लोगो से सायबर ठगी करने वालो एवं उनको सहयोग करने वालो पर सतत नजर रखी जा रही है केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समनवय पोर्टल से प्राप्त जानकारी के आधार पर थाना क्षेत्र के अंतर्गत संचालित बैंकों के म्यूल एकांउट खाता धारको के अवलोकन/जांच में कुल 19 बैंक खाता धारको के एकाउंट में देश के अलग अलग राज्यो में हुए अलग अलग सायबर ठगी की रकम करीब 2,88,33,185 रूपये को 19 खातों में जमा कर उपरोक्त कुल 19 बैंक खातो में अवैध धन लाभ अर्जित करने के लिए बैंक खातो का इस्तेमाल कर रकम प्राप्त करना साथ ही इन खातो के संबंध में दिगर राज्यों में आन लाईन शिकायत पंजीबद्ध होना पाया गया। संदिग्ध कुल 19 बैंक खातो का उपयोग आनलाईन ठगी के रकम प्राप्त करने में प्रयोग होने व अवैध धन लाभ अर्जित करने के लिए उपयोग में लिया जाना तथा उपरोक्त खाता धारको द्वारा यह जानते हुए कि उक्त रकम छल से प्राप्त किया गया है तथा कई खाते जिसमे साईबर फ्राड के पैसे एक से अधिक बार जमा हुए है उपरोक्त खाता धारको द्वारा अपराधिक षडयंत्र कर साईबर फ्राड कर अवैध धन खातों में अर्जित करना पाये जाने से उपरोक्त कुल 19 म्यूल खाता धारको के विरूद्ध बीएनएस की धारा 317(2), 317(4), 318(4), 61 (2)(क) बीएनएस 2023, 66-डी आईटी एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर उक्त बैंक के खाता धारको से पुछताछ में खाता धारक आरोपीगण द्वारा देश के अलग अलग हिस्सो से साइबर ठगी की राशि को अपने एकाउंट मे लेने ,अपने बैंक खाता को किराये पर देने इसके लिए बकायदा कमीशन मिलने की बात स्वीकार किया है । प्रकरण में अब तक 2 करोड़ 88 लाख 33 हजार 01 सौ 85 रूपये के लेनदेन की जानकारी मिली है। प्रकरण मे अन्य खाता धारको की पतासाजी की जा रही है।10 खाता धारकों के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने के बाद आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया है।

बजट में शिक्षक एलबी संवर्ग की पदोन्नति का रास्ता साफ करे सरकार

खैरागढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्कूल भवनों के निर्माण हेतु 30 करोड़ के प्रावधान, स्टार्टअप के लिए अलग से बजट, ई गावर्नेस् को बढ़ावा देने, शिक्षा मे नवाचार गतिविधियों को बढ़ावा, नालन्दा परिसर के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षा मे युवाओं को तैयारी मदद के घोषणाओ का स्वागत करते छग शिक्षक संघ जिला इकाई ने पदोन्नति पर सरकार का रूख स्पष्ट नही होने पर नाराजगी जताई है । छग शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कमलेश्वर सिंह ने कहा कि शैक्षणिक गुणवत्ता मे सुधार हेतु यह पर्याप्त नहीं है । शासन द्वारा सहायक शिक्षकों को पदोंनत कर प्रधान पाठक औरं शिक्षकों को पदोंन्नत कर माध्यमिक विद्यालयो मे प्रधान पाठक नियुक्त कर दिया है । लेकिन 1998 से निरंतर 30 वर्ष से व्याख्याता के एक ही पद पर कार्यरत कर्मचारियों को अब तक ना तो पदोंन्नति दी गयी है और ना ही क्रमोन्नत वेतनमान दिया गया है। सहायक शिक्षक के 30 हजार तथा 10 हजार शिक्षक के पद रिक्त होंगे ऐसे मे शिक्षा की गुणवत्ता मे सुधार की अपेक्षा कैसे करेंगे । वर्तमान सरकार ने घोषणा पत्र को संकल्प पत्र बताते हुए मोदी की गारन्टी पुरा करने कहा था शिक्षक (एल बी) संवर्ग को पूर्व सेवा की गणना कर पेंशन एवं चार स्तरीय समयमान वेतन देने की घोषणा थी इस बजट मे पुरानी सेवा की गणना करते हुए एक ही पद, 10 वर्ष की सेवा अवधी, पूर्ण तिथि से प्रथम 20 वर्ष मे द्वितीय तथा 30 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर तृतीय उच्चतर वेतनमान देने , पुरानी पेंशन का लाभ देने घोषणा की आशा थी ।

भावना बोहरा के नेतृत्व में भाजपामय हुआ पंडरिया

■ जनपद चुनाव में भाजपा अधिकृत प्रत्याशी चुने गए अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष

कवर्धा/नवप्रदेश। आज जनपद पंचायत पंडरिया में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपना परचम लहराया है। विधायक भावना बोहरा के नेतृत्व में इस बार पंडरिया विधानसभा के नगर पालिका व दोनों पंचायतों में भाजपा अध्यक्षों की जीत के साथ ही जनपद पंचायत पंडरिया में भी भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी नंदिनी साहू जनपद अध्यक्ष एवं भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी छत्रकिशोर तिवारी जनपद उपाध्यक्ष चुने गए। अध्यक्ष पद हेतु नंदिनी साहू के समर्थन में 25 में से 19 सदस्यों ने अपनी सहमती दी वहीं उपाध्यक्ष पद हेतु छत्रकिशोर तिवारी के समर्थन में 23 में से 18 सदस्यों ने समर्थन दिया। इस अवसर पर बातचीत के दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने जनपद पंचायत पंडरिया की अध्यक्ष नंदिनी साहू एवं उपाध्यक्ष छत्रकिशोर तिवारी को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा ही महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है। एक महिला होने के नाते मुझे इस बात पर गर्व हो रहा है कि पंडरिया विधानसभा अंतर्गत नगर पालिका पंडरिया एवं नगर पंचायत पांडातराई में भाजपा की महिला प्रत्याशी अध्यक्ष चुनी गई और जनपद पंचायत अध्यक्ष के रूप में भी एक महिला को नेतृत्व करने का अवसर मिला है।पंडरिया विधानसभा की जनता ने भारतीय जनता पार्टी के प्रति अपना जो अपार समर्थन दिया है उसके लिए मैं हृदय से उनका आभार व्यक्त करती हूँ। आज महिलाओं को प्रोत्साहित करने के साथ ही भाजपा उन्हें अपने क्षेत्रों का नेतृत्व करने का भी अवसर दे रही है इसका प्रत्यक्ष प्रमाण आप सभी के सामने हैं।

पिछला बजट ज्ञान पर फोकस था, यह बजट छत्तीसगढ़ की गति पर फोकस है : रंजना

धमतरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने विधानसभा में विष्णुदेव साय सरकार की बजट जारी होने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा के विष्णु सरकार के बजट में विकसित छत्तीसगढ़ का विजन दिखाई दे रहा है, जिसमें पहले बजट में शिक्षा पर ध्यान दिया गया था और इस बजट में छत्तीसगढ़ के विकास की गति को आगे बढ़ने पर ध्यान दिया गया है। छत्तीसगढ़ के विकास का बजट सिद्ध होगा 2025 का यह बजट, इसमें छत्तीसगढ़ के सभी संभागों को ध्यान में रखते हुए विकास की नई बजट पेश की गई है जिसमें पेट्रोल के वेट में कटौती, कर्मचारियों के लिए तोहफा दिए, पेंशन फंड में निवेश, सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुलिस प्रशासन में नवीन भारत रक्षित वाहनी का गठन, स्कूलों और कॉलेजों में शिक्षकों की भर्ती, बस्तर क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का प्रावधान, डेयरी विकास, समग्र योजना में फण्ड का प्रावधान, कृषि पंपों के निशुल्क विद्युत प्रदाय हेतु योजना का शुभारंभ, शहरी क्षेत्रों व ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केंद्रों में विस्तार, स्वच्छता, पेयजल, नगरी निकायों में अधोसंरचना विकास कार्य के लिए प्रावधान, आईटीआई और पॉलिटेक्निक कॉलेज का अपग्रेशन, नवीन शासकीय नर्सिंग कॉलेज का निर्माण, तीर्थ यात्रा योजना का विस्तार, फूड पार्कों का निर्माण, मुख्यमंत्री रिंग रोड योजना जैसे अनेक विकास कार्य को ध्यान में रखकर यह बजट पेश की गई है।

सीएम साय की अगुवाई में वेटलैंड बचाने उठाए गए महत्वपूर्ण कदम

■ तालाबों और जलाशयों की हो रही खास देखरेख

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ राज्य में वेटलैंड संरक्षण और प्रबंधन को सुदृढ़ करने में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महती भूमिका रही है। उनके नेतृत्व में राज्य सरकार ने वेटलैंड्स के संरक्षण, पुनर्स्थापन और सतत उपयोग के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

वेटलैंड्स का महत्व

वेटलैंड्स, जिन्हें आर्द्रभूमि भी कहा जाता है, पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे जल शोधन, बाढ़ नियंत्रण, जैव विविधता संरक्षण और स्थानीय समुदायों के लिए आजीविका के स्रोत के रूप में काम करते हैं लेकिन शहरीकरण, कृषि विस्तार और औद्योगिकीकरण के कारण वेटलैंड्स पर दबाव बढ़ा है, जिससे उनका आज की परिस्थिति में उसका संरक्षण आवश्यक हो गया है जिसकी सुध राज्य के मुख्यमंत्री ने बहुत गम्भीरता के साथ ली है। छत्तीसगढ़ में कई प्राकृतिक और कृत्रिम जलाशय, तालाब और जल स्रोत वेटलैंड का रूप में विकसित हुए हैं, जो जैवविविधता के संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है. गिधवा-परसदा और कोपरा जलाशय जैसे वेटलैंड क्षेत्र, प्रवासी पक्षियों के लिए उपयुक्त स्थल हैं, जहां हर वर्ष हजारों पक्षी प्रवास के लिए आते हैं।

प्रशासन की पहल

मुख्यमंत्री बनने के बाद विष्णुदेव साय ने वेटलैंड संरक्षण को प्राथमिकता दी और इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए.राज्य में वेटलैंड्स के संरक्षण और प्रबंधन के लिए एक समर्पित प्राधिकरण की स्थापना की गई. यह प्राधिकरण वेटलैंड्स की पहचान, संरक्षण योजनाओं का निर्माण और उनके कार्यान्वयन की निगरानी करता है. वेटलैंड्स के सतत उपयोग और संरक्षण के लिए राज्य सरकार ने एक व्यापक नीति बनाई है. इस नीति में वेटलैंड्स के संरक्षण, पुनर्स्थापन, और सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री साय ने स्थानीय समुदायों को वेटलैंड संरक्षण में शामिल करने पर जोर दिया. सामुदायिक सहभागिता से न केवल वेटलैंड्स का संरक्षण संभव हो पा रहा है, बल्कि स्थानीय लोगों की आजीविका में भी सुधार हो रहा है. वेटलैंड्स के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए राज्यव्यापी अभियान चलाए गए. स्कूलों, कॉलेजों और समुदायों में कार्यशालाओं और सेमिनारों का आयोजन किया गया। वेटलैंड संरक्षण परियोजनाओं के लिए राज्य सरकार ने भरपूर वित्तीय सहायता प्रदान की है जिसके कारण वेटलैंड्स के पुनर्स्थापन और संरक्षण के कार्यों में ज़बरदस्त तेजी आई है।

राज्य सरकार द्वारा वेटलैंड संरक्षण को लेकर किया जा रहा यह प्रयास महत्वपूर्ण हैं. प्राधिकरण की बैठक में लिए गए निर्णयों से न केवल वेटलैंड की पहचान और संरक्षण को बल मिलेगा, बल्कि राज्य में जैव विविधता, जल संसाधन प्रबंधन और सतत विकास में भी सहायक होगा।

राज्य के मुखिया विष्णुदेव साय के दिशा निर्देश पर यह बैठक वन मंत्री एवं अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य वेटलैंड प्राधिकरण की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ राज्य में वेटलैंड संरक्षण और प्रबंधन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य वेटलैंड प्राधिकरण की बैठकों का आयोजन होता रहा है. होने वाली दूसरी बैठक में बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य जैवविविधता बोर्ड के अध्यक्ष, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वी. श्रीनिवासन, जल संसाधन विभाग के सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो, वन विभाग, आवास एवं पर्यावरण, प्रमुख अभियंता जल संसाधन इंद्रजीत उइके, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, मत्स्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में वन मंत्री ने राज्य के सभी जिलों की जिला वेटलैंड संरक्षण समितियों को अपने-अपने क्षेत्रों में वेटलैंड के संरक्षण और संवर्धन के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, अन्य राज्यों में वेटलैंड प्राधिकरण के सदस्य सचिवों के वित्तीय अधिकारों का अध्ययन कर संशोधित प्रस्ताव शासन को भेजने के भी निर्देश दिए।

वेटलैंड संरक्षण की दिशा में प्रमुख उपलब्धियां

मुख्यमंत्री साय की पहल से छत्तीसगढ़ में वेटलैंड संरक्षण के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल हुई हैं. राज्य में वेटलैंड्स की पहचान और उनका मानचित्रण किया जा सका है. इससे उनकी निगरानी और संरक्षण में सहायता मिल रही है. वेटलैंड संरक्षण के कारण राज्य में जैव विविधता में वृद्धि हुई है. कई विलुप्तप्राय प्रजातियों की संख्या में भी सुधार देखा जा रहा है. वेटलैंड्स के संरक्षण से इको-टूरिज्म को बढ़ावा मिला है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ हुआ है.वेटलैंड्स के संरक्षण से जल संसाधनों का संरक्षण संभव हुआ है, जिससे कृषि और पेयजल की आपूर्ति में भी सुधार हुआ है। भविष्य में वेटलैंड संरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री साय की योजना है कि इसके लिए और अधिक संसाधन आवंटित किए जाएंगे, स्थानीय समुदायों की सहभागिता और बढ़ाई जाएगी और वैज्ञानिक अनुसंधान को और प्रोत्साहित किया जाएगा..

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने वेटलैंड संरक्षण के क्षेत्र में अद्भुत प्रगति की है. साय सरकार की पहल से न केवल वेटलैंड्स का संरक्षण संभव हुआ है, बल्कि राज्य की जैव विविधता, जल संसाधन और स्थानीय अर्थव्यवस्था में भी सुधार हुआ है।

संक्षिप्त खबरें

रायपुर में पेट्रोल पंप संचालक के साथ लूट

रायपुर/नवप्रदेश । राजधानी रायपुर में अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। ताजा मामला माना थाना क्षेत्र का है, जहां पेट्रोल पंप संचालक के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया गया। बदमाशों ने पहले कारोबारी की कार को टक्कर मारी और फिर मारपीट कर 76 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। रायपुर के कौशल्या विहार गेट के सामने यह घटना घटी। स्ह फ्यूल्स के संचालक हरीश अग्रवाल रात के समय अपने काम से लौट रहे थे, तभी 2 अज्ञात बाइक सवार लुटेरों ने उनकी कार को पीछे से टक्कर मारी। जैसे ही हरीश अग्रवाल कार से बाहर निकले, बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया और 76 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। घटना की खबर मिलते ही देर रात बड़ी संख्या में कारोबारी थाना पहुंचे और पुलिस से सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की।

प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर स्वामी ज्ञानवत्सल से पाएं जीवन में सफलता के मंत्र

रायपुर/नवप्रदेश। JITO रायपुर चैप्टर द्वारा "PRERNA – IGNITE YOUR PASSION" कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. स्वामी ज्ञानवत्सल अपने प्रेरणादायक विचार साझा करेंगे। यह आयोजन 8 मार्च 2025 को बालबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, बुढ़ापारा, रायपुर में होगा। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 4.00 बजे होगी, जहां स्वामी ज्ञानवत्सल परिवारिक संबंधों और व्यावसायिक नेतृत्व पर अपनी गहरी अंतर्दृष्टि साझा करेंगे। यह सत्र लोगों को मूल्यों पर आधारित नेतृत्व के माध्यम से रिश्तों को मजबूत करने और सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा।यह कार्यक्रम निःशुल्क है, लेकिन प्रवेश केवल पास के माध्यम से होगा। पास अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स, ए.टी. प्लेस, सिटी कोतवाली चौक, सदर बाजार रोड, रायपुर से प्राप्त किए जा सकते हैं। JITO रायपुर सभी व्यापारिक पेशेवरों, उद्यमियों और परिवारों को इस प्रेरणादायक सत्र का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करता है, जहां वे स्वामी ज्ञानवत्सल की अनमोल शिक्षाओं से लाभान्वित हो सकेंगे।

किसानों की ट्रेक्टर रैली को रोकना अलोकतांत्रिक कदम: अनिल दुबे

रायपुर/नवप्रदेश। गांधीवादी सत्याग्रह कर रहे किसानों की ट्रेक्टर रैली को महासमुंद कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने अवैधानिक रूप से रोककर नदी पार आने जाने वाले यातायात को बाधित किया है। कलेक्टर एवं एसपी द्वारा की गई कार्रवाई अघोषित आपातकाल है। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में छत्तीसगढ़ संयुक्त कियान मोर्चा के अध्यक्ष अनिल दुबे वेगेंद्र सोनबेर ने संयुक्त रूप से दी। पत्रकारवार्ता में दुबे ने कलेक्टर पर आरोप लगाया कि वह करणी इस्पात उद्योग के एजेंट की तरह कार्य कर रहे हैं। उन्होंने रैली को बाधित कर उच्च न्यायालय के आदेश का भी उल्लंघन किया है। 40 गांव को प्रदूषित कर तुमगांव सहित अनेक क्षेत्रों में प्रदूषित जल की आपूर्ति की जा रही है। जिससे न केवल ग्रामीण अपितु मवेशी भी प्रभावित हो रहे हैं। शांतिपूर्ण आंदोलन 25 फरवरी को किसान कर रहे थे। जिन्हें जबरिया रोकने के लिए सड़कों के बीच तुमगांव हाइवे पर लंबे ट्रक अड़ाकर यातायात रोका गया। उन्होंने जाम में फंसी एंबुलेंस को जाने देने का पुलिस अधिकारियों से आग्रह किया जिसे दुबे के अनुसार डीएसपी टीआई ने ठुकरा दिया।

रायपुर में स्टार्टअप और निवेश पर हुई चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा आज रविवार को इनोव 8 में एक विशेष स्टार्टअप एवं इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर के प्रमुख निवेशक, सफल उद्यमी और स्टार्टअप संस्थापक शामिल हुए। इस कार्यक्रम में व्यवसायिक संभावनाओं, निवेश रणनीतियों और नवाचार पर गहन चर्चा हुई। प्रिंटमाइन के संस्थापक हर्ष अग्रवाल ने अपनी प्रेरणादायक उद्यमशीलता यात्रा साझा की, जिससे नए उद्यमियों को दिशा मिली। इसके अलावा, ब्लैकस्टोन के प्रबंध निदेशक, मैनकाइंड के इन्वेस्टमेंट लीड, डंजो के संस्थापक और मेट्री के संस्थापक रोहित कश्यप ने बिजनेस ग्रोथ, निवेश और स्टार्टअप सफलता पर विचार-विमर्श किया। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए स्टार्टअप संस्थापकों और निवेशकों ने नेटवर्किंग की और सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा की। यह आयोजन रायपुर को एक मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

भाई ने भाई का सिर फोड़ा, अपराध दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। तेलीबांधा थाना क्षेत्र में दो भाईयों के बीच उपजे विवाद में एक भाई ने दूसरे के सिर पर लोहे के रॉड से हमला कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। जानकारी के अनुसार मोहम्मद ईशाक का गैरेज है, जिसमें भाई का भी हिस्सा है। 2 मार्च को मोहम्मद इकबाल अवन्ति विहार गैरेज पहुंचा और अपने भाई से बिना पूछे गैरेज का सामान बेचने लगा। जिसका विरोध करने पर मोहम्मद इक़बाल गाली गलौज पर उतर आया और इतना ही नहीं लोहे की पाईप से अपने भाई मोहम्मद ईशाक के सिर पर हमला किया।

रोजाना 100 मेट्रिक टन गीले कचरे से बनाई जाएगी बायो गैस

रायपुर/नवप्रदेश। केन्द्र सरकार की अभिनव योजना के अंतर्गत रांवाभाठा बिरगांव क्षेत्र में भारत पेट्रोलियम कम्पनी द्वारा रायपुर नगर पालिक निगम की रिक्त भूमि पर शीघ्र कंप्रेस्ड बायो गैस संयन्त्र लगाने का कार्य किया जायेगा। रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने भारत पेट्रोलियम कम्पनी के क्षेत्रीय प्रभारी अधिकारी सहित छत्तीसगढ़ बायो फ्यूल डेवलपमेन्ट अथारिटी के अधिकारी लव त्यागी, रायपुर नगर निगम अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, कार्यपालन अभियंता स्वच्छ भारत मिशन रघुमणि प्रधान, सहायक अभियंता योगेश कडु की उपस्थिति में कंप्रेस्ड बायो गैस संयन्त्र लगाने चयनित स्थल का निरीक्षण किया। बायो गैस संयन्त्र में प्रतिदिन 100 मेट्रिक टन गीले कचरे से बायो गैस बनाने का कार्य किया जायेगा। इस हेतु भारत पेट्रोलियम कम्पनी को गीला कचरा प्रतिदिन नियमित रायपुर नगर पालिक निगम, बिरगांव नगर पालिक निगम, खरोरा, अभनपुर, तिल्दा -नेवरा नगरीय निकायों से उपलब्ध करवाई जाएगी. इससे कंप्रेस्ड बायो गैस संयन्त्र में रायपुर जिले के बड़े क्षेत्र के नगरीय निकायों में निकलने वाले गीले कचरे का सुव्यवस्थित निष्पादन प्रतिदिन नियमित हो सकेगा.।

रायपुर में जल संकट! 32 टंकियों से नहीं होगी पानी सप्लाई

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम फिल्टर प्लांट की 1400एमएम व्यास की रॉ-वाटर पाइपलाइन में भाठागांव चौक के पास लीकेज मरम्मत कार्य के चलते 4 मार्च की शाम शहर की 32 टंकियों से पानी की सप्लाई नहीं हो हुई। कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र ने बताया कि मरम्मत में लगभग 10 घंटे शटडाउन किया जाएगा। जिसके चलते 150 एमएलडी के 28 और 80 एमएलडी प्लांट के 4 ओवरहेड टैंक में शाम को सप्लाई के लिए पानी का भराव नहीं हो पाएगा. मंगलवार की शाम इन टंकियों से पानी नहीं मिलेगा. 5 मार्च की सुबह सप्लाई यथावत कर दी जाएगी. सुधार कार्य के चलते 150 एमएलडी प्लांट से भरने वाले ओवरहेड टैंक भाठागांव, चंगोराभाठा, कुशालपुर, डीडीनगर, ईदगाहभाठा, सरोना, टाटीबंध, कोटा, कबीर नगर, जरवाय, गोगांव, मठपुरैना, लालपुर, अमलीडीह, अवंति विहार, मण्डी, मोवा, सड्डू, दलदल सिवनी, रामनगर, कचना, आमासिवनी, देवपुरी, बोरियाखुर्द, जोरा, भनपुरी नया, रायपुरा, कुकुरबेड़ा एवं नया 80 एमएलडी प्लांट से भरने वाले ओवरहेड टैंक बैरनबाजार नया, देवेन्द्र नगर नया, संजय नगर एवं मोतीबाग ओवरहेड टैंक शामिल हैं.

साइंस कॉलेज मैदान में राज्य स्तरीय मड़ई, बिना शुल्क लगा सकेंगे स्टॉल

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार, 4 मार्च 2025 से 8 मार्च 2025 तक रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 'सशक्त महिला, समृद्ध महिला' विषय पर राज्य स्तरीय महिला मड़ई का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य प्रदेश की महिलाओं को सशक्त बनाना और उनके उत्पादों को प्रोत्साहित करना है। मड़ई में प्रदेश के महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित सामग्रियों की प्रदर्शनी और बिक्री की जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ-साथ एनआरएलएम, वन विभाग, पंचायत विभाग आदि के महिला स्व-सहायता समूहों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के लिए निःशुल्क स्टॉल प्रदान किए जाएंगे।

स्थानीय महिला उद्यमियों, उत्पादकों और स्टार्टअप्स को भी इस मड़ई में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

कलिंगा में दो दिवसीय वैश्विक सम्मेलन

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय, नया रायपुर में दिनांक 28 फरवरी और 01 मार्च 2025 को आयोजित वैश्विक सम्मेलन 2025 एक ऐतिहासिक कार्यक्रम था, जिसमें कानून, मध्यस्थता, अर्थव्यवस्था और समाज में उभरते रुझानों पर चर्चा करने के लिए कानूनी विशेषज्ञ, नीति निर्माता और शिक्षाविद एक साथ आए। विश्वविद्यालय के विधि संकाय द्वारा कई प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन ने बौद्धिक विचार-विमर्श के लिए एक जीवंत मंच के रूप में कार्य किया।

भव्य उद्घाटन समारोह की शुरुआत एक पारंपरिक दीप प्रज्वलन समारोह से हुई। इस समारोह में प्रतिष्ठित वक्ताओं ने कानूनी ढाँचों, सतत विकास और वैश्विक विवाद समाधान तंत्रों पर महत्वपूर्ण चर्चाएं की। इन चर्चाओं ने दो दिनों तक विचारोत्तेजक वातावरण बनाए रखा। कलिंगा विश्वविद्यालय के विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) अजीमखान बी. पठान ने स्वागत भाषण में सम्मेलन के महत्व पर प्रकाश डाला तथा कानूनी क्षेत्र में अकादमिक संवाद और व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका पर जोर दिया।

कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. श्रीधर ने सामाजिक विकास में कानूनी ढांचे की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा शासन में कानून की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर दिया। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने कानून और सतत विकास लक्ष्यों के बीच संबंध पर प्रकाश डाला तथा समान विकास को बढ़ावा देने के लिए कानूनी तंत्र की आवश्यकता पर बल दिया।

श्रीलंका के सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति सलीम मार्सूफ के मुख्य भाषण में वैश्विक विवाद समाधान तंत्र का गहन विश्लेषण किया गया, जिसमें विशेष रूप से मध्यस्थता और वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) पर ध्यान केंद्रित किया गया। भारत के सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता एवं कानूनी सलाहकार तथा जेआरडी एंड पार्टनर्स के प्रबंध साझेदार एडवोकेट के. रिजु राज एस. जामवाल ने कानूनी पेशे पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रभाव का अन्वेषण किया।

भक्तों को करना होगा लंबा इंतजार

■ भद्रा का साया, होलिका दहन के लिए मिलेंगे मात्र 64 मिनट

रायपुर/नवप्रदेश। होलिका दहन के लिए इस बार भक्तों को लंबा इंतजार करना पड़ेगा। देर रात तक इंतजार करने के बाद ही भक्तगण होलिका दहन कर सकेंगे। फाल्गुन पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 13 मार्च को सुबह 10.35 मिनट पर होगी और अगले दिन 14 मार्च को दोपहर 12.23 तक रहेगी। 13 मार्च को भद्रा पूंछ शाम 6.57 मिनट से रात 8.14 तक रहेगी। इसके बाद भद्रा मुख का समय शुरू हो जाएगा जो रात 10.22 मिनट तक रहेगा। इसके बाद ही होलिका दहन करना शुभ होगा।

हालांकि भद्रा 10 बजकर 22 मिनट को समाप्त हो जाएगी, लेकिन दहन के लिए 13 मार्च को रात 11 बजकर 26 से देर रात 12 बजकर 30 मिनट का समय उत्तम माना जा रहा है। इस तरह से होलिका दहन के लिए 64 मिनट का समय भक्तों को मिलेगा। पुराणों के अनुसार भद्रा सूर्य की पुत्री और शनि देव की बहन है। भद्रा क्रोधी स्वभाव की मानी गई है। इसी वजह से भद्रा के समय किसी भी काम की शुरुआत वर्जित मानी गई है। भद्राकाल में होलिका दहन करना अनिष्ठ का स्वागत करने के समान माना जाता है।

वर्ष का पहला चंद्रग्रहण : इस वर्ष होली के दिन 14 मार्च को आश कि चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। भारतीय समय अनुसार सुबह 9:27 मिनट पर उपछाया ग्रहण शुरू होगा और 10 बजकर 39 मिनट पर आंशिक और 11 बजकर 56 मिनट पर पूर्ण चंद्रग्रहण समाप्त हो जाएगा। ग्रहण का समय दिन का होने के कारण यह भारत में नजर नहीं आएगा और इसी कारण इसका असर भी भारत पर नहीं होगा। ग्रहण का प्रभाव मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया, अंटार्कटिका, यूरोप के कई हिस्सों, उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका, अफ्रीका के बड़े हिस्से सहित अन्य जगहों पर पड़ेगा।

आंदोलन की रह पर — *छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाएं होंगी प्रभावित*

बजट से एनएचएम कर्मचारी मायूस, आंदोलन की बनाई रणनीति

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के 25वें बजट में छत्तीसगढ़ एन.एच.एम. के 16 हजार कर्मचारियों को निराशा हाथ लगी है। नियमितीकरण सहित लंबित 18 मांगों को पूरा करने के लिए बजट वित्त वर्ष 25-26 में किसी प्रकार की घोषणा नहीं हुई। अब छत्तीसगढ़ प्रदेश एन.एच.एम. कर्मचारी संघ सरकार के खिलाफ बड़े प्रदर्शन करने की तैयारी में है. इससे प्रदेशभर की स्वास्थ्य सेवाएं बड़े स्तर पर प्रभावित होंगी।

छत्तीसगढ़ प्रदेश एन.एच.एम. कर्मचारी संघ लंबे समय से नियमितीकरण सहित 18 बिंदु को लेकर संघर्ष कर रहे हैं. पिछली सरकार ने एन.एच.एम. कर्मियों के वेतन में 27 प्रतिशत की राशि की बढ़ोतरी की घोषणा की थी. इस संबंध में संविदा कर्मचारी संघ ने विधायक, मंत्री सहित मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा, लेकिन अबतक निराकरण नहीं हो सका। प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमित मिरी ने बताया कि बजट सत्र 2025-26 में एन एच एम कर्मचारियों के लिए क़ोई भी ठोस निर्णय नहीं आने से कर्मियों में अंदर-अंदर बड़ी योजना बना रहे हैं साथ ही विधानसभा का फिर से घेराव किया जा सकता हैं।

एन.एच.एम. कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अमित मिरि, प्रदेश मीडिया प्रभारी पूरन आनंद ने बताया कि प्रदेश में जब कांग्रेस की सरकार थी तो इन एन एच एम कर्मियों के मांगो का समर्थन देने डॉ रमन सिंह, अरुण साव, विजय शर्मा, ओपी चौधरी, केदार कश्यप सहित भाजपा के तमाम दिग्गत नेता आये थे. प्रदेश में भाजपा सरकार बनने पर 100 दिवस के अंदर निराकरण की बात बोला गया था, जो 15 माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं हो पाया. इस सरकार के दूसरे बजट में इन कर्मियों को भारी अपेक्षा थी, 16000 हजार से भी अधिक एन एच एम कर्मियों के मांगो को बजट में समाहित कर राहत देंगे, लेकिन एनएचएम कर्मियों के लिए कुछ भी समाहित नहीं हैं, जिससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश और निराशा है। प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार है, सरकार बदली चुनाव में बड़े-बड़े वादे हुए, लेकिन एन.एच.एम. कर्मचारी संविदा स्वास्थ्य कर्मियों की समस्या जस की तस बनी हुई हैं।

ये हैं 18 सूत्रीय माँगे

1.नियमितिकरण.2.एन.एच.एम. कर्मचारियों का पे-स्केल/ग्रेड-पे निर्धारण3.लंबित 27 प्रतिशत वेतन-वृद्धि का भुगतान4.विभिन्न पदों मे वेतन विसंगति5.सेवा पुस्तिका निर्धारण6.कार्य मूल्यांकन व्यवस्था में सुधार और पारदर्शिता7.वेतन पुनरीक्षण8.तबादला व्यवस्था मे अनियमितता 9.चिकित्सा परिचर्या10.अवकाश नियम में बदलाव11.अनुकंपा नियुक्ति 12.पदोन्नति का प्रावधान तथा भर्ती में एनएचएम कर्मचारियों को नियमित पाठ्यक्रम की बाध्यता से छूट13.अनुकंपा अनुदान राशि में वृद्धि14.कार्य आधारित मूल्यांकन में रूके 05 प्रतिशत वेतन-वृद्धि का भुगतान 15.चिरायु योजना के तहत् कार्य कर रहे एम.एल.टी. के वेतन विसंगति 16.ई.पी.एफ. का लाभ17.मुख्यालय निवास नियम में बदलाव18.शासकीय आवास का आबंटन।

न्यूज गैलरी

मेगा एम.एस.एम.ई. आउटरीच अभियान की शुरुआत



रायपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार के विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप, यूनियन बैंक ऑफइंडिया ने आज देश भर में सप्ताहांत तक चलने वाले मेगा एम.एस.एम.ई. आउटरीच अभियान की शुरुआत की। रायपुर में आउटरीच अभियान का उद्घाटन माननीय सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने महाप्रबंधक (स्ट्रेटेजी, केंद्रीय कार्यालय मुंबई) श्री राजीव झा और क्षेत्र प्रमुख, रायपुर श्री अनुज कुमार सिंह की उपस्थिति में किया। इस अभियान में बैंकों के उद्यमी अनुकूल एम.एस.एम.ई. उत्पादों जैसे एम.एस.एम.ई. सुपरफास्ट, युवाशक्ति, यूनियन नारीशक्ति, सरकारी योजनाएं और वित्तीय समावेशन को प्रदर्शित किया गया। कैंप में 500 से अधिक उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों ने भाग लिया और पात्र ग्राहकों को 200 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई, जो राज्य के विकास लक्ष्यों के प्रति बैंकों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 7 मार्च को ऋण मुक्ति शिविर का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 07 मार्च 2025 को पंजाब नेशनल बैंक, मंडल कार्यालय भोपाल , सहित मंडल कार्यालय के अंतर्गत आने वाली समस्त शाखाओं में ऋण मुक्ति शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ऋण मुक्ति शिविर का उद्देश्य एन.पी.ए उधारकर्ताओं को विशेष छूट प्रदान कर उन्हें ऋण मुक्त करना है। एन.पी.ए उधारकर्ता अपने खातों का निपटान एक मुश्त समझौते के अंतर्गत कराकर न्यायिक व्यवधानों से मुक्ति पा सकते हैं। ऋण मुक्ति शिविर, भोपाल के अंचल प्रमुख श्री शैलेन्द्र सिंह बोरा की अध्यक्षता में , मंडल प्रमुख श्री मनोज ढींगरा के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा। योजना से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए पंजाब नेशनल बैंक की समस्त शाखाओं एवं अंचल सस्त्र एवं मंडल सस्त्र कार्यालय अरेरा हिल्स भोपाल से संपर्क किया जा सकता हैं।

भारतमाला परियोजना : मुआवजा राशि आबंटन में गड़बड़ी

- **जगदलपुर निगम आयुक्त निर्भय साहू पर गिरी निलंबन की गाज**

जगदलपुर/नवप्रदेश। भारतमाला परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण में गड़बड़ी करने पर तत्कालीन एसडीएम और अब जगदलपुर नगर निगम आयुक्त निर्भय साहू (राप्रसे) को निलंबित कर दिया है। शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाने वाले राज्य प्रशासनिक अधिकारी निर्भय कुमार साहू को निलंबित किया है । उनके ऊपर आरोप है कि भूमि अधिग्रहण के दौरान वास्तविक मुआवजे से ज्यादा मुआवजा राशि निजी भूस्वामियों को गलत तरीके से दी, जिससे सरकार को आर्थिक नुकसान हुआ। इसके अलावा, निर्भय कुमार साहू (राप्रसे) पर आरोप है कि उन्होंने भू-अर्जन की प्रक्रिया में अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के काम पर ठीक से निगरानी नहीं रखी और अपनी जिम्मेदारी को सही तरीके से नहीं निभाया, जिससे अनियमितताएं और लापरवाही हुईं। यह कार्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियमों का उल्लंघन माना गया। इसलिए, सामान्य प्रशासन विभाग ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन के दौरान, निर्भय कुमार साहू का मुख्यालय जगदलपुर के आयुक्त कार्यालय में रखा गया है। निलंबन अवधि के दौरान, उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा जैसा कि नियम 53 के तहत तय है।

क्या है भारत माला परियोजना : भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत देश के अलग-अलग हिस्सों को एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जा रहा है। भारतमाला परियोजना एक राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना है।इसमें सीमा और अंतरराष्ट्रीय संपर्क वाली विकास परियोजनाएं शामिल हैं। इस परियोजना में बंदरगाह और सड़कें, राष्ट्रीय गलियारों में सुधार और राष्ट्रीय गलियारों का विकास भी शामिल है। इसके अलावा पिछड़े क्षेत्रों,धार्मिक व पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए जाते है । सड़कों के विस्तार और विकास के लिए बनी भारतमाला परियोजना 1998 में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार द्वारा शुरू की गई कई प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजनाओं सहित सभी मौजूदा राजमार्ग परियोजनाओं को समाहित कर देगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा वर्ष 2017-18 से भारतमाला कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस परियोजना से पूरे देश में सड़क संपर्क में सुधार,आर्थिक गलियारों से कार्गो की त्वरित आवाजाही में वृद्धि,अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में वृद्धि,निवेश में तेजी एवं रोजगार सृजन में वृद्धि होने की संभावना सुनिश्चित करता है ।

रायपुर-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस-वे : रायपुर-विशाखापट्टनम एक्सप्रेसवे, भारतमाला परियोजना का हिस्सा है,पीएम मोदी ने जुलाई 2023 में इसका शिलान्यास किया था। यह एक 6-लेन एक्सप्रेस वे है, जो छत्तीसगढ़, ओडिशा, और आंध्र प्रदेश से होकर गुज़रेगाद्य यह मार्ग विशाखापट्टनम से शुरू होकर चिंतलवलसा, विजयनगरम, सालूरु के बाद ओडिशा के कोरापुट, उमरकोट, बहेड़ा और दिघली के बाद छत्तीसगढ़ की सीमा में प्रवेश करेगा। छत्तीसगढ़ में कुरुद के रास्ते यह सड़क रायपुर तक आएगी। यह मार्ग रायपुर से कुरुद, दिघली, नगरी, बोराई से लिखमा तक नेशनल हाईवे जा रहा है। कॉरिडोर बनने के उपरांत छत्तीसगढ़ सीधे ओडिशा से भी जुड़ पाएगा साथ ही रायपुर और विशाखापट्टनम के बीच की दूरी भी कम होगी। रायपुर से विशाखापट्टनम की दूरी करीब 546 किलोमीटर है और इसे तय करने में 12 घंटे लगते हैं। कॉरिडोर बन जाने के बाद दूरी घटकर 464 किलोमीटर हो जाएगी और समय सिर्फ 7 घंटे ही लगेगा। इसके अलावा ट्रैफिक से भी निजात मिलेगी। इस एक्सप्रेस-वे पर 80 चरूप्रति घंटे की रफ्तार से गाड़ियां दौड़ सकेंगीद्य इससे आम नागरिकों के साथ-साथ कारोबारियों को भी फ़ायदा होगा। इसके अलावा आयरन ओर, धान-चावल, और दूसरे सामान को जापान, चीन, ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में निर्यात किया जा सकेगा।

हाईटेक होगी पूरी सड़क, जानवरों का भी ख्याल

इसके निर्माण में जंगली जानवरों का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। जंगलों में हाईवे पर बाउंड्री वॉल होगी। इस सिक्सलेन कॉरिडोर में जानवरों के लिए 27 अंडर-पास बनाए जा रहे हैं। इन अंडरपास के जरिए एक छोर से दूसरे छोर तक जानवर आ-जा सकेंगे। यह साउंड-प्रूफ भी होगा। साथ ही बंदरों को पार करने के लिए कैनोपी का निर्माण किया जाएगा।

कैट ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी की तारीफ की

रायपुर/नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी जी ने प्रदेश के बजट 2025 पेश किया गया। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी ने प्रदेश के बजट 2025 पेश किया गया।

1. छत्तीसगढ चेम्बर ऑफ कामॅर्स को रियायत दर पर भूमि उपलब्ध का प्रावधान किया गया । 2. लॉजिस्टिक्स और इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार - प्रदेश में लॉजिस्टिक्स, ट्रांसपोर्ट और व्यापारिक इंफ्रास्ट्रक्चर को सुधारने के लिए बजट में जो प्रावधान किए गए हैं 3. कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना - राज्य में कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने का निर्णय किसानों और उद्यमियों के लिए समान रूप से लाभकारी होगा। 4. यह विकासशील नहीं, बल्कि ÷विकसित÷ बजट है, जो राज्य के व्यापारिक समुदाय, स्टार्टअप्स, डैडम् और किसानों को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने स्कूल शिक्षा सचिव को ज्ञापन सौंपा

रायपुर /नवप्रदेश । बर्खास्त बी.एड. प्रशिक्षित सहायक शिक्षक, जो अपनी सेवा सुरक्षा की मांग को लेकर लगातार संघर्षरत हैं, ने आज स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव को ज्ञापन सौंपकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित अंतर्विभागीय समिति की द्वितीय बैठक जल्द से जल्द आयोजित करने का आग्रह किया। बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों को अनेक संकटों का सामना करना पड़ रहा है।

आर्थिक संकट- बेरोजगार हो चुके सहायक शिक्षकों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। बिना किसी आर्थिक सहयोग के, सरकार ने उन्हें अचानक बेरोजगार कर दिया, जिससे वे गंभीर वित्तीय संकट में है। लोन का भुगतान असंभव हो गया है। परिवार के लिए राशन जुटाना कठिन हो गया है।

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./ब-121/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक/आवेदिका भेषमणी साहू पिता/पति कल्याण साहू निवासी ग्राम बोरई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) की जन्म/ मृत्यु दिनांक 08/05/1983 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07/02/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 21/02/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-27/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रमेश कुमार साहू पिता स्व. हजारीलाल निवासी वार्ड 36 दुर्गा मंदिर के पास गंजपारा दुर्ग मौजा ग्राम निकुम प.ह.न 29 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 441/1, 933/1 कुल रकबा 0.3700 हे. को खाता विभाजन कर अलग-अलग ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु न्यायालय में आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 26.03.2025 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.03.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 20250210450033
विषयः अ-6/सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

कापसी प.ह.न. 00005(436(0.0600 हे.)

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- सुनीता, संगीता, रोशनलाल, चित्ररेखा, केजाबाई/ अनावेदक पक्षकार - केजाबाई, रोशनलाल, चित्ररेखा, सुनीता, संगीता।

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम कापसी प.ह.नं. 5 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक रोशनलाल पाण्डेय पिता स्व. रामखिलावन निवासी रायपुरा जिला रायपुर द्वारा ग्राम कापसी प.ह.नं. 5 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित आवेदित भूमि में दर्ज खातेदार संगीता पिता रामखिलावन की मृत्यु दिनांक 04.03.2017 एवं केजाबाई पति रामनारायण का दिनांक 14.01.2020 को मृत्यु हो जाने से व उनके वारिसान नहीं होने से उनका नाम विलोपित कर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत आधार पर न्यायालय मे प्रकरण विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत तिथि 24.03.2025 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.02.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार पाटन (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202503103000014 /अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कांतिलाल चंदेल पिता स्व. गंगदेव जाति- सतनामी पता- ग्राम व पोष्ट- हनोदा तहसील व जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) के द्वारा आवेदक के पिता गंगदेव पिता चमरू के नाम से मौजा हनोदा प.ह.नं. 53 स्थित भूमि खसरा नंबर 188, 791 रकबा कमश :- 0.1900, 0.0200 हे. भूमि भूमिस्वामी हक में स्थित है। आवेदक के पिता गंगदेव पिता चमरू का स्वर्गवास दिनांक 02/06/2024 को हो चुका है जो कि उनके स्वर्गवास हो जाने से उनके निम्न विधिक वारिसानः- 1. तेजराम चंदेल (पुत्र) 2. कांतिलाल चंदेल (पुत्र) 3. तुलसी प्रसाद चंदेल (पुत्र) 4. उषा बाई चेलक - (पुत्री) 5. हेमलता (पुत्री) 6. गया बाई चंदेल (पत्नि) आवेदक के पिता गंगदेव पिता चमरू का स्वर्गवास हो जाने से वर्णित उल्लेखित भूमि की राजस्व रिर्कार्ड से उनका नाम विलोपित होकर विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19/03/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04/03/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202503103000012 /अ-27/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 1. राजाराम पिता अगराहिज 2. राजकुमार पिता अगराहिज दोनो निवासी- हनोदा विरूद्ध शरद पिता अगराहिज, शंकर पिता अगराहिज दोनो निवासी- ग्राम हनोदा तहसील व जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) के द्वारा सहखातेदार के नाम पर मौजा- हनोदा प.ह.नं. 53 रा.नि.मं. उतई तहसील व जिला दुर्ग में स्थित खसरा नंबर - 352 रकबा 0.2600 हे. एवं 367 रकबा 0.4000 हे. राजस्व अभिलेख में शामिलात खाता दर्ज है। आवेदकगण एवं अनावेदकगण के नाम संयुक्त खाते होने से कृषि कार्य करने में परेशानी होती है इसलिये उक्त खाता को आपसी बंटवारा के आधार पर बराबर-बराबर बंटवारा कर अलग-अलग खाता विभाजन किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19/03/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03/03/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202502103000040 /अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका केता श्रीमती लता सोनवानी ध.प. श्री सुखेन लाल सोनवानी जाति- सतनामी पता- शीतला नगर वार्ड क्रमांक-14 उतई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम उतई प.ह.न.-52 स्थित भूमि खसरा नंबर 1139/8 कुल रकबा 0.0981 हे0 मे से 560 वर्गफीट भूमि को विक्रेता हेमंत देवांगन पिता स्व. उमरचंद देवांगन खुद तथा बहैसियत आम मुख्तयार वेदप्रकाश देवांगन पिता स्व. उमरचंद देवांगन वगैरह पता लक्ष्मी निवास, गांधी नगर, गुढ़ियारी रायपुर तहसील व जिला रायपुर से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 28/10/2020 को कय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को केता के नाम पर प्रामाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06/03/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24/02/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ती शिबती (SHIBATI) पति झुमुक (JHUMUK) निवासी म. नं. 616/क, शिवाजी चौक, चरोदा, तह. भिलाई 3 जिला दुर्ग (छ.ग.) की रहने वाली हूं, जोकि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ कि यह कि, मैं दर्शित पते पर निवास करती हूँ व मेरी जन्मतिथि 01/05/1949 है। यह कि, मेरे आधार कार्ड क्र. 4683 6831 4851 में मेरा नाम शिवबती साहू (SHIVBATI SAHU) पति झुमुक लाल साहू (JHUMUK LAL SAHU) व मेरी जन्मतिथि 01/01/1948 त्रुटिवश अंकित हो गया है, जबकि मेरे मतदाता परिचय पत्र व मेरे पति के पेंशन रिकार्ड में मेरा नाम शिबती (SHIBATI) पति झुमुक (JHUMUK) व मेरी जन्मतिथि 01/05/1949 अंकित है, यही मेरा सही व वास्तविक नाम व जन्मतिथि है। यह कि, शिवबती साहू (SHIVBATI SAHU) पति झुमुक लाल साहू (JHUMUK LAL SAHU) एवं शिबती (SHIBATI) पति झुमुक (JHUMUK) दोनों एक ही महिला अर्थात मेरा स्वयं का नाम है अतः नाम में एकरूपता लाने हेतु शासकीय गजट में उक्त नाम परिवर्तन की सूचना दर्ज कराना चाहती हूं। मेरे सही व वास्तविक नाम शिबती (SHIBATI) पति झुमुक (JHUMUK) व जन्मतिथि 01/05/1949 को शासकीय गुजट में प्रकाशित करवाने व उस आधार मेरे आधार कार्ड व समस्त निजी, शासकीय अर्द्धशासकीय दस्तावेजों व अन्य अभिलेखों में अंकित करवाने के समर्थन में यह शपथ पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत है।

शपथकर्ती शिबती

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- /अ-20(3)/ वर्ष 2024-25
पंजी. 202503103800011

आवेदक रमेश कुमार सेन आ. कुंजबिहारी, निवासी ब्राम्हण पारा, दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग नजूल स्थित शीट क. 29 ए, भूखण्ड क. 28/1, रकबा 88.00 वर्गमीटर धारक अजय कुमार आ. स्व. कृष्ण कुमार सेन एवं अन्य 03 के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा उक्त भूखण्ड को दिनांक 04.02.2025 को पंजीकृत हक त्याग विलेख के आधार पर हक त्यागकर्ता का नाम विलोपित किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई 19.03.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.02.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202502101200027 /अ-27/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अलखराम पिता भनवार निवासी रिसामा मौजा ग्राम रिसामा प.ह.न 33 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 81/2, 355/2, 435/2, 1042/2 कुल रकबा 1.87 हे. को खाता विभाजन कर अलग-अलग ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु न्यायालय में आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 24.03.2025 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.02.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-1 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202502104700027 /अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है किः आवेदक श्री जगदीश प्रसाद सार्वा पिता- श्री झाडू राम सार्वा उम्र 72 वर्ष निवासी सांई नगर उरला तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा स्थित भूमि मौजा- कचान्दुर प0ह0नं0-17, रा0नि0मं0 - जामुल तहसील व जिला दुर्ग छ0ग0 में स्थित भूमि खसरा नंबर- 996/42, 998/44 रकबा 0.0089 हे0 लगान 0. 02 पैसे भूमि आवदक के पुत्र खोमेन्द्र कुमार सार्वा के नाम से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी खोमेन्द्र कुमार सार्वा पिता- श्री झाडूराम सार्वा का स्वर्गवास दिनांक 13/01/2025, को हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से मृतक का नाम विलोपित कर चूंकि मृतक अविवाहित होने के कारण उसके स्थान पर उनके माता पिता का नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 24/03/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28/02/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 20250210450034
विषयः अ-6/सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

कोपेडीह प.ह.न. 00005(425(0.0100 हे.)

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- डेमनलाल भगत अनावेदक पक्षकार - डेमनलाल भगत

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम कोपेडीह प.ह.न. 5 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि विषयान्तर्गत आवेदिका एकता भगतपति स्व. डेमनलाल निवासी नया चंगोराभाठा रायपुर द्वारा ग्राम कोपेडीह प.ह.नं. 5 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित आवेदित भूमि खसरा नं (विचाराधीन रकबा) 425/5 (0.0100 हे.) में दर्ज खातेदार डेमनलाल भगत पिता दीनदयाल की मृत्यु दिनांक 07.08.2024 को मृत्यु हो जाने से उनका नाम विलोपित कर स्व. डेमनलाल के वारिसान काव्या भगत, सेया भगत पिता डेमनलाल व आवेदिका के नाम फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत तिथि 24.03.2025 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.02.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार पाटन (छ.ग.)

आम-सूचना

मेरे पक्षकार श्री रंजीत कुमार सिंह (Ranjeet Kumar Singh) आत्मज श्री सुगंधी प्रसाद सिंह उम्र 48 वर्ष, सा.- MIG-1/430 -1/430, हुड़को, आमदी नगर, वार्ड नं.-56, VTC-Bhilai West पोस्ट ऑफिस भिलाई वेस्ट, जिला दुर्ग, (छ.ग.), पिनकोड-490009, का निवासी है। मेरे पक्षकार की पुत्री का पूर्व नाम आकांक्षा सिंह उसके जन्म प्रमाण पत्र तथा पूर्व की कक्षाओं की अंकसूची में दर्ज है। मेरे पक्षकार की पुत्री का सही नाम व वास्तविक नाम आकांशा सिंह (Akansha Singh) आत्मज श्री रंजीत कुमार सिंह (Ranjeet Kumar Singh) है जो कि मेरे पक्षकार की पुत्री के आधार कार्ड में दर्ज है। उक्त वर्णित दोनों नाम आकांक्षा सिंह एवं आकांशा सिंह एक ही व्यक्ती का नाम है अर्थात मेरे पक्षकार की पुत्री का ही नाम है, इस नाम का अन्य कोई व्यक्ति नहीं है।

मेरा पक्षकार भविष्य के समस्त शासकीय, अशासकीय दस्तावेजों, अभिलेखों, में एवं अन्य अ अभिलेखों दस्तावेजों में अपनी पुत्री का नाम - आकांशा सिंह (Akansha Singh) आत्मज श्री रंजीत कुमार सिंह (Ranjeet Kumar Singh) दर्ज करवाना चाहता है, तथा भविष्य में आवेदक की पुत्री इसी नाम से जानी, पहचानी, लिखी, पढ़ी, जावेगी। उक्त नाम परिवर्तन के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, बैंक, तमिति व अन्य को कोई आपत्ति हो तो वह सात दिवस के भीतर आवेदक के वर्णित पते पर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें। म्याद अवधि पश्चात प्रस्तुत दावा, आपत्ति में कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगा। सो सूचना जानें।

श्रीमती शिल्पा मजुमदार
अधिवक्ता-
जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9340147772

न्यायालय नायाब तहसीलदार भिलाई 3 के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202502103900012/
विषयः अ-74/ सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

मोरीद प.ह.न. 00005 (हे.)

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-बलराम वर्मा अनावेदक पक्षकार- छत्तीसगढ़ शासन

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधरण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बलराम वर्मा पिता-स्व. जगत राम वर्मा निवासी-ग्राम मोरिद तह.भिलाई-3 जिला-दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा मौजा ग्राम मोरिद प.ह.नं.05 रा.नि.म.भिलाई-3 तह. भिलाई-3 जिला-दुर्ग (छ.ग.) में स्थित दर्ज भूमि खसरा नं.321/2 रकबा 0.3800 हेक्टे. भूमि का ऋण पुस्तिका गूम हो जाने के कारण आवेदक द्वारा उक्त भूमि का (डुप्लीकेट) ऋण पुस्तिका बनवाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। प्रकरण दर्ज

अतः उक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर लिखित रूप में नियत दिनांक 12/03/2025 तक इस न्यायालय में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.02.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202502103000044 /ब-121/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भूषणलाल साहू आ. रत्तीराम साहू पता- ग्राम मचान्दुर तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा बुधुराम साहू पिता मदन लाल साहू के मृत्यु पंजीयन करने हेतु स्थानीय रजिष्ट्रार (जन्म/मृत्यु) को जन्म-मृत्यु रजिष्ट्रीकरण म.प्र. (सह पठित छत्तीसगढ़ राज्य) नियम 1973 के नियम 10 (3) के अंतर्गत निर्देश देने हेतु आवेदन किया है। प्रार्थना पत्र के संकथन जो कि / शपथ-पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र जो क्रमांक 63/10.02.2025 पर आधारित है से संतुष्ट हूँ कि बुधुराम साहू का मृत्यु ग्राम मचान्दुर पर दिनांक 09/11/1982 अक्षरी नौ नवम्बर उन्नेस सौ बियासी को हुई है। अतः इस आदेश द्वारा मैं निर्देशित करता हूँ कि बुधुराम साहू पिता मदन लाल साहू के मृत्यु की प्रविष्टि को संबंध रजिष्ट्र में दर्ज किये जाने आवेदन प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10/03/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25/02/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202502103000037 /अ-6अ/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक यशवंत कुमार साहू पिता कुंजलाल साहू निवासी- पाउवारा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा कुंजलाल पिता केजू साहू द्वारा पंजीकृत बयनामा दिनांक 20 अप्रैल 1987 को अपने नाबालिक पुत्र शंकर व यशवन्त के नाम से मौजा पाउवारा प.ह.नं. 55 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 193/3 का टुकड़ा रकबा 0.20 हे. भूमि को विक्रेता बिन्दा बाई बेवा भुवन सिंह व जीयन बाई जौजे मोहन लाल साहू साकिन पाउवारा से कय किया गया है जिसका रजिष्टर्ड बयनामा प्रकरण में संलग्न है। उपरोक्त भूमि के संबंध में रा.प्र.क. 1621/6 वर्ष 1990-91 में आदेश दिनांक 25/11/1990 को प्रमाणीकरण हेतु आदेश प्रदान किया गया है एवं संशोधन पंजी वर्ष 1989-90 में दर्ज किया गया है जिसका संशोधन कमांक 14 दिनांक 05/06/1990 है जिसकी प्रति प्रकरण में संलग्न है। संशोधन पंजी वर्ष 1989-90 पश्चात् वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं किया गया है। उपरोक्त भूमि कय करते समय आवेदक शंकर व यशवन्त पिता कुंजलाल नाबा0 थे जो वर्तमान स्थिति में बालिग अवस्था में है। आवेदक राजस्व रिकॉर्ड में बालिक अवस्था में आने पर नाम (शंकर लाल साहू) व यशवन्त कुमार साहू पिता कुंजलाल साहू) आवेदक का नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12/03/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24/02/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-

रा.प्र.क्र.//अ-6अ/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक दिलीप कुमार नायक पिता स्व. बादल चंद नायक निवासी सिंधिया नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम तितुरडीह, प.ह.न. 41, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 17/9 रकबा 0.0110 हे. जो कि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में भूमिस्वामी हक में दर्ज है। जिसे आवेदक के द्वारा भूमि का नामांतरण कराकर ऋण पुस्तिका प्राप्त किया गया है, जारी ऋण पुस्तिका में हकप्राप्तकर्ती इंदिरा विश्वास पिता स्व. अरूण विश्वास का नाम दर्ज है, किन्तु वर्तमान ऑनलाईन में हक त्यागकर्ती भाष्मती विश्वास पिता स्व. अरुण कांति विश्वास का नाम प्रदर्शित नहीं हो रहा है, जो कि त्रुटिपूर्ण है का लेख करते हुये हक त्यागकर्ती भाष्मती विश्वास का नाम विलोपित करते हुये हकप्राप्तकर्ती इंदिरा विश्वास का नाम दर्ज कर रिकार्ड शुद्ध किये जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11.03.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.02.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202501103300040 /अ-74/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र.कं 202501103300040 /1-74 वर्ष 2024-25 आवेदक बुदधे लाल पिता अर्जुन लाल साहू निवासी खुरसुल तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा मौजा ग्राम खुरसुल प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. अंजोरा (ख) तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 645/1 रकबा 0. 0350 हे. भूमि जो कि आवेदक के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु चालान की मूल प्रति बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 10/03/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 22.01.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202502101000083 /अ-6/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक करण कुमार पिता रामलाल चौधरी निवासी सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 स्थित भूमि खसरा नं. 5442, 5444/2 रकबा 0.0200, 0.0200 हे भूमि आवेदक एवं अन्य के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक के नाम के आगे लगे नाबालिक शब्द को हटाये जाने के संबंध में आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 10.03.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.02.2025 के मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202502101000036/अ-6अ/सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

कोहका प.ह.न. 00045 हे.

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-करण कुमार अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक करण कुमार पिता/पति/विभाग-रामलाल चौधरी पता-सुपेला द्वारा ग्राम - कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.म. कोहका. तहसील व् जिला दुर्ग की भूमि ख.न. 5442, 5445/2 रकबा 0.02, 0.02 हे. भूमि को आवेदक द्वारा ऋय कर नामान्तरण कराकर ऋण पुस्तिका प्राप्त कर लिया गया है। उक्त भूमि वर्तमान पटवारी अभिलेख में विक्रेता का नाम दर्ज है। आवेदक का नाम प्रदर्शित नही हो रहा है!

उपरोक्त भूमि का नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनाक 12/03/2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है! निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/02/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांकः आर/प्रस्तुतकार/वि.अधि./2024-25

फार्म-अ

सार्वजनिक सूचना (विषय-6 देखिये)

सर्वसाधारण को जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक रोहित कुशवाहा पिता मुलु सिंह कुशवाहा निवासी मकान नं. 106 तितुरडीह दुर्ग जिला-दुर्ग (छः ग.) पिन नं.491001 आवेदिका बिंदिया बाग पिता बलराम बाग निवासी जलाराम वाटिका वार्ड नं 54 अमर बिल्डर के पीछे पुलगांव दुर्ग (छ.ग.) पिन नं. 491001 द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 06/03/2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि. के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 25/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

मुहर — अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांकः 92/प्रस्तुतकार/वि.अधि./2024-25

फार्म-अ

सार्वजनिक सूचना (विषय-6 देखिये)

सर्वसाधारण को जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक रविशंकर सिंह चंदेल पिता चिंतामणी चंदेल निवासी वार्ड 18 गली नं. 3 नियर रेल्वे फाटक, तुलसीपुर बख्तावर चाल राजनंदगांव जिला राजनांदगांव छ.ग. आवेदिका हिमांशु श्रीवास पिता संतोष कुमार श्रीवास निवासी वार्ड नं. 8 बजरंग नगर गुलाब किराना स्टोस के पास सुंदर नगर भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 06.03.2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 27.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी है।

मुहर — अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00017 सिकोला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430107400036

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00017 के अंतर्गत ग्राम सिकोला के वर्तमान भूमिस्वामी खोमेन्द्र कुमार सार्वा पिता/पति जगदीश प्रसाद सार्वा पता मकान नं. 920 स्ट्रीट नं. 01 सांईनगर वार्ड 58 दुर्ग कबीरपुर उरला तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 24/35(0.0350) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता निर्माला सार्वा पिता/पति जगदीश प्रसाद सार्वा पता सांईनगर उरला तह. व जिला दुर्ग, जगदीश प्रसाद सार्वा पिता झाडूराम सार्वा पता सांई नगर उरला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.03.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.02.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20242511116126

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी गिरीश कुमार नखत जैन पिता/पति स्व. दीपचंदन पता गवलीपारा के पीछे दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 652/14(0.0106) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता देवेन्द्र शर्मा पिता/पति सुरेश शर्मा पता गवलीपारा दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09.01.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30.12.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00050 डुंडेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20242511215153

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00050 के अंतर्गत ग्राम डुंडेरा के वर्तमान भूमिस्वामी लक्ष्मीनारायण पिता/पति छन्नूलाल पता दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 989/1(0.0148) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता पूर्णिमा साहू पिता/पति घनश्याम प्रसाद साहू पता दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.02.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29.01.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

बजट के बहाने विधायक राजेश मूणत के तीखे सवाल

पत्रकारों पर लगे फर्जी केस का मामला सदन में गूंजा

कांग्रेस की सरकार में पत्रकारों को फर्जी केस में भेजा गया था जेल: मूणत

कई मुद्दों पर विपक्ष को घेरते हुए उनकी सरकार में हुए भ्रष्टाचार पर मांगा जवाब

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा सत्र के छठवें दिन मंगलवार को बजट पर चर्चा के दौरान रायपुर पश्चिम के भाजपा विधायक ने कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार में राजनीतिक द्वेषवश पत्रकारों पर लगाए गए फर्जी केसों को वापस लेने की प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग की। साथ ही राजेश मूणत ने बजट की तारिफ करते हुए कहा आज छत्तीसगढ़ महतारी का वो बेटा जिसने आईएएस बनकर और अब वित्त मंत्री के रूप में देश की सेवा कर रहा है। यह पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि आज छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहले ऐसे वित्त मंत्री हैं, जिन्होंने जनता की सभी आकांक्षाओं को पूरा करने वाले बजट को खुद लिखा। इसमें विकसित भारत के साथ-साथ विकसित छत्तीसगढ़ बनाने का लक्ष्य हैं। यह हस्तलिखित बजट कमिटमेंट वाला है, जिसे साय सरकार पूरा करेगी। इसी बीच चर्चा करते हुए मूणत ने अपने चुभते हुए एक तीखे वार से विपक्षी सदस्यों में हलचल पैदा कर दी। उन्होंने कहा कि आज बजट पर सवाल उठाने वाला विपक्ष बताए, पांच साल तक सिर्फ नरवा-गुरुवा और बाड़ी चिल्लाते रहे और उसमें भी घोटाला कर डाले। आज आधे जेल में तो आधे बेल पर हैं। जिस पर विपक्षी सदस्यों ने आपत्ति जताई तो मूणत ने कहा आपकी सरकार में नवा रायपुर में एक भी ईंट नहीं जोड़ी गई। जितने भी कार्य हुए हैं, वह बेमिसाल 15 साल रमन सरकार के दौरान हुए हैं। यहीं नहीं पूरे प्रदेश में एक-एक काम रमन सरकार के दौरान के हैं। बाकी कांग्रेसी बताएं उन्होंने वे कौन से काम किए हैं। सिर्फ घोटाले और भ्रष्टाचार ही करने में अव्वल रहे। इसलिए जनता ने विपक्ष में बैठा दिया हैं।

नए विधानसभा की लागत 21 प्रतिशत बढ़ गई

कहा, आप लोग घर बैठकर शासन-प्रशासन चलाते थे। कहा-कांग्रेस तो नया पार्लियामेंट भी न बनाने की बात कहती थी। यही हाल यहां भी नवा रायपुर में निर्माणाधीन नए विधानसभा भवन की लागत 21 प्रतिशत बढ़ गई है। इसके पीछे बड़ी वजह है कि कांग्रेस सरकार राशि ही नहीं जारी करती थी, जिसके चलते पूरा काम होने में लेटलतीफी हुई।

क्या आपकी सरकार सो रही थी: मूणत

इसी बीच विपक्षी बोले आपके सरकार में नान घोटाला हुआ था। जिस पर मूणत ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस की पांच साल सरकार थी, तो क्या आपकी सरकार सो रही थी। जांच करा लिए होते। इस तीखे वार से विपक्ष के सदस्य हो हल्ला करने लगे जिस पर डॉ. रमन सिंह ने शांत कराते हुए कहा कि बारी आएगी तो बोलिएगा।

पूर्व मेयर के कारनामों पर बरसे मूणत

राजेश मूणत फुलफार्म में दिखे वह बजट की चर्चा के दौरान बीच-बीच में विपक्ष पर वार करने से चूक नहीं रहे थे। उनके शब्दभेदी बाण विपक्ष को ऐसे चुभ रहे थे, जिससे वे तिलमिला उठ रहे थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार तो हर सरकारी काम को ऑनलाइन से ऑफ लाइन कर रही थी ताकि लूट खसोट कर सके। तभी विपक्षी सदस्य ने कहा मूणत जी स्काईवॉक पर क्या था। जिस पर मूणत ने कहा पांच साल कांग्रेस की सरकार बार-बार एसआईटी की जांच करा रही थी, लेकिन उसने क्लीनचिट दी की इसमें किसी प्रकार की अनियमितता नहीं हुई है। उन्होंने कहा, रायपुर के कांग्रेसी के पूर्व मेयर ने तो भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिए थे। पूर्व मेयर विदेश घुमने गए थे, उन्होंने उसे व्यक्तिगत दौरे को सरकारी बता कर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का प्रयास किया था। कहा कि मेट्रो दौड़ाएंगे, जबकि न सरकार ने भेजा था, न विभाग ने, ये कितना हास्यापद था, आज इनके भ्रष्टाचार और लूट के चलते रायपुर की जनता ने रायपुर नगर निगम में भाजपा के सुशासन पर मोहर लगाते हुए प्रचंड ही नहीं ऐतिहासिक जीत दी है।

डॉक्टर रमन सिंह ने कहा- वित्तमंत्री जी, चाय पीकर आइए

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अपने सरलता-सज्जनता और सौम्यता के लिए जाने जाते हैं। साथ ही सत्ता हो या विपक्ष सभी के प्रति एक अभिभावक के रूप में सदन अपनी भूमिका निभा रहे हैं। बजट चर्चा के दौरान वित्तमंत्री ओपी चौधरी काफी देर से बैठे हुए थे और विपक्ष की ओर से आ रहे सुझावों को भी अपनी डायरी में नोट कर रहे थे। उसके बाद लंबी चर्चा के दौरान डॉ. रमन सिंह ने कहा वित्त मंत्री जी आप चाय पीकर आ जाइए, बहुत लंबा बैठ गए हैं। जिस सभी सदस्य हंस पड़े। इससे पता चलता है कि कैसे माहौल को शांत किया जाता है।

जब ...बरसे सत्ता पक्ष के विधायक

धान खरीदी के मुद्दे पर कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने कहा, अधिकारी किसानों के घरों पर रिपोर्ट लेने जाते हैं, जैसे वे चोर हैं। आज 6 हजार किसान धान नहीं बेच पाए। इस पर सत्ता पक्ष के विधायक भड़क गए। वहीं राजेश मूणत ने स्पीकर से अनुरोध किया कि कृपया किसानों को चोर कहने के शब्द को सदन में विलोपित कर दिया जाए। कहा-उमेश पटेल किसानों को चोर होने का महसूस करवा रहें हैं, यह छत्तीसगढ़ के किसानों का अपमान है। मूणत ने कहा कि अभी पुरानी परतें उधेड़ेंगे तो बुरा लगेगा। जब कांग्रेस की सरकार में कैसे धान को केंद्रों में डूबाकर किसानों को फंसाया जा रहा था। ये किसी से छिपा नहीं है। तभी वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि अब बांय-बांय कर रहे हैं। बजट की चर्चा में बजट पर चर्चा करने वालों में दलेश्वर साहू, उमेश पटेल, अमर अग्रवाल रहे।

बात निकलेगी तो दूर तलक जाएगी

किसकी धार कुंद? सत्ता-विपक्ष की सियासी धमा-चौकड़ी

मधुकर दुबे

समीक्षात्मक रिपोर्ट

इस वक्त विधानसभा में बजट पर चर्चाएं चल रही हैं। मंगलवार को भी हुई और बुधवार तक जारी रहेगी। इसमें सत्ता और विपक्ष के सदस्य अपने-अपने विचार व्यक्त कर रहे हैं। एक लाख 65 हजार 100 करोड़ रुपए का बजट वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पेश किया है। जहां सत्ता पक्ष विकास की तीव्र गति वाला बता रहा है तो विपक्ष इसकी खामियों को गिनाने के साथ ही सुझाव भी दे रहा है। लेकिन पूरी चर्चा के दौरान जैसे ही विपक्ष बजट की आलोचनाएं करते-करते आरोप भी जड़ दे रहा है। जिस पर सत्ता पक्ष उनकी पूर्ववर्ती सरकारों के दौरान हुए भ्रष्टाचार और गड़बड़ियों के सवालों में घेर लेते हैं। यदकदा सत्ता पक्ष के फायरब्रांड बन चुके राजेश मूणत और अजय चंद्राकर सहित अन्य सदस्य विपक्ष की धार को कुंद करते नजर आ रहे हैं। वैसे भी छत्तीसगढ़ राज्य का पहला हस्तलिखित बजट का दस्तावेज एक समावेशी और विकासपरक है। लेकिन अगर विपक्ष उसमें क्या और बेहतर हो सकता है, इसका धर्म निभाता भी विपक्ष दिख रहा है। इस भूमिका में कांग्रेस विधायक उमेश पटेल, राघवेंद्र सिंह सहित कई सदस्य हैं। पर जनहित के मुद्दों को उठाते-उठाते उन्हें अपनी पूर्ववर्ती सरकार के पांच साल के कामकाज के सवालों से भी जूझना पड़ रहा है। सत्ता पक्ष के सदस्य कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार के दौरान हुए भ्रष्टाचार पर निशाना साधने लगते हैं।

ये दीगर है कि अभी सभी प्रकरण जांच की प्रक्रिया में है। लेकिन ये तो राजनीति का एक ज्वलंत पहलू भी है आरोप और प्रत्यारोप। जिन भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार बनी है, उसे अगले चुनाव तक जीवंत रखना। एक उदाहरण के तौर पर सेक्स सीडी कांड के जरिए कैसे कांग्रेस ने 2018 के विधानसभा के चुनाव में भाजपा के खिलाफ माहौल बनाया। सीबीआई कोर्ट में अब सात साल बाद सुनवाई शुरू हुई है। कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार ने स्कॉईवॉक की जांच एसआईटी से कराया लेकिन हर बार इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं होने का क्लीनचिट मिला। सवाल उठाता है कि 15 साल रमन सरकार के दौरान जितने काम हुए वह ही आज भी है, इस काम को आगे बढ़ाने में विष्णुदेव साय की सरकार जुटी हुई है। रही बात कांग्रेस के पूर्ववर्ती सरकार की तो पांच साल में सिर्फ धान के समर्थन मूल्य और नरवा-गुरूवा-बाड़ी को छोड़ दिया जाए तो कोई भी अधोसरंचना जैसे बड़े काम प्रदेश में नहीं हुए, बल्कि रमन सरकार के दौरान हुए कामों की खस्ताहाल किसी से छुपा नहीं है। यही वो सबसे बड़ी वजह थी कि भाजपा की प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनी। इसके पीछे कारण था, कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार का था, जहां कोयला लेवी ही नहीं तमाम काम को ऑनलाइन से ऑफलाइन कर दिया गया था, बाद में घोटाले और भ्रष्टाचार की लंबी फेहरिस्त निकलकर सामने आई। सवाल उठता है कि कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार के दौरान शुरू हुई गुटबाजी आज तक नहीं रूकी। यही कारण है कि है कांग्रेस के विधायक विधानसभा में एक मजबूत विपक्ष की भूमिका कहां तक निभा पाते हैं, ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा ये तो सच है कि बिना विपक्ष के अंकुश और स्वस्थ्य आलोचनाएं ही लोकतंत्र की खूबसूरती है।

बजट की ब्रांडिंग के लिए ओपी चौधरी का भाजपा प्रवक्ताओं को गुरु मंत्र

■ वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने वर्ष 2025-2026 के लिए प्रस्तुत बजट के प्रमुख प्रावधानों और घोषणाओं पर पार्टी के प्रदेश प्रवक्ताओं व पैनलिस्ट्स के साथ विस्तार से चर्चा की

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने सोमवार को विधानसभा में वर्ष 2025-2026 के लिए प्रस्तुत बजट के प्रमुख प्रावधानों और घोषणाओं पर पार्टी के प्रदेश प्रवक्ताओं व पैनलिस्ट्स के साथ विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि पिछले वर्ष के बजट पर हमारा फोकस तड्ढ्ढह (गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी) पर था, जबकि इस बार बजट की थीम व्रञ्जढ्ढ (गुड गवर्नेंस, एक्सेलरेटिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर, टेक्नॉलॉजी और इण्डस्ट्रियल ग्रोथ) पर केंद्रित है। 'गति' के जरिए ही प्रदेश सरकार 'ज्ञान' के लिए लक्ष्य को अर्जित करेगी।

प्रदेश के वित्त मंत्री श्री चौधरी ने मंगलवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में प्रवक्ताओं से चर्चा के दौरान बताया कि बजट की थीम 'गति' के लिए घोषित 10 नई योजनाएँ मुख्यमंत्री परिवहन योजना, मोबाइल टॉवर योजना, नवोत्थान योजना, रिंगरोड योजना, गृहप्रवेश सम्मान योजना, गवर्नेंस फेलोशिप, सियान केयर योजना, सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, अटल सिंचाई योजना और एसएसआईपी का कार्यान्वयन विकसित छत्तीसगढ़ के हमारे संकल्प को दृढ़ता प्रदान करेगी। श्री चौधरी ने बजट में की गई बड़ी घोषणाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुराने केस में 25 हजार रु. से कम वैट वालों को माफी दी गई है। इसी प्रकार 15 हजार रु. मासिक आय वाले अब प्रधानमंत्री आवास के लिए पात्र होंगे। सम्पत्ति खरीदी पर स्टाम्प फीस का 12 प्रतिशत सेस खत्म किया जाएगा। राजधानी में निफ्ट खुलेगा। रायपुर-दुर्ग के बीच मेट्रो के लिए सर्वे को मंजूरी दी गई है। पेट्रोल पर लगने वाले वैट में 1 रुपए की छूट भी एक अप्रैल से दी जाएगी।

प्रदेश के वित्त मंत्री श्री चौधरी ने भाजपा सहमीडिया प्रभारी अनुराग अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ताओं व पैनलिस्ट्स की जिज्ञासा और सवालों के परिप्रेक्ष्य में कहा कि बजट में किए गए प्रावधानों से प्रदेश के हर वर्ग को सहूलियत मिलेगी। यह बजट प्रदेश के कारोबारियों, किसानों, महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों, कर्मचारियों के कल्याण और आगे बढ़ने के अवसरों के द्वार खोलने जा रहा है। इस बजट में शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी फोकस किया गया है जिससे प्रदेश सरकार का संवेदनक्षम दृष्टिकोण परिलक्षित हो रहा है। श्री चौधरी ने कहा कि यह बजट प्रदेश सरकार की आधारभूत संरचना के कार्यों के प्रति संजीदगी को भी प्रदर्शित करता है। सुशासन के संकल्प को तकनीक के सहारे धरातल पर साकार किया जाएगा। श्री चौधरी ने प्रवक्ताओं व पैनलिस्ट्स से बजट प्रस्ताव की सभी योजनाओं व घोषणाओं के हर बिंदु को आम जन तक ले जाने की अपील की।

मीडिया विभाग ने अपने वित्त मंत्री का जनहित हेतु शानदार बजट प्रस्तुत करने के लिए शाल, श्रीफल, मोमेंटो से सम्मान किया

इस अवसर पर प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा, केदारनाथ गुप्ता, नलिनीश ठोकने, अमित साहू, राजीव चक्रवर्ती, अमरजीत सिंह छाबड़ा, प्रवीण साहू, रविंद्र सिंह, बृजेश पांडे, रायपुर शहर जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, मीडिया पैनलिस्ट डॉ. किरण बघेल, निशिकांत पांडे, सुनील चौधरी, वासु, हेमंत पाणिग्रही, उज्जवल दीपक, रायपुर शहर जिला उपाध्यक्ष अकबर अली उपस्थित थे।

कटेकल्याण में सीपीआई ने मारी बाजी, आरंग जनपद में मात्र टाकेश्वरी मुरली साहू ने अध्यक्ष के लिए नामांकन भरा

बलौदाबाजार, तखतपुर, दंतेवाड़ा और गीदम जनपद पंचायत में भाजपा का कब्जा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद जनपद पंचायत में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्वाचन जारी है। फिंगेश्वर, बलौदाबाजार और तखतपुर जनपद पंचायत में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों ने अध्यक्ष पद पर निर्विरोध जीत दर्ज की है। जीत के बाद भाजपा समर्थकों में जश्न का माहौल है। गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर जनपद पंचायत में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी इंद्राणी साहू निर्विरोध अध्यक्ष बनी. जनपद पंचायत फिंगेश्वर में जीत के बाद बीजेपी समर्थकों में खुशी की लहर है। इन्द्राणी साहू पूर्व में भी सरपंच पद मे रह चुकी है।

बलौदाबाजार में भी भाजपा का कब्जा

भारतीय जनता पार्टी की बलौदाबाजार जनपद पंचायत में भी जीत हुई है। सुलोचना यादव निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हो गई हैं. वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए वरिष्ठ पदाधिकारी से चर्चा जारी है।

इन जनपद के साथ ही दंतेवाड़ा में सुनीता भास्कर और गीदम जनपद पंचायत में भारतीय जनता पार्टी समर्थित शकुंतला भास्कर की निर्विरोध जीत दर्ज हुई है. वहीं कटेकल्याण जनपद में सीपीआई के प्रत्याशी ने जनपद अध्यक्ष पद का चुनाव जीत लिया है।

जनपद पंचायत लोरमी में एकबार फिर भाजपा ने कब्जा किया है. लोरमी से वर्षा विक्रम सिंह दूसरी बार निर्विरोध जनपद अध्यक्ष बनी. वहीं राजेन्द्र साहू उपाध्यक्ष चुने गए हैं। जनपद पंचायत में लगातार दूसरी जीत से भाजपा समर्थकों में उत्साह का माहौल है।

जनपद पंचायत आरंग में भी भाजपा समर्थित टाकेश्वरी मुरली साहू निर्विरोध अध्यक्ष बनी। 25 जनपद सदस्य वाले आरंग जनपद में मात्र टाकेश्वरी मुरली साहू ने अध्यक्ष के लिए नामांकन भरा था। क्षेत्र क्रमांक 2 से टाकेश्वरी मुरली साहू नवनिर्वाचित जनपद सदस्य है।

अंबिकापुर में हरविंदर सिंह टिन्नी निर्विरोध बनी

सभापति: नगर निगम अंबिकापुर में हरविंदर सिंह टिन्नी में सभापति पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित हो गई।

कांग्रेस ने अपना कोई उम्मीदवार सभापति पद के लिए नहीं उतारा था। हरमिंदर सिंह टिन्नी महावीर वार्ड के पार्षद है. इसके साथ ही अपील समिति के 4 सदस्यों का भी निर्विरोध निर्वाचन हुआ। भाजपा पक्ष से सुषमा गुप्ता और विकास पांडेय तथा कांग्रेस से पपिनन्दर सिंह रवि एवं गीता प्रजापति को अपील समिति का सदस्य बनाया गया है।

तखतपुर में डॉ. माधवी वस्त्रकार की जीत

तखतपुर जनपद पंचायत में आज अध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया पूरी हुई. जनपद अध्यक्ष पद पर डॉ.माधवी वस्त्रकार निर्विरोध निर्वाचित हुई. सभी सदस्यों ने भाजपा के डॉ. माधवी वस्त्रकार को दिया अपना समर्थन. कांग्रेस से किसी ने दावेदारी पेश नहीं की थी. जनपद उपाध्यक्ष पद के लिए प्रक्रिया चल रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com